# हरिभूमि

छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी

haribhoomi.com

बिलासपुर, मंगलवार 2 अप्रैल 2024


## ये है शराब की नई दरें (मात्रा 750 एमएल)

| | |
|---|---|
| जॉनीवाकर विहस्की | 24550 |
| द सिंगलटोन सिंगल माल्ट स्कॉच विहस्की | 15060 |
| जॉनीवाकर गोल्ड | 7260 |
| माया पिस्टोला | 1730 |
| जैसलमेर क्राफ्ट इंडियन | 4020 |
| ब्लैक डॉग ट्रिपल गोल्ड | 2840 |
| एम्पायर माल्ट विहस्की | 680 |
| एरिस्ट्रोकेट | 680 |
| पार्टी स्पेशल | 680 |
| ऑफिसर्स च्वाइस ब्लू | 860 |
| बैगपाइपर डीलक्स | 840 |
| ब्लूमून वोदका | 840 |
| 8 पीएम | 800 |
| मैक्डोनाल्ड | 840 |
| रायल व्हील | 1000 |
| वाइट मिसचीफ वोदका | 960 |
| ओल्डमंक रम | 1000 |
| 8 पीएम प्रीमियम ब्लैक | 1040 |
| रायल चैलेंज | 1040 |
| ओक स्मिथ विहस्की | 1160 |
| सिमरन ऑफ वोदका | 1200 |
| रायल प्राइड | 1360 |
| सिग्नेचर प्रीमियम | 1360 |
| बुला रेड वाइन | 1620 |
| वैट 69 | 2000 |
| बीयर 650 एमएल | 220 |
| बीयर कैन 500 एमल | 160-170 |
| बडवाइजर किंग | 250 |
| किंगफिशर | 250 |

# रायफल, पिस्टल, शायरी के नाम से भी बोतलें, सबसे महंगी जॉनीवाकर 24500 की

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर

खास खबर

छत्तीसगढ़ में 1 अप्रैल से शराब की नई कीमतें लागू होने के साथ ही सरकार के आबकारी विभाग ने अब अंग्रेजी शराब की नई कीमतें जारी कर दी हैं। खास बात ये है कि शराब के कई ब्रांड बड़े दिलचस्प नाम वाले हैं। इनमें रायफल, पिस्टल, शायरी से लेकर कारगिल और पेंटॉगन भी शामिल है। महंगी शराब पीने के शौकीनों को जॉनी वाकर ब्लू लेबल ब्लैंडेड स्कॉच विहस्की की 750 एमल की बोतल 24 हजार 550 रुपए में मिलेगी। अलग-अलग कंपनियों की बोतल, अद्धी और पाव की नई कीमतें भी सामने आ गई हैं।









### 40 से लेकर 120 रुपए टैक्स

छत्तीसगढ़ में राज्य सरकार ने इस नए वित्तीय वर्ष से अधोसंरचना विकास शुल्क लागू किया है। अंग्रेजी शराब की 750 एमएल की बोतल पर 120 रुपए, अद्धी पर 80 और पाव पर 40 रुपए तक शुल्क लगेगा। जानकारों का कहना है कि यह शुल्क लागू होने के बाद कीमतों में मामूली वृद्धि हुई है। यानी पीने के शौकीनों की जेब पर थोड़ा असर पड़ेगा। यही नहीं, राज्य में कई प्रमुख शराब निर्माता कंपनियों के लोकप्रिय ब्रांड उपलब्ध हैं।

### अजीबोगरीब नाम की शराब

छत्तीसगढ़ में देश की प्रमुख शराब निर्माता कंपनियों की सैकड़ों ब्रांड की शराब उपलब्ध होगी। शराब के कई ब्रांड के नाम दिलचस्प हैं। इनमें रायफल, पिस्टल, शायरी, फोरलैंड, वन शॉट, रेड पियानो, जम्मू, सिंडीकेट, सोल्जर, एडवेंचर, कारगिल, ब्लू रशियन, बिगबुल, डिप्लोमैट, नो लिमिट, मोजा, चार्ली, लंदन रिजर्व, पेंटागन, बुल्फ स्ट्रॉग जैसे नाम शामिल हैं।









### INDIAN PREMIER LEAGUE 2024 स्कोर बोर्ड

मुंबई 125/9 Vs राजस्थान 127/4

6 विकेट जीती रॉयल्स

3 विकेट : ट्रेंट बोल्ट
प्लेयर ऑफ द मैच

आज का मैच

बेंगलोर Vs लखनऊ

समय : शाम 7.30 बजे

## खबर संक्षेप

### मार्च में जीएसटी संग्रह 1.78 लाख करोड़

**नई दिल्ली।** वित्त मंत्रालय ने सोमवार को कहा कि घरेलू बिक्री बढ़ने से मार्च के महीने में जीएसटी संग्रह 11.5 प्रतिशत बढ़कर 1.78 लाख करोड़ रुपए हो गया। वित्त वर्ष (अप्रैल 2023-मार्च 2024) में कुल जीएसटी संग्रह 20.18 लाख करोड़ रुपये रहा। जो एक साल पहले की तुलना में 11.7 प्रतिशत अधिक है। 11.5 प्रतिशत की वृद्धि के साथ 1.78 लाख करोड़ रुपए के दूसरे उच्चतम स्तर पर रहा।

### कॉमर्शियल गैस सिलेंडर 32 रुपए तक सस्ता

**नई दिल्ली।** ऑयल मार्केटिंग कंपनियों ने 19 किलो वाले कॉमर्शियल सिलेंडर के दाम 32 रुपए तक घट गए हैं। दिल्ली में दाम अब 30.50 रुपए घटकर 1764.50 रुपए हो गए हैं। पहले ये 1795 रुपए में मिल रहा था।

### मौसम विभाग ने जारी किया पूर्वानुमान, हालात रहेंगे चिंताजनक, सतर्कता जरूरी

# हाय गर्मी! छग समेत कई राज्यों में तीन माह कहर ढाएगी, 20 दिन चलेगी लू

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नई दिल्ली

मौसम विभाग ने सोमवार को कहा कि भारत में अप्रैल से जून तक की अवधि के दौरान अत्यधिक गर्मी पड़ेगी और इसका मध्य एवं पश्चिमी प्रायद्वीपीय भागों पर सबसे बुरा प्रभाव पड़ने का अनुमान है। आईएमडी के महानिदेशक ने कहा कि गुजरात, मध्य महाराष्ट्र, उत्तरी कर्नाटक, राजस्थान, मध्य प्रदेश, ओडिशा, उत्तरी छत्तीसगढ़ और आंध्र प्रदेश में गर्मी का सबसे बुरा असर पड़ सकता है। उन्होंने कहा कि अप्रैल में देश के ज्यादातर हिस्सों में अधिकतम तापमान सामान्य से अधिक रहने तथा मध्य दक्षिण भारत में इसकी ज्यादा संभावना है।

भारत मौसम विज्ञान विभाग का यह अनुमान ऐसे समय आया है जब देश सात चरणों में होने वाले आम चुनाव की तैयारी कर रहा है। आईएमडी के महानिदेशक मृत्युंजय महापात्र ने कहा कि अप्रैल-जून की अवधि के दौरान देश के अधिकतर हिस्सों में अधिकतम तापमान सामान्य से अधिक रहने तथा मध्य और पश्चिमी प्रायद्वीपीय भारत में इसका सबसे बुरा असर पड़ने का अनुमान है। उन्होंने कहा कि पश्चिमी हिमालय क्षेत्र, ▶▶ शेष पेज 7 पर

- मध्य, पश्चिमी भागों पर सबसे बुरे प्रभाव की आशंका
- चार के बजाय दस से 20 दिन तक लू चलने का अनुमान

*अगले तीन महीने भीषण गर्मी के हैं। आईएमडी ने सोमवार को अप्रैल से जून तक छत्तीसगढ़ समेत देश के कई राज्यों में भीषण गर्मी के साथ लू चलने का अनुमान जताया है। चार से आठ दिन के बजाय इस बार 10 से 20 दिनों तक हीटवेव का भी अलर्ट जारी किया है। मौसम विभाग ने यह भी कहा कि सभी को गर्मी से बचाव के लिए एहतियाती कदम उठाने की आवश्यकता है।*



### कई हिस्सों में होगी भीषण गर्मी

मौसम विभाग के अनुसार, गुजरात, महाराष्ट्र, उत्तरी कर्नाटक, ओडिशा, पश्चिमी मध्य प्रदेश और आंध्र प्रदेश में अप्रैल में लू का सबसे बुरा असर होने का अनुमान है। आईएमडी ने यह भी कहा कि मध्य प्रदेश को छोड़कर गेहूं उत्पादक राज्यों में सात अप्रैल तक लू की कोई चेतावनी नहीं है। भारत में लोकसभा चुनाव 19 अप्रैल से एक जून के बीच सात चरणों में होगा।

### बढ़ जाएंगे लू वाले दिन

मौसम विभाग के अनुसार, अप्रैल में मध्य भारत के कई इलाकों और उत्तरी मैदानी इलाकों तथा दक्षिण भारत के आसपास के क्षेत्रों में सामान्य से अधिक लू वाले दिन रहने की संभावना है। इसने कहा कि मध्य भारत और उत्तरी मैदानी इलाकों तथा दक्षिण भारत में अप्रैल में सामान्य लू दिवसों के विपरीत अधिक दिन तक लू चलने का अनुमान है।

### गरीबों पर पड़ेगा ज्यादा असर

मौसम विभाग ने कहा कि देश में पड़ने वाली भीषण गर्मी का सबसे ज्यादा कहर गरीबों पर पड़ेगा। गर्मी की लहर के दौरान अधिक समय तक अत्यधिक तापमान के कारण कई स्वास्थ्य खतरे हो सकते हैं, विशेषकर बुजुर्गों, बच्चों और पहले से बीमार लोगों को। आईएमडी ने कहा कि इस गर्मी से निपटने के लिए प्रशासन को सक्रिय होकर कदम उठाने होंगे।

### इन राज्यों में मौसम का अलर्ट

**कर्नाटक**
अप्रैल, मई में सामान्य से ज्यादा तापमान रहेगा। स्वास्थ्य मंत्री ने जरूरी स्वास्थ्य सुविधाएं दुरुस्त रखने के निर्देश दिए।

**केरल**
आपदा प्रबंधन प्राधिकरण ने 30 मार्च तक 11 जिलों में सामान्य से अधिक तापमान का यलो अलर्ट जारी किया है।

**तमिलनाडु**
मैदानी इलाकों में तापमान 37 डिग्री से 39 डिग्री के बीच रहने का अनुमान।

**राजस्थान**
दक्षिण-पश्चिमी और दक्षिण पूर्वी राजस्थान के कुछ हिस्सों में सामान्य से तीन डिग्री अधिक रहने का अनुमान।

# घोषणा पत्र पर मंथन केंद्र में रहा 'विकसित भारत' का एजेंडा





हरिभूमि न्यूज ▶▶ नई दिल्ली

भारतीय जनता पार्टी की सोमवार को चुनाव घोषणापत्र समिति की पहली बैठक हुई जिसके केंद्र में सरकार के 'विकसित भारत' का एजेंडा और उसकी रूपरेखा रही। आगामी लोकसभा चुनाव में पार्टी के प्रमुख वादों पर चर्चा करने के लिए आठ केंद्रीय मंत्रियों और तीन मुख्यमंत्रियों ने पार्टी के अन्य नेताओं के साथ बैठक की। बैठक की अध्यक्षता रक्षा मंत्री और भाजपा के पूर्व अध्यक्ष राजनाथ सिंह ने की। बैठक में मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय समेत चार राज्यों के सीएम मौजूद रहे। बैठक के ▶▶ शेष पेज 7 पर

- राजनाथ की अध्यक्षता में बैठक सीएम विष्णुदेव भी हुए शामिल

### पहले चरण के मतदान से पहले घोषणा पत्र

सूत्रों के मुताबिक, 19 अप्रैल को पहले चरण के मतदान से पहले पार्टी अपना घोषणा पत्र जारी कर सकती है। कई दशकों में यह पहली बार है कि भाजपा के कुछ प्रमुख वैचारिक वादों का अपने चुनावी घोषणापत्र में उल्लेख नहीं होगा। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व वाली सरकार द्वारा अपने दूसरे कार्यकाल में अनुच्छेद 370 को निरस्त करने और राम मंदिर के निर्माण के साथ दो प्रमुख वैचारिक वादे पूरे किए जा चुके हैं। कुछ राज्यों में भाजपा की सरकारें समान नागरिक संहिता को लागू करने के लिए भी काम कर रही हैं।

### 3.75 लाख से अधिक सुझाव

केंद्रीय मंत्री पीयूष गोयल ने कहा कि पार्टी को अपनी मिस्ड कॉल सेवा के माध्यम से 3.75 लाख से अधिक सुझाव मिले हैं। उन्होंने कहा, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के ऐप (नमो) पर लगभग 1.70 लाख सुझाव मिले हैं। उन्होंने कहा, बैठक में 2047 तक विकसित भारत के खाके पर चर्चा की गई। हमारे घोषणापत्र में लोगों की उत्साहपूर्ण भागीदारी प्रधानमंत्री में उनके भरोसे और उनसे उनकी अपेक्षाओं को दर्शाती है।

### शराब घोटाला मामले में हाईकोर्ट से राहत

# पूर्व आईएएस टुटेजा पर नहीं होगी दंडात्मक कार्रवाई

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बिलासपुर

छत्तीसगढ़ हाईकोर्ट ने पूर्व आईएएस अनिल टुटेजा और उनके बेटे यश टुटेजा को बड़ी राहत दी है। अदालत ने दोनों के खिलाफ शराब घोटाला मामले में एसीबी-ईओडब्लू को कोई भी दंडात्मक कार्रवाई नहीं करने कहा है। ज्ञात हो कि दोनों के खिलाफ जांच एजेंसी ने शराब घोटाला मामले में एफआईआर दर्ज की है।

सोमवार को टुटेजा की याचिका पर जस्टिस एन के चन्द्रवंशी की एकल बेंच में ▶▶ शेष पेज 7 पर



### नो कोरेसिव एक्शन का ऑर्डर

गौरतलब है कि अनिल टुटेजा को सुप्रीम कोर्ट से आबकारी के मामले और नोएडा एफआईआर मामले में नो कोरेसिव एक्शन का ऑर्डर पूर्व में मिल चुका है। इसका मतलब अभी उन पर कोई कार्रवाई नहीं की जा सकती है।

# आदि कैलाश, ओम पर्वत के लिए हेलीकॉप्टर




- **02** घंटे का होगा एक ट्रिप
- **40** हजार प्रति व्यक्ति
- **16** यात्रियों ने की यात्रा

**पिथौरागढ़।** उत्तराखंड के पिथौरागढ़ जिले में स्थित प्रसिद्ध धार्मिक पर्यटक स्थलों आदि कैलाश तथा ओमपर्वत के लिए सोमवार को हेलीकॉप्टर सेवा शुरू हो गई। अधिकारियों ने यहां बताया कि इस हेलीकॉप्टर सेवा की शुरुआत पिथौरागढ़ के संयुक्त मजिस्ट्रेट आशीष मिश्रा ने नैनी सैणी हवाई अडडे से की। उन्होंने बताया कि उत्तराखंड सरकार की हेली दर्शन योजना के तहत एमआई-17 हेलीकॉप्टर श्रद्धालुओं को हवाई अडडे से व्यास घाटी क्षेत्र में आदि कैलाश और ओम पर्वत तक ले जाएगा। चोटियों के उपर कुछ देर चक्कर लगाने के बाद वापस हवाई अड्डे पहुंचाएगा।

### सुप्रीम कोर्ट ने दी राहत

# 3500 करोड़ रुपए को लेकर अभी नहीं होगी कोई कार्रवाई

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नई दिल्ली

आयकर विभाग ने सोमवार को उच्चतम न्यायालय में कहा कि वह करीब 3,500 करोड़ रुपए के कर मांग नोटिस के संबंध में लोकसभा चुनावों के मद्देनजर कांग्रेस के खिलाफ कोई दंडात्मक कार्रवाई नहीं करेगा। न्यायमूर्ति बी वी नागरत्ना और न्यायमूर्ति ऑगस्टिन जॉर्ज मसीह की पीठ ने आयकर विभाग का प्रतिनिधित्व कर रहे सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता का यह बयान दर्ज ▶▶ शेष पेज 7 पर



### कुल 3,567 करोड़ की डिमांड

कांग्रेस ने रविवार को कहा था कि उसे आयकर विभाग से एक बार फिर नया नोटिस मिला, जिसके जरिये आकलन वर्ष 2014-15 से 2016-17 तक के लिए 1,745 करोड़ रुपए के कर की मांग की गई है। आयकर विभाग द्वारा कांग्रेस से अब तक कुल 3,567 करोड़ रुपये के कर की मांग की जा चुकी है।

### कैंसर के दौरान सिम्स में हुआ सफल इलाज

# देश का तीसरा मामला, युवक के शरीर पर 26 साल से दो जननांग

### सिम्स के कैंसर सेंटर में की गई सफल सर्जरी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बिलासपुर

दो जननांग वाले युवक के कैंसर का इलाज करने में सिम्स के डाक्टरों ने सफलता हासिल की है। युवक के पेट के अंदर की ओर फीमेल पार्ट भी मौजूद था। निजी अस्पताल में इलाज कराकर थक चुके युवक ने 8 माह पहले ही सिम्स के डाक्टरों से संपर्क किया। इलाज के दौरान डाक्टरों को युवक के शरीर में दो जननांग होने का पता चला, जिसमें फीमेल पार्ट में कैंसर के लक्षण भी दिखाई दिए। कीमो थैरेपी की मदद से कैंसर का इलाज कर दिया गया है, लेकिन युवक के शरीर में दो जननांग अब भी मौजूद ▶▶ शेष पेज 7 पर



### रिपोर्ट के बाद डॉक्टर हो गए हैरान

शुरुआती जांच के बाद युवक के कैंसर पीड़ित होने की आशंका हुई। लिहाजा, उसका सीटी स्केन और एमआरआई कराई गई, वहीं बायोप्सी जांच के लिए भेजा गया। जिसमें उसके महिला जननांग, यूट्रर्स जानकारी मिली। इस तरह के मामले को मेडिकल भाषा में डीएसडी यानी डिसऑर्डर ऑफ सेक्सुअल डेवलपमेंट कहा जाता है। वहीं उसमें एक दुर्लभ प्रकार का कैंसर भी पाया गया है।

### रेयर केस में बन जाते हैं एक जैसे हार्मोन

डॉ. चंद्रहास ध्रुव ने बताया कि इंटरसेक्स को मेडिकल भाषा में डीएसडी यानी डिसऑर्डर ऑफ सेक्सुअल डेवलपमेंट कहा जाता है। जब कोई लड़का होता है तो उसमें एक्सवाई और लड़की में एक्स एक्स क्रोमोजोम होते हैं। एक्स वाई टेस्टिकल्स बनाते हैं जो पुरुषों में प्रजनन अंगों को बनाते हैं। इससे पुरुषों की प्रजनन क्षमता बनती है, इसलिए कहा जाता है कि अगर ▶▶ शेष पेज 7 पर

### नागर विमानन सुरक्षा ब्यूरो ने जारी की नई गाइडलाइन

# उड़ान में हुई देर तो विमान से अब बाहर निकल सकेंगे यात्री

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नई दिल्ली

विमानन सुरक्षा निगरानी संस्था बीसीएएस ने नए दिशानिर्देश जारी किए हैं, जिनमें विमान में सवार होने के बाद उड़ान की रवानगी में लंबा विलंब होने पर यात्रियों को हवाई अड्डे के प्रस्थान द्वार के जरिये बाहर निकलने की अनुमति दी गई है। नागर विमानन सुरक्षा ब्यूरो (बीसीएएस) का नवीनतम निर्देश हवाई अड्डों पर बढ़ती भीड़ और उड़ान में देरी के बढ़ते मामलों की पृष्ठभूमि में आया है। कई बार यात्री विमान में सवार होने के बाद भी लंबे समय तक फंस जाते हैं। बीसीएएस के ▶▶ शेष पेज 7 पर

### हवाई अड्डों पर स्मार्ट सुरक्षा लेन

बीसीएएस के महानिदेशक जुल्फिकार ने कहा कि हवाई अड्डों पर भीड़ 'अवांछनीय' है और बीसीएएस ने इस मुद्दे से निपटने के लिए अभीष्ट मानक और साधन विकसित किए हैं। इस क्रम में हवाई अड्डों पर स्मार्ट सुरक्षा लेन भी स्थापित की जाएगी। देश में घरेलू हवाई यातायात तेजी से बढ़ रहा है और हर दिन लगभग 3,500 उड़ानें संचालित की जाती हैं। बढ़ते हवाई यातायात के बीच हवाई अड्डों पर भीड़ से निपटने के लिए बीसीएएस और अन्य अधिकारियों ने कई कदम उठाए हैं।



### कब से है लागू

नागर विमानन सुरक्षा ब्यूरो (बीसीएएस) के महानिदेशक जुल्फिकार हसन ने कहा कि नए दिशानिर्देश 30 मार्च को एयरलाइन कंपनियों और हवाई अड्डा संचालकों को जारी किए गए थे और अब ये लागू हो चुके हैं। उन्होंने कहा कि ये दिशानिर्देश यात्रियों का कम उत्पीड़न सुनिश्चित करने में मदद करेंगे और उन्हें विमान में सवार होने के बाद लंबे समय तक बैठे नहीं रहना पड़ेगा।

### यात्रियों को होती थी दिक्कत

नागर विमानन सुरक्षा ब्यूरो का निर्देश हवाईअड्डों पर बढ़ती भीड़ और उड़ान में देरी के बढ़ते मामलों को देखते हुए आया है। कई बार यात्री विमान में सवार होने के बाद भी लंबे समय तक फंस जाते हैं। हालांकि, नए नियम के बाद अब उड़ान में लंबी देरी होने और अन्य आपात स्थिति के मामले में यात्रियों को संबंधित हवाई अड्डे के प्रस्थान द्वार से बाहर निकलने की अनुमति दी जाएगी। यात्रियों को विमान से उतारने का निर्णय संबंधित एयरलाइंस और सुरक्षा एजेंसियों द्वारा लिया जाएगा।

# पुरानी जांच मशीन और टूटे-फूटे पलंग के भरोसे चल रहा मरीजों का उपचार

**प्रस्ताव लंबित, कंडम होने पर किस्तों में करना पड़ रहा बदलाव | ज्यादातर वार्डों के बेड हो चुके पुराने, जंग लगने के साथ टूट रहे**

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

राज्य के सबसे बड़े शासकीय अस्पताल में मरीजों का इलाज पुरानी जांच मशीनों और टूटे-फूटे पलंग के भरोसे हो गया है। लगातार उपयोग के बाद पुराने हो चुके इन संसाधनों को बदलने के लिए भेजे गए प्रस्ताव के लंबित होने की वजह से कंडम हो चुके बेड का बदलाव किस्तों में करना पड़ रहा है। ज्यादातर विभागों के वार्डों में बेड बेकार हो चुके हैं और जंग लगने की वजह से टूटने की कगार पर आ गए हैं।

लगातार उपयोग की वजह से आंबेडकर अस्पताल में आने वाले मरीजों की जांच के लिए उपयोग की जाने वाली विभिन्न तरह की मशीनें पुरानी होने की वजह से कभी भी साथ छोड़ देती है। इसी तरह मरीजों को उपचार के दौरान सुविधा देने वाले संसाधन भी काफी पुराने हो चुके हैं, जिनमें वार्डों में रखे पलंग भी शामिल हैं। अधिकतर वार्डों में रखे गए गए पलंग पुराने होने की वजह से काफी जर्जर हो चुके हैं और कई तो जंग लगने की वजह से टूटने की कगार पर आने लगे हैं। इन पुराने और टूटे-फूटे पलंग के भरोसे मरीजों का इलाज जोखिम का कारण भी बन सकता है। इन्हें बदलने की आवश्यकता है, मगर शासन स्तर पर प्रस्ताव को लंबित किए जाने की वजह से इन टूटे-फूटे पलंग पर भी मरीज को भर्ती कर इलाज करना अस्पताल प्रबंधन की मजबूरी बन चुकी है। अस्पताल सूत्रों का कहना है कि कई बार स्थानीय स्तर पर विभिन्न संस्थाओं से मिलने वाली मदद के माध्यम से संसाधनों में बदलाव का प्रयास किया जाता है। नए बेड की व्यवस्था होने पर कंडम हो चुके पलंग को रिप्लेस कर काम चलाया जाता है।




### सहमति मिलने पर बदलाव

पुराने हो चुके संसाधनों में बदलाव के लिए प्रस्ताव बनाकर भेजा गया है। शासन से इसकी स्वीकृति मिलते ही बदलाव किया जाएगा।

- **डॉ. एसबीएस नेताम,** चिकित्सा अधीक्षक, आंबेडकर अस्पताल

### ◆ बाहर निकाले गए जंग लगे पलंग

सूत्रों के अनुसार मरीजों की सर्वाधिक गहमा-गहमी रहने वाले एक वार्ड में हाल ही में जर्जर हो चुके पलंग को हटाकर वहां नए इंतजाम किए गए हैं। वार्ड के बाहर किसी कबाड़ की शक्ल में रखे गए पुराने पलंग अस्पताल की बेबसी को बयान कर रहे हैं। ज्यादातर जंग लगने की वजह से खराब हो चुके हैं, तो कइयों में लगी लोहे की चादर फटकर बाहर निकल चुकी है। संबंधित विभाग के पचास प्रतिशत बेड को इसके माध्यम से बदला गया है।

### ◆ स्ट्रेचर, व्हील चेयर का इंतजाम

अस्पताल प्रबंधन द्वारा काफी कोशिशों के बाद मरीजों द्वारा उपयोग किए जाने वाले स्ट्रेचर और व्हील चेयर का बदलाव किया गया है। साथ ही कुछ समय पहले अस्पताल के एक विभाग को एक संस्था ने अपने फंड से करोड़ों रुपए की मशीन उपलब्ध कराई थी। अस्पताल सूत्रों का कहना है कि इसी तरह के फंड से आने वाले दिनों में कुछ आवश्यक जांच मशीनें भी मिलने की संभावना बन रही है, जो मरीजों को सुविधा प्रदान करेगी।

## खबर संक्षेप



### कांग्रेस ने किया महालक्ष्मी नारी न्याय गारंटी का पंजीयन फार्म वितरित

**रायपुर।** कांग्रेस ने अपने घोषणापत्र में पांच गारंटी दी है। महिलाओं के लिए महालक्ष्मी नारी न्याय गारंटी की घोषणा की है। रायपुर लोकसभा प्रत्याशी विकास उपाध्याय ने रायपुर शहर के अंतर्गत आने वाले चारों विधानसभा में महालक्ष्मी नारी न्याय गारंटी का पंजीयन फॉर्म भरने की शुरुआत की थी। फॉर्म भरने को लेकर महिलाओं में काफी उत्सुकता है, जिसे देखते हुए सोमवार को रायपुर शहर के सभी 70 वार्डों में अधिक मात्रा में इस पंजीयन फॉर्म को वितरित किया गया।
पार्षद, ब्लॉक अध्यक्ष, छाया पार्षद, वार्ड अध्यक्ष सहित स्थानीय नेताओं को फॉर्म भरवाने की जवाबदारी दी गई है। संगठन के माध्यम से वार्डों में जगह-जगह पर फार्म भरवाए जा रहे हैं। रायपुर लोकसभा प्रत्याशी विकास उपाध्याय ने कहा, देश में बढ़ती हुई महंगाई से महिलाएं काफी परेशान हैं। उनकी समस्या को ध्यान में रखते हुए कांग्रेस पार्टी ने महालक्ष्मी नारी न्याय गारंटी की घोषणा की है। योजना के तहत कांग्रेस की सरकार बनते ही गरीब महिलाओं को 8333 प्रतिमाह दिया जाएगा।

### नक्सल प्रभावित 167 केंद्रों में हेलीकाप्टर से पंहुचेंगे मतदान दल



**रायपुर।** लोकसभा चुनाव में प्रदेश के सात जिलों के 167 मतदान केंद्रों में मतदन दलों को हेलीकाप्टर से पहुंचाने की तैयारी है। इन दलों में एक हजार से अधिक मतदान कर्मी भी शामिल होंगे। छत्तीसगढ़ में मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी कार्यालय ने भारत निर्वाचन आयोग के मार्गदर्शन में मतदान कराने की तैयारियों को अंतिम रूप दिया है। इन जिलों में हेलीकाप्टर का होगा उपयोग-छत्तीसगढ़ के नक्सल प्रभावित जिलों में जहां हेलीकाप्टर से मतदान दलों को भेजने की तैयारी है, उनमें नारायणपुर, कांकेर, सुकमा, बीजापुर, दंतेवाड़ा, गरियाबंद, और कोंडागांव शामिल हैं। इन जिलों में कुल मतदान केंद्रों की संख्या 2 हजार 787 है। इनमें से 167 मतदान केंद्रों में मतदान दल हेलीकाप्टर से रवाना होंगे।

### रिसेप्शन सेरेमनी में स्टेज से 90 हजार के गहने पार

**रायपुर।** राजधानी में एक रिसेप्शन समारोह के दौरान 90 हजार के गहने चोरी हो गए। घटना तेलीबांधा क्षेत्र में स्थित आमोर पार्क की है। प्रार्थी उत्कर्ष मिश्रा निवासी कचना ने थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई कि शादी के बाद रिसेप्शन समारोह का आयोजन किया था। समारोह में आने वाले मेहमानों ने गिफ्ट के रूप में दो सोने की अंगूठी एवं चांदी के 3 पायल दी थी, जिसकी कुल कीमत करीब 90 हजार रुपए है। ये गहने अन्य गिफ्ट के साथ स्टेज पर रखे हुए थे, जिसे किसी ने चोरी कर लिए। पुलिस ने रिपोर्ट पर अज्ञात आरोपी के विरुद्ध धारा 379 के तहत अपराध पंजीबद्ध किया है।

◆ वन टाइम सेटलमेंट फार्मूला फिक्स / ◆ 10 हजार से ज्यादा खाली भूखंड / ◆ शासन के पास प्रस्ताव लंबित

# खाली भूखंड से टैक्स बन रहा भूखंड स्वामियों की मुसीबत

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

खाली भूखंड से लाखों रुपये की टैक्स वसूली भूखंड स्वामियों के लिए मुसीबत बन गई है। 10 हजार खाली प्लाट के भूखंड धारी निगम के अजीबो गरीब टैक्स वसूली के सिस्टम से परेशान हैं। डायवर्सन किये हुए खाली भूखंडों पर किस समय से कैसे और किनसे कितना टैक्स वसूला जाये, इस बात को लेकर स्थिति स्पष्ट नहीं है। इसके बावजूद लोगों से बैक डेट से खाली भूखंड पर मय ब्याज टैक्स वसूला जा रहा है। सामान्य सभा में नेता प्रतिपक्ष मीनल चौबे द्वारा यह मामला उठाये जाने पर परिषद ने 2 साल का टैक्स लेकर वन टाइम सेटलमेंट का प्रस्ताव पारित कर शासन के पास एप्रूवल के लिए भेजा, जो आज तक लंबित है।

रायपुर नगर निगम शहरवासियों से खाली प्लॉट पर चक्रवृद्धि ब्याज के साथ सालों पुराने बकाया कर को नये भूखंड स्वामियों से वसूल रहा है। इस वजह से हजारों लोग अपने डायवर्सन हुये भूखंड का बकाया टैक्स नहीं जमा कर पा रहे और उन्हें नक्शा पास कराने में दिक्कत आ रही है। गरीब व मध्य वर्गीय लोग भारी भरकम टैक्स को सुधरवाने निगम दफ्तर के चक्कर काट रहे हैं, क्योंकि ज्यादातर ओपन प्लॉट के बकाया टैक्स की राशि उनकी पहुंच से बाहर है।



### ओपन प्लॉट की टैक्स वसूली में इस तरह की विसंगतियां

- ❑ मौखिक आदेश पर टैक्स वसूली, लिखित आदेश नहीं है।
- ❑ क्रेता से पहले जिनके नाम से प्लॉट है, उसके समय यदि 10 साल पुराना टैक्स संबंधित भूखंड पर देय है, तो उस बकाया टैक्स की वसूली ब्याज के साथ वर्तमान क्रेता से क्यों?
- ❑ निगम एक्ट की धारा 173 के हिसाब से नगर निगम को डिमांड पंजी जिस हितग्राही नाम पहले से नहीं है, तो वो पुराने बकाया कर का करदाता कैसे हुआ?

### सामान्य सभा में नेता प्रतिपक्ष ने उठाया था मामला जमकर हुआ विरोध

ओपन प्लॉट के भूखंडधारियों से अनाप-शनाप बकाया टैक्स की चक्रवृद्धि ब्याज जोड़कर की जा रही वसूली को लेकर नगर निगम की नेता प्रतिपक्ष मीनल चौबे ने सदन में यह मामला जोर-शोर से उठाया। सभा में यह प्रकरण भी सामने आया कि हांडीपारा के इश्तपक हुसैन नाम के व्यक्ति के खाली प्लॉट का संपत्ति कर शून्य है। यानी वह भूखंड 600 वर्गफीट से छोटा है। इस पर नगर निगम ने सरचार्ज सहित 7,74,842 रुपये का बकाया टैक्स बताया। अफसरों की लापरवाही यह भी रही कि निगम के डिमांड बिल में संपत्तिधारक के नाम के बाद उसके पिता के नाम की जगह खाली प्लॉट लिखा गया है। इस तरह के अन्य प्रकरण भी बाद में जन प्रतिनिधियों के माध्यम से सामने लाये गये। इस पर निगम प्रशासन और शहरी सरकार की खूब किरकिरी हुई।

### वन टाइम सेटलमेंट का प्रस्ताव एप्रूवल के लिए लंबित

डायवर्टेड ओपन लैंड की टैक्स वसूली की प्रक्रिया को सरल करने 2 साल के बकाया कर भुगतान संबंधी वन टाइम सेटलमेंट का प्रस्ताव बनाकर राज्य शासन को एप्रूवल के लिये भेजा है। शासन स्तर पर यह प्रस्ताव लंबित है।

- **श्रीकुमार मेनन,** अध्यक्ष, नगरीय नियोजन व भवन अनुज्ञा विभाग

### संपत्तिकर से ज्यादा ब्याज नहीं होना चाहिए

निगम एक्ट के अनुसार संपत्तिकर से ज्यादा ब्याज नहीं होना चाहिए। संवैधानिक तौर पर जिसका नाम निगम की डिमांड पंजी में नहीं है, उससे खुली भूमि में ब्याज के साथ बकाया टैक्स लेने का अधिकार नगर निगम को नहीं है। इसे संशोधित कर आम जनता को राहत पहुंचाने का काम शीघ्र हो।

- **प्रमोद दुबे,** सभापति, नगर निगम रायपुर

# पीएम मोदी की 8 को कोंडागांव में होगी आमसभा

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर



■ भाजपा ने की तैयारी प्रारंभ, इस माह लगातार होंगी राष्ट्रीय नेताओं की सभाएं

लोकसभा चुनाव में भाजपा ने राष्ट्रीय नेताओं की लगातार सभाएं कराने की रणनीति तैयार की है। इस कड़ी में सबसे बड़ी आमसभा प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की 8 अप्रैल को कोंडागांव में होगी। इसको लेकर भाजपा ने तैयारी प्रारंभ कर दी है। प्रदेश का भाजपा संगठन प्रधानमंत्री की प्रदेश में पांच सभाएं चाहता है, लेकिन पीएमओ से कितनी सभाओं को मंजूरी मिलती है, सब कुछ उस पर निर्भर है। फिलहाल तो बस्तर लोकसभा चुनाव के लिए एक सभा की मंजूरी मिली है।

भाजपा के राष्ट्रीय संगठन का छत्तीसगढ़ पर भी बड़ा फोकस है। भाजपा ने यहां की सभी 11 की 11 सीटें जीतने की रणनीति तैयार की है। इसको लेकर प्रचार-प्रसार में भी पूरी ताकत झोंकने की रणनीति बनी है। चुनाव के लिए रणनीति बनाने का जिम्मा इस बार प्रदेश के सह प्रभारी नितिन नवीन पर है। उनको चुनाव का प्रभारी बनाया गया है, क्योंकि यहां पर प्रदेश के प्रभारी ओम माथुर का आना नहीं हो रहा है। राष्ट्रीय संगठन ने उनको दूसरी बड़ी जिम्मेदारी देकर रखी है। श्री नवीन लगातार बैठकें करके रणनीति बना रहे हैं। अभी भी वे यहां पर 4 अप्रैल तक दौरे पर हैं। वे दूसरे चरण के चुनाव के लिए तीन सीटों के प्रत्याशियों की नामांकन रैली में शामिल होंगे।

### सभा की तैयारी प्रारंभ

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की पहले चरण के चुनाव के लिए मतदान के पहले बस्तर संभाग में आमसभा होगी। इसके लिए स्थान कोंडागांव में तय किया गया है। कोंडागांव में आमसभा होने पर बस्तर संभाग की दूसरी सीट कांकेर के प्रत्याशी को भी मंच पर रहने का मौका मिलेगा। इसी के साथ संभावना है कि महासमुंद, राजनांदगांव, दुर्ग और रायपुर के प्रत्याशी भी पीएम की सभा में रहेंगे। वैसे दूसरे और तीसरे चरण में भी प्रधानमंत्री की सभाएं होंगी। इन सभाओं में भाजपा के ज्यादा से ज्यादा प्रत्याशियों को मंच पर रखा जाएगा।

# बीमा कंपनी को 86 लाख भुगतान करने का आदेश

**रायपुर।** जांजगीर-चांपा जिला के फूड प्रोडक्ट कंपनी में आठ वर्ष पूर्व आगजनी के मामले में राज्य उपभोक्ता विवाद प्रतितोष आयोग ने बीमा कंपनी को 85 लाख 71 हजार रुपए छह प्रतिशत ब्याज के साथ भुगतान करने का फैसला सुनाया है। मामले की सुनवाई करते हुए आयोग के अध्यक्ष न्यायाधीश गौतम चौरड़िया ने द ओरियेंटल इंश्योरेंस कंपनी को क्षतिपूर्ति राशि देने फैसला सुनाया है। नैला स्थित औद्योगिक परिसर में मेसर्स श्री श्याम फूड प्रोडक्ट्स के संचालक ने बीमा कंपनी के खिलाफ आयोग में परिवाद दायर किया था। फूड प्रोडक्ट के संचालक ने आयोग को समक्ष परिवाद पेश करते हुए जानकारी दी कि उनके परिसर में 4 मई 2016 को आगजनी की घटना हुई थी। इसके बाद उसने अपने फूड कंपनी के बीमित बीमा कंपनी में क्षतिपूर्ति देने आवेदन पेश किया। बीमा कंपनी के सर्वे रिपोर्ट में 86 लाख रुपए नुकसान होने का आकलन किया गया। इसके बाद भी बीमा कंपनी ने आकलन को खारिज करते हुए बीमा राशि देने से इनकार कर दिया।

■ आठ वर्ष पूर्व फूड प्रोडक्ट कंपनी में आगजनी के मामले में उपभोक्ता फोरम ने सुनाया फैसला

### आयोग ने माना सेवा में कमी

फूड प्रोडक्ट के संचालक ने आयोग को बताया कि पूर्व में सर्वेयर की रिपोर्ट के आधार पर बीमा कंपनी ने एक अन्य सर्वेयर नियुक्त किया। उस सर्वेयर ने पूर्व के सर्वे तथा किए गए दावा पर आपत्तियां व्यक्त करते हुए बीमा कंपनी में अपना प्रतिवेदन पेश किया। इसके बाद बीमा कंपनी ने एक अन्य सर्वेयर नियुक्त किया। तीसरे सर्वेयर ने दूसरे सर्वेयर की आपत्ति को अनुचित बताया।

# गाइड लाइन में 30% छूट समाप्त करने के निर्णय पर रोक लगाएं

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ शासन द्वारा जमीन की गाइड लाइन दर में 30 प्रतिशत छूट को समाप्त करने के संबंध में जारी किये गये नये आदेश पर तत्काल रोक लगाये जाने की शिकायत कांग्रेस विधि विभाग ने मुख्य चुनाव आयुक्त से की है। ज्ञापन में कहा गया है कि देश में आदर्श आचार संहिता लागू है। ऐसे में छत्तीसगढ़ शासन द्वारा जमीन गाइड लाइन दर में 30 प्रतिशत छूट को समाप्त करने के संबंध में जारी किये गये नये आदेश पर तत्काल रोक लगाये जाने की अवश्यकता है। आचार संहिता के दौरान गाइड लाइन दर को हटाकर नई गाइड लाइन को छत्तीसगढ़ शासन द्वारा आदर्श आचार संहिता के दौरान जारी करने का अधिकार नहीं है, जो आदर्श आचार संहिता का उल्लंघन है। छत्तीसगढ़ शासन द्वारा जमीन गाइड लाइन की नई दर को आचार संहिता के दौरान लागू करने पर छत्तीसगढ़ प्रदेश कांग्रेस कमेटी विधि विभाग आपत्ति करता है। ज्ञापन सौंपने वालों में कांग्रेस विधि विभाग प्रदेश अध्यक्ष देवा देवांगन, प्रदेश कांग्रेस वरिष्ठ प्रवक्ता धनंजय सिंह ठाकुर, सुरेन्द्र वर्मा, ऋषभ चंद्राकर उपस्थित थे।

■ प्रदेश कांग्रेस विधि विभाग ने की चुनाव आयोग में शिकायत

### एमपी में लगी रोक

ज्ञापन में कहा गया है, मध्यप्रदेश में भी आदर्श आचार संहिता के तहत जमीन गाइड लाइन से संबंधित नये आदेश पर राज्य निर्वाचन आयोग ने रोक लगाई है। अतः निवेदन है कि उपरोक्त विषयों पर तत्काल रोक लगाते हुये संबंधित के विरुद्ध समुचित कार्रवाई कर उससे पार्टी को अवगत कराएं।


**एम्स में तीन हजार टेस्ट में चार सौ टीबी पॉजिटिव**

# बढ़ रही चिंता, फेफड़ों के साथ हड्डी, आंत और मस्तिष्क को भी प्रभावित कर रहा टीबी

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

राज्य में टीबी की शिकायत लगातार बढ़ रही है, जिसकी वजह कुपोषण के साथ रोग प्रतिरोधक क्षमता में कमी आना भी है। 85 प्रतिशत मामलों में टीबी फेफड़ों को प्रभावित कर रहा है, मगर 15 फीसदी मरीज ऐसे हैं, जिनका संक्रमण हड्डी, आंत और मस्तिष्क को भी प्रभावित कर रहा है। एम्स में बीते साल तीन हजार के करीब टेस्ट किए गए, जिसमें चार सौ को टीबी संक्रमित पाया गया है।

अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान के चिकित्सकों को टीबी की बढ़ती शिकायतों को देखते हुए समय पर इसकी जांच करवाकर उपचार प्रारंभ करने का सुझाव दिया गया है। प्लमोनरी विभाग और एनटीईपी सेल के तत्वावधान में टीबी सप्ताह के अंतर्गत आयोजित सिम्पोजियम में इस संक्रमण की दवा प्रतिरोधकता के बारे में विस्तार से जानकारी दी गई। साथ ही इसके उपचार के लिए जारी नए दिशा-निर्देशों से भी चिकित्सकों को अवगत कराया गया। टीबी रोग विशेषज्ञ डॉ. अजॉय बेहरा ने बताया कि एम्स की यूनिट में पिछले साल किए गए टेस्ट में दस प्रतिशत से अधिक टीबी संक्रमितों का पता चला है। इन्हें निशुल्क दवाइयों के साथ जांच और पोषण पैकेट्स भी प्रदान किया गया है। निक्षय मित्र योजना के तहत एम्स के चिकित्सक भी मरीजों को गोद लेकर उन्हें स्वस्थ होने में मदद कर रहे हैं। डॉ. बेहरा के मुताबिक एचआईवी, डायबिटीज और शराब का अत्याधिक सेवन करने वालों में टीबी होने की आशंका अधिक होती है। इसके अलावा कुपोषण या रोग प्रतिरोधक क्षमता कम होना भी इसका कारण हो सकता है। सिम्पोजियम में डॉ. सजल दे, डॉ. दिबाकर साहू, डॉ. उज्ज्वला गायकवाड़, डॉ. सरोज पती, डॉ. सबा सिद्दकी, डॉ. विकास, डॉ. साई किरन सहित बड़ी संख्या में चिकित्सकों ने भाग लिया।




### निशुल्क उपचार उपलब्ध

दुनियाभर में टीबी रोगियों की संख्या को नियंत्रित करने का प्रयास किया जा रहा है। एम्स में इसके लिए गुणवत्तापूर्ण उपचार की सभी सुविधाएं नि:शुल्क उपलब्ध हैं।


- **लेफ्टिनेंट जनरल (रिटायर) अशोक जिंदल,** निदेशक एम्स



बिलासपुर
मंगलवार, 2 अप्रैल 2024
चैत्र कृष्ण पक्ष अष्टमी
वर्ष : 24, अंक : 09
पृष्ठ : 12+6 = 18 मूल्य : 5.00***

मौसम
अधि. 39.5
न्यून. 26.4

हरिभूमि
छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित
समाचार ही नहीं, विचार भी
haribhoomi.com


9 चानू ने ओलंपिक में सुनिश्चित की जगह...

विचार पेज
4 चीनियों के खिलाफ बलोचों का विद्रोह

# हैदराबाद गुरुकुल से निकले 12 बच्चे प्लेटफार्म पर मिले, जिम्मेदार नहीं थे साथ, बालगृह भेजे गए

**रेस्क्यू किए गए बच्चों में 11 से 16 साल के शामिल**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर

खास खबर

हैदराबाद के बालाजी गुरुकुल से बिना किसी व्यस्क जिम्मेदार व्यक्ति के अंबिकापुर भेजे जा रहे 12 बच्चों को चाइल्ड लाइन ने आरपीएफ के साथ मिलकर दुर्ग रेलवे स्टेशन से रेस्क्यू किया है। सभी बच्चे सिकंदराबाद- रायपुर एक्सप्रेस से दुर्ग तक आए थे और दुर्ग से अंबिकापुर एक्सप्रेस से अंबिकापुर जाने वाले थे। इसी दौरान दुर्ग रेलवे स्टेशन के प्लेटफार्म नंबर चार पर बैठे सभी बच्चों पर आरपीएफ टीम की नजर पड़ी। पूछताछ में बच्चों ने अपने साथ किसी व्यस्क के न होने की जानकारी दी। इस पर आरपीएफ ने चाइल्ड लाइन को जानकारी दी और बच्चों को रेस्क्यू कर उन्हें सीडब्ल्यू के समक्ष पेश किया। वहां से बच्चों को बाल गृह में भेजा गया है।

## हैदराबाद से अंबिकापुर अकेले जा रहे थे 12 बच्चे

### गुरुकुल प्रबंधन की बड़ी लापरवाही

सभी बच्चों को स्टेशन के विशेष कक्ष में ले जाया गया और चाइल्ड लाइन को बुलाकर सौंपा गया। दुर्ग स्टेशन पर मिले सभी 12 बच्चे देश के विभिन्न प्रदेशों से हैं। इसमें तीन बच्चे झारखंड, दो नागालैंड, एक असम और छह बच्चे छत्तीसगढ़ के हैं। इनमें छत्तीसगढ़ के तीन बच्चे रायगढ़, एक पेंड्रा, एक बलौदा बाजार, एक जशपुर का है। इस मामले में गुरुकुल प्रबंधन की बड़ी लापरवाही सामने आई है। रेस्क्यू किए गए बच्चों की उम्र छह से 16 साल है। यदि बच्चे कहीं भटक जाते या किसी अन्य दुर्घटना का शिकार हो जाते, तो इसका जिम्मेदार कौन होता? फिलहाल अभी सीडब्ल्यूसी की टीम मामले में आगे की कार्रवाई कर रही है।



### परिवार वालों से संपर्क करेंगे

सभी बच्चे अलग-अलग प्रदेश के हैं। वहां की चाइल्ड लाइन उन बच्चों के परिवार वालों से संपर्क करेगी और सामाजिक जांच के बाद बच्चों को यहां से उनके शहर भेजकर परिवार वालों को सौंपेगी।

- मंजुला देशमुख, सदस्य बाल कल्याण समिति

### चाइल्ड लाइन को सौंपा गया

आरपीएफ और सीआईबी की टीम सर्चिंग कर रही थी। तभी बच्चों पर नजर पड़ी, बातचीत में बच्चों ने बताया कि उनके साथ कोई व्यस्क नहीं आया है, तो चाइल्ड लाइन को बुलवाकर सुरक्षार्थ उन्हें सौंपा गया।

- एसके सिन्हा आरपीएफ प्रभारी

inh 24x7
छत्तीसगढ़ एवं मध्यप्रदेश का सर्वाधिक लोकप्रिय चैनल देखें
TATA PLAY चैनल नं. 1155 | airtel चैनल नं. 366

## खबर संक्षेप

### ऑटो का किराया आया 7 करोड़ रुपए

**नई दिल्ली।** नोएडा में रहने वाले दीपक तेनगुरिया ने उबर ऑटो से अपने लिए सवारी बुक की। बुकिंग करते वक्त 62 रुपए का किराया उनके फोन पर शो हुआ। जब वह अपनी लोकेशन पर पहुंचे तो उनके होश उड़ गए। दीपक के फोन पर ऑटो का बिल 7 करोड़ रुपए दिखाने लगा।



### बंगाल में तूफान से अब तक 5 की मौत

**जलपाईगुड़ी।** पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने कहा कि राज्य के जलपाईगुड़ी जिले के कुछ हिस्सों में रविवार को आए तूफान के कारण मरने की वालों की संख्या बढ़कर पांच हो गई है। इस तूफान में 100 से अधिक लोग घायल हुए हैं। अधिकतर हिस्सों और मैनागुड़ी के कई इलाकों में ओलावृष्टि के साथ तेज हवाएं चली।



### ब्रह्मपुत्र में नौका पलटी, बच्चे की मौत, दो लापता

**गुवाहाटी।** असम के दक्षिण सलमारा-मनकचार जिले में भारी बारिश और तूफान के बीच ब्रह्मपुत्र नदी में एक नौका के पलटने से चार साल के एक बच्चे की मौत हो गई और दो लोगों के लापता बताए जाते हैं। रविवार की शाम सिशुमरा घाट से नेपुरेर अलगा घाट की ओर जाते समय नेपुरेर अलगा गांव में एक नौका पलट गई।



### नैना देवी में हादसा महिला श्रद्धालु की मौत

**शिमला।** हिमाचल प्रदेश में बिलासपुर जिले के नैना देवी नगर में सोमवार सुबह एक बस की चपेट में आने से उत्तर प्रदेश निवासी एक महिला श्रद्धालु की मौत हो गई। पुलिस ने बताया कि महिला उत्तर प्रदेश के अलीगढ़ से नैना देवी मंदिर में दर्शन के लिए आई थी।



### दो करोड़ की लूट, पुलिस निरीक्षक गिरफ्तार

**ठाणे।** नवी मुंबई शहर में खुद को पुलिसकर्मी बताकर छह व्यक्तियों द्वारा एक करोबारी से कथित तौर पर दो करोड़ रुपये लूटने के मामले में 55 वर्षीय एक पुलिस निरीक्षक को गिरफ्तार किया गया। यह घटना 29 मार्च को हुई जब कारोबारी पड़ोसी मुंबई के घाटकोपर में अपने घर से नवी मुंबई के तुर्भे स्थित अपने आफिस जा रहा था।



**आबकारी नीति मामला : कोर्ट ने केजरीवाल को 15 अप्रैल तक न्यायिक हिरासत में भेजा**

# कोर्ट ने नहीं दी राहत, तिहाड़ में रहेंगे केजरीवाल, जेल से चलाएंगे सरकार

*दिल्ली की राउज एवेन्यू कोर्ट ने सोमवार को सीएम अरविंद केजरीवाल को 15 दिनों की न्यायिक हिरासत में भेज दिया, उन्हें तिहाड़ जेल में रखा जाएगा। इधर, केजरीवाल की गिरफ्तारी के बाद सियासत गरमा गई है। आप कार्यकर्ताओं ने तिहाड़ जेल के बाहर प्रदर्शन किया, वहीं उनकी पत्नी सुनीता केजरीवाल ने केंद्र सरकार पर निशाना साधा है।*

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल को आबकारी नीति से जुड़े धनशोधन मामले में उनकी प्रवर्तन निदेशालय की हिरासत अवधि पूरी होने के बाद सोमवार को यहां एक अदालत में पेश किया गया जिसने उन्हें 15 दिन के लिए न्यायिक हिरासत में भेज दिया। आम आदमी पार्टी के प्रमुख केजरीवाल को खचाखच भरे अदालत कक्ष में विशेष न्यायाधीश कावेरी बावेजा के समक्ष पेश किया गया। ईडी ने अदालत से केजरीवाल को 15 दिन के लिए न्यायिक हिरासत में भेजने की मांग करते हुए कहा कि मुख्यमंत्री ने पूछताछ के दौरान 'बिल्कुल सहयोग' नहीं किया। इसके बाद न्यायाधीश ने उन्हें 15 अप्रैल तक न्यायिक हिरासत में भेजने का आदेश दिया। संघीय जांच एजेंसी ने मामले में 21 मार्च को केजरीवाल को गिरफ्तार किया था। अगले दिन, विशेष न्यायाधीश बवेजा ने उन्हें 28 मार्च तक ईडी की हिरासत में भेज दिया था। इसके बाद, अदालत ने ईडी की उस याचिका को स्वीकार कर लिया था, जिसमें ▶▶ शेष पेज 7 पर





### सुनीता केजरीवाल ने पूछा- जेल में क्यों डाला

*जेल भेजे जाने से पहले उनसे पत्नी सुनीता केजरीवाल ने मुलाकात की। मुलाकात के बाद सुनीता केजरीवाल ने बीजेपी पर निशाना साधा। उन्होंने पूछा कि आज अदालत ने भी उन्हें दोषी नहीं माना। उनको जेल में क्यों डाला? उन्होंने आगे कहा कि इन लोगों का एक ही मकसद है। ये लोग चुनाव में उनको जेल में डालना चाहते हैं। अब देश की जनता तानाशाही का जवाब देगी।*

### केजरीवाल को मिलेगा प्रिजनर अकाउंट

केजरीवाल को तिहाड़ का एक प्रिजनर अकाउंट भी अलॉट होगा. इसमें केजरीवाल के परिवार के सदस्य पैसा जमा कर सकते हैं। इस पैसे से केजरीवाल जेल की कैंटीन से खाने-पीने और दिनचर्या का सामान खरीद सकते हैं। इसमें सलाम फ्रूट्स, नमकीन बिस्किट, ब्रश और पेस्ट शामिल हैं।

### जेल में मिलती है दाल-रोटी

जेल प्रशासन के मुताबिक जेल के खाने में दाल-सब्जी कॉमन है. यह सभी कैदियों और बंदियों के लिए है। इसके अलावा रोटी या चावल में से कोई एक आइटम लिया जा सकता है। ब्रेकफास्ट में दलिया, ब्रेड और चाय मिलती है। कोई भी कैदी या बंदी जब जेल में पहली बार आता है तो उसे मुलाहिजा किट दी जाती है।

### जेल नंबर-2 की बैरक में अकेले रहेंगे केजरीवाल

*केजरीवाल जेल नंबर 2 की बैरक में अकेले रहेंगे, जिस जेल नंबर 2 में केजरीवाल को भेजा गया है, उसमें 600 कैदी हैं। इनमें ज्यादातर सजायाफ्ता कैदी हैं। इसीलिए सुरक्षा कारणों की वजह से सजायाफ्ता कैदियों वाली जेल नंबर 2 सुरक्षा के लिहाज से केजरीवाल के लिए सुरक्षित है।*

### 'मैं भी केजरीवाल' लिखी टी-शर्ट पहनकर प्रदर्शन

*दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल को सोमवार को तिहाड़ जेल लाये जाने से पहले जेल के बाहर आम आदमी पार्टी के कार्यकर्ताओं ने विरोध प्रदर्शन किया। केजरीवाल को यहां की एक अदालत ने आबकारी नीति से जुड़े धनशोधन के मामले में 15 अप्रैल तक न्यायिक हिरासत में भेज दिया है। आम आदमी पार्टी (आप) के कार्यकर्ता पार्टी के झंडे लेकर और 'मैं भी केजरीवाल' लिखी टी-शर्ट पहने हुए जेल के प्रवेश द्वार के बाहर एकत्रित हुए। केजरीवाल को जेल संख्या-2 में रखे जाने की संभावना है। पुलिस के एक वरिष्ठ अधिकारी ने कहा कि उन्होंने कानून व्यवस्था बनाए रखने के लिए तिहाड़ जेल के बाहर सुरक्षा व्यवस्था बढ़ा दी है। उन्होंने कहा, "किसी को भी कानून एवं व्यवस्था का उल्लंघन करने नहीं दिया जाएगा।"*

# गडकरी की प्रतिज्ञा, रोड से हटा देंगे 36 करोड़ पेट्रोल-डीजल वाहन



एजेंसी ▶▶ नागपुर

केंद्रीय सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी ने भारत को हरित अर्थव्यवस्था बनाने के लिए देश में हाइब्रिड वाहनों पर माल एवं सेवा कर (जीएसटी) कम करने की वकालत की है। इसके साथ ही उन्होंने देश को 36 करोड़ से अधिक पेट्रोल और डीजल वाहनों से पूरी तरह मुक्त बनाने का संकल्प किया है।

- भारत ईंधन आयात पर 16 लाख करोड़ रुपए खर्च करता है

यह पूछे जाने पर कि क्या भारत को पेट्रोल और डीजल वाहनों से पूरी तरह मुक्त कराना संभव है। केंद्रीय सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्री ने कहा, '100 प्रतिशत।' गडकरी ने कहा, 'यह मुश्किल है, नामुमकिन नहीं। यह मेरा विचार है।

### पांच से सात साल में चीजें बदल जाएगी

गडकरी ने कहा कि वह 2004 से वैकल्पिक ईंधन की वकालत कर रहे हैं और उन्हें भरोसा है कि आने वाले पांच से सात साल में चीजें बदल जाएंगी। मंत्री ने कहा, 'मैं आपको इस बदलाव के लिए कोई तारीख और साल नहीं बता सकता क्योंकि यह बहुत कठिन है। यह मुश्किल है, नामुमकिन नहीं।'

### आने वाला युग वैकल्पिक ईंधन का होगा

केंद्रीय मंत्री ने कहा कि उनका दृढ़ विश्वास है कि जिस गति से इलेक्ट्रिक वाहन पेश किए जा रहे हैं, आने वाला युग वैकल्पिक तथा जैव ईंधन का होगा और यह सपना सच होगा। गडकरी ने कहा कि बजाज, टीवीएस और हीरो जैसी मोटर वाहन कंपनियां भी फ्लेक्स इंजन का इस्तेमाल करके मोटरसाइकिल बनाने की योजना बना रही हैं।

**सुप्रीम कोर्ट का आदेश**

# ज्ञानवापी के तहखाने में जारी रहेगी पूजा-अर्चना



### 'गूगल अर्थ' के जरिये देखी तस्वीर

*शीर्ष अदालत ने 'गूगल अर्थ' के जरिये ढांचे की तस्वीरें देखने के बाद कहा कि तहखाने में प्रवेश दक्षिण की ओर से है जबकि नमाज अदा करने के लिए मस्जिद में प्रवेश करने के वास्ते उत्तर की तरफ से सीढ़ियां हैं।*

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नई दिल्ली

सुप्रीम कोर्ट ने वाराणसी स्थित ज्ञानवापी मस्जिद के दक्षिणी तहखाने में पूजा करने पर रोक लगाने से सोमवार को इंकार कर दिया। हालांकि, शीर्ष अदालत ने मस्जिद परिसर में हिंदू और मुस्लिम पक्षों द्वारा किए जाने वाले धार्मिक रस्मों को लेकर 'यथास्थिति' बनाए रखने का आदेश दिया। शीर्ष अदालत ज्ञानवापी मसाजिद इंतजामिया कमेटी की नयी याचिका पर सुनवाई कर रही है। याचिका में, इलाहाबाद उच्च न्यायालय के उस आदेश को चुनौती दी गई है जिसमें मस्जिद के दक्षिणी तहखाने में हिंदू पक्ष को पूजा करने की अनुमति देने संबंधी अधीनस्थ अदालत के फैसले को बरकरार रखा गया था।

- धार्मिक रस्मों को लेकर 'यथास्थिति' बनाए रखने का आदेश

### हिंदू पक्ष की ऐसी दलील

शीर्ष अदालत में हिंदू पक्षों का प्रतिनिधित्व कर रहे वरिष्ठ अधिवक्ता श्याम दीवान ने कहा कि इस समय शीर्ष अदालत द्वारा किसी भी हस्तक्षेप की आवश्यकता नहीं है क्योंकि अधीनस्थ अदालत और उच्च न्यायालय के आदेशों में विस्तृत कारण हैं। उच्च न्यायालय ने 26 फरवरी को कमेटी की उस अर्जी को खारिज कर दिया था जिसमें 31 जनवरी को जिला अदालत द्वारा तहखाने में हिंदू पक्ष को पूजा-पाठ करने की अनुमति दी गई थी।

### मुस्लिम पक्ष की आपत्ति

सुनवाई शुरू होते ही अंजुमन इंतजामिया मसाजिद कमेटी की ओर से पेश वरिष्ठ अधिवक्ता हुजेफा अहमदी ने दीवानी अदालत के आदेश पर रोक लगाने का अनुरोध किया और कहा कि मस्जिद परिसर के भीतर पूजा करने की अनुमति दी जा रही है। अहमदी ने कहा कि इससे केवल तनाव बढ़ेगा। उन्होंने दलील दी, इतिहास ने हमें कुछ सबक भी सिखाए हैं जहां आश्वासनों के बावजूद हिंसा हुई है। यह एक बेहद खराब आदेश है।

*ममता और कंगना पर की थी आपत्तिजनक टिप्पणी*

# अपमानजनक टिप्पणियां, दिलीप और सुप्रिया को ईसी की फटकार

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नई दिल्ली

निर्वाचन आयोग ने महिलाओं की गरिमा के खिलाफ अपमानजनक टिप्पणियों के लिए सोमवार को भारतीय जनता पार्टी के नेता दिलीप घोष और कांग्रेस की प्रवक्ता सुप्रिया श्रीनेत को फटकार लगाई है। घोष ने पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी और श्रीनेत ने अभिनेत्री कंगना रनौत के खिलाफ आपत्तिजनक टिप्पणी की थी। आयोग ने कहा कि वह आश्वस्त है कि दोनों नेताओं ने निम्न स्तर ▶▶ शेष पेज 7 पर



### भाजपा नेता ने उड़ाया था मजाक

भाजपा नेता दिलीप घोष एक वीडियो में तृणमूल कांग्रेस की प्रमुख और पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी की पारिवारिक पृष्ठभूमि का मजाक बनाते हुए नजर आए थे। बाद में उन्होंने अपनी विवादास्पद टिप्पणी के लिए माफी मांग ली।

### 'इंस्टाग्राम' पर विवादित पोस्ट

श्रीनेत के 'इंस्टाग्राम' अकाउंट से सोशल मीडिया मंच पर बॉलीवुड अभिनेत्री कंगना रनौत के खिलाफ एक विवादास्पद टिप्पणी पोस्ट की गई थी। कंगना को भाजपा ने आगामी लोकसभा चुनाव में हिमाचल प्रदेश के मंडी से अपना उम्मीदवार बनाया है। विवाद के बाद श्रीनेत ने अपने सभी सोशल अकाउंट्स से विवादास्पद टिप्पणियों को हटा दिया।

**हिंदू-मुस्लिम पक्ष के अपने-अपने दावे**

# भोजशाला परिसर के 'वैज्ञानिक सर्वेक्षण' पर नहीं लगेगी रोक

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नई दिल्ली

सुप्रीम कोर्ट ने मध्य प्रदेश के धार जिले में मध्ययुगीन संरचना भोजशाला परिसर के 'वैज्ञानिक सर्वेक्षण' पर रोक लगाने से सोमवार को इंकार कर दिया लेकिन कहा कि भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण (एएसआई) के सर्वेक्षण के नतीजे के आधार पर उसकी अनुमति के बिना कोई कार्रवाई न की जाए। हिंदू और मुस्लिम दोनों एएसआई द्वारा संरक्षित 11वीं सदी के इस परिसर पर अपना दावा जता रहे हैं।



### कोर्ट ने चार हफ्ते में मांगा जवाब

*पीठ ने केंद्र, मध्य प्रदेश सरकार, एएसआई से चार सप्ताह में नोटिस का जवाब मांगा है। तब तक सर्वेक्षण के नतीजे पर इस अदालत की अनुमति के बगैर कोई कार्रवाई न की जाए। उसने कहा, यह स्पष्ट किया जाता है कि ऐसी कोई खुदाई न की जाए जिससे कि परिसर का चरित्र बदल जाए।*

**देश में अब एक वाहन, एक फास्टैग का नियम लागू**

# वाहन पर नहीं लगा सकेंगे एक से अधिक फास्टैग

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नई दिल्ली

अलग खबर

भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण का 'एक वाहन, एक फास्टैग' मानदंड सोमवार से लागू हो गया है। इसका उद्देश्य कई वाहनों के लिए एक फास्टैग के इस्तेमाल या एक वाहन से कई फास्टैग संबद्ध करने को हतोत्साहित करना है। एक वरिष्ठ अधिकारी ने कहा कि अब एक वाहन पर एक से अधिक फास्टैग नहीं लगाए जा सकेंगे। उन्होंने कहा, जिन लोगों के पास एक वाहन के लिए कई फास्टैग हैं, वे एक अप्रैल से उनका उपयोग नहीं कर पाएंगे। एनएचएआई ने पेटीएम फास्टैग की समस्याओं को देखते हुए 'एक वाहन, एक फास्टैग' पहल के अनुपालन की समयसीमा 31 मार्च तक बढ़ा दी थी।




### पेटीएम के लिए पहले दी थी सलाह

*भारतीय रिजर्व बैंक ने पेटीएम की सहयोगी इकाई पेटीएम पेमेंट्स बैंक लिमिटेड (पीपीबीएल) के ग्राहकों और कारोबारियों को 15 मार्च तक अपने खाते दूसरे बैंकों में स्थानांतरित करने की सलाह दी थी। फास्टैग की पहुंच लगभग 98 प्रतिशत वाहनों तक है और इसके आठ करोड़ से अधिक उपयोगकर्ता हैं। फास्टैग में सीधे टोल मालिक से जुड़े प्रीपेड या बचत खाते से टोल भुगतान करने के लिए रेडियो फ्रीक्वेंसी आइडेंटिफिकेशन (आरएफआईडी) तकनीक का इस्तेमाल होता है।*

*क्या है फास्टैग: फास्टैग भारत में एक इलेक्ट्रॉनिक टोल संग्रह प्रणाली है, जिसे भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण द्वारा संचालित किया जाता है। लगभग 98 प्रतिशत की पैठ दर और 8 करोड़ से ज्यादा यूजर्स के साथ, फास्टैग ने देश में इलेक्ट्रॉनिक टोल संग्रह प्रणाली में क्रांति ला दी है। यह सीधे प्रीपेड या उससे जुड़े बचत खाते या सीधे टोल मालिक से टोल भुगतान करने के लिए रेडियो फ्रीक्वेंसी आइडेंटिफिकेशन (आरएफआईडी) टेक्नोलॉजी का इस्तेमाल करता है।*

### नई टोल दरें लोकसभा चुनाव के बाद होंगी प्रभावी

भारत के चुनाव आयोग (ईसीआई) ने एनएचएआई ने कहा है कि वह राजमार्गों पर नयी टोल दरों को लोकसभा चुनाव के बाद लागू करे। आमतौर पर देश के ज्यादातर टोल राजमार्गों पर दरों को एक अप्रैल से बढ़ाया जाता है, लेकिन चुनाव आयोग ने कहा कि नयी दरें लोकसभा चुनाव के बाद ही लागू होनी चाहिए। दस्तावेजों के मुताबिक, ईसीआई ने एनएचएआई से टोल शुल्क वृद्धि को टालने के लिए कहा है। ईसीआई ने इस संबंध में सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्री के एक पत्र के जवाब में यह बात कही। ऐसा माना जा रहा था कि टोल शुल्क में औसत पांच प्रतिशत की बढ़ोतरी होगी।

01- APR- COR- MAIN- Pg- 4 SAMPADKI_Layout 1 4/1/2024 10:01 PM Page 1



चिंतन

# बैंकिंग सेक्टर में पांचवीं पीढ़ी के सुधार की जरूरत

भारत की विकास यात्रा अनवरत जारी रहे, इसके लिए सरकार की प्रगतिशील व नवाचारी आर्थिक नीतियों के साथ मजबूत बैंकिंग व्यवस्था भी जरूरी है। भारतीय रिजर्व बैंक का बैंकिंग नियमन और भारतीय बैंकिंग सिस्टम यूं तो विश्व की बेहतर बैंकिंग व्यवस्थाओं में से एक है, इसके बावजूद इसमें उत्तरोत्तर सुधार की जरूरत बनी रहती है। रिजर्व बैंक के 90 साल पूरे होने के मौके पर आयोजित कार्यक्रम में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा है कि भारत को अगले 10 वर्षों में आर्थिक रूप से आत्मनिर्भर बनने की जरूरत है। इसमें पीएसयू बैंकों की भूमिका अहम होगी। जहां वित्तीय क्षेत्र में उभरते बदलावों के साथ नये बैंक ढांचे की जरूरत है, वहीं मौजूदा व्यवस्था के सुदृढ़ीकरण की भी। बदलते परिदृश्य में 'वित्तपोषण, परिचालन और कारोबारी मॉडल' के नए तरीकों की आवश्यकता होगी। उद्योग के सामने कृत्रिम मेधा (एआई) और ब्लॉकचेन की चुनौतियां भी हैं। ये डिजिटल बैंकिंग और फिनटेक (वित्तीय प्रौद्योगिकी) जैसे नवोन्मेष पर बढ़ती निर्भरता के बीच बैंक, साइबर सुरक्षा की तस्वीर बदल रही हैं। ऐसी स्थिति में, हमें बैंकिंग की संरचना में आवश्यक बदलाव के बारे में सोचने की जरूरत है। आरबीआई का प्राथमिक लक्ष्य 2016 से मुद्रास्फीति को काबू में रखना बन गया है। प्रधानमंत्री की यह टिप्पणी नए वित्त वर्ष की पहली मौद्रिक नीति समीक्षा से कुछ दिन पहले आई हैं। रिजर्व बैंक को मौद्रिक उपायों के लिए नीतिगत ब्याज दरों के फार्मूले से बाहर भी देखना होगा। भारतीय बैंकिंग सिस्टम पहली पीढ़ी की बैंकिंग से चौथी पीढ़ी की बैंकिंग व्यवस्था की यात्रा कर चुकी है। स्वतंत्रता-पूर्व अवधि (1947 तक) पहली पीढ़ी की बैंकिंग के दौरान छोटे और स्थानीय बैंकों ने जन्म लिया। 1947-1967 तक दूसरी पीढ़ी की बैंकिंग का दौर चला। 1967-1991 तक तीसरी पीढ़ी की बैंकिंग निजी बैंकों के राष्ट्रीयकरण का काल था। भारत ने क्लास बैंकिंग से मास बैंकिंग की तरफ कदम बढ़ाया। 1991-2014 तक चौथी पीढ़ी की बैंकिंग के दौरान अनेक ऐतिहासिक सुधार हुए। निजी एवं विदेशी बैंकों को नए लाइसेंस जारी किए गए। वर्तमान में वर्ष 2014 के बाद से, बैंकिंग क्षेत्र ने जेएएम (जन-धन, आधार और मोबाइल) को अपनाने और भुगतान बैंकों तथा लघु वित्त बैंकों (एसएफबी) को लाइसेंस जारी करने जैसे कार्यों के माध्यम से वित्तीय समावेशन को बढ़ावा दिया है। अब पांचवीं पीढ़ी की बैंकिंग की जरूरत है। 1991 में आई नरसिम्हम समिति की रिपोर्ट में घरेलू व निजी बैंक के साथ तीन से चार बिग वाणिज्यिक बैंक की सिफारिश की गई थी। सरकार ने कुछ बैंकों का विलय कर दिया है। डीएफआई व बैड बैंक की स्थापना की दिशा में कदम उठाए हैं। अब विशिष्ट बैंकिंग की दिशा में आगे बढ़ने की जरूरत है। ये विशेष बैंक, आरएएम (रिटेल, एग्रीकल्चर, एमएसएमईज) जैसे क्षेत्रों में अनिवार्य वित्त की पहुंच को आसान बनाएंगे। डिजिटल बैंकिंग के अगले चरण ब्लॉकचेन बैंकिंग अपनाने की जरूरत है। इसके लिए ब्लॉकचेन प्रौद्योगिकी को लागू करना पड़ेगा। बैंकिंग में एनपीए पर नियंत्रण के साथ कर्ज जोखिम को कम करना होगा। भारतीय बैंकिंग को ईएसजी (पर्यावरण, सामाजिक ज़िम्मेदारी और गवर्नेंस) फ्रेमवर्क का भी पालन करना चाहिए। एक गतिशील अर्थव्यवस्था में जिम्मेदार बैंकिंग प्रणाली स्थापित करना आवश्यक है। रिजर्व बैंक को इन चीजों पर ध्यान देना चाहिए।

# चीनियों के खिलाफ बलोचों का विद्रोह



पाकिस्तान
प्रभात कुमार रॉय

वैश्विक राजनीति के विशेषज्ञों के मुताबिक बलूचिस्तान में जंग-ए-आजादी की अग्नि इस कदर प्रज्वलित हो चुकी है कि बारूद के ढेर पर बैठे हुए पाकिस्तान का यह विद्रोही प्रांत कभी भी जबरदस्त विस्फोट कर सकता है। बलोच लिबरेशन आर्मी ने पाकिस्तान के आधिपत्य से बलूचिस्तान आजाद कराने का लौह संकल्प लिया है। इसी प्रबल संकल्प के तहत बलोच लिबरेशन आर्मी पाकिस्तानी सेना के विरुद्ध गोरिल्ला युद्ध विगत 15 वर्ष से निरंतर लड़ रही है। बलूचिस्तान लिबरेशन आर्मी का आत्मघाती दस्ता मजीद ब्रिगेड सुर्खियों में है। क्योंकि उसने ग्वादर पोर्ट के पास एक बार फिर से चीनी इंजीनियरों के कॉनवाय पर आत्मघाती आक्रमण किया।

विश्व पटल पर एक बार फिर से बलूचिस्तान लिबरेशन आर्मी का आत्मघाती दस्ता मजीद ब्रिगेड सुर्खियों में है। क्योंकि हाल में उसने पाकिस्तान के ग्वादर पोर्ट के पास कोल्वा कस्बे में घात लगाकर एक बार फिर से चीनी इंजीनियरों के कॉनवाय पर आत्मघाती आक्रमण अंजाम दिया। इस आत्मघाती हमले में पांच चीनी इंजीनियरों को हलाक कर दिया गया। इस हमले की जिम्मेदारी बलोच लिबरेशन आर्मी के आत्मघाती दस्ते मजीद ब्रिगेड ने ली। इस हमले को आतंकवादी आक्रमण का करार देकर खारिज नहीं किया जा सकता। इस बलोच हमले ने पाकिस्तान के स्वयं के और अपने मुल्क में चीन के नागरिकों की सुरक्षा पर प्रबल सवालिया निशान लगा दिया है। उल्लेखनीय है कि वर्ष 2018 से ग्वादर पोर्ट पर पाकिस्तान और चीन की इकोनामिक कॉरिडोर परियोजना के तहत चीन की हुकूमत तकरीबन 62 मिलियन डालर की विशाल धनराशि का निवेश कर रही है। चीन की हुकूमत ने अपने नागरिकों की और अपने आर्थिक निवेश की हिफाजत पर निरंतर जोर दिया है। आर्थिक तौर पर एकदम कंगाल हो चुके पाकिस्तान को इस चीन के आर्थिक निवेश की जबरदस्त दरकार है। चीन के इंजीनियरों के ऊपर अंजाम दिया गया यह आत्मघाती आक्रमण शाहबाज शरीफ के प्रधानमंत्री पद संभाल लेने के चंद हफ्तों के भीतर हुआ है। पाकिस्तान में उग्रवाद के विशेषज्ञ और स्वतंत्र विश्लेषक फाखर काकाखेल के मुताबिक प्रतीकात्मक रूप से हमला अत्यंत महत्वपूर्ण है। उनके अनुसार इस हमले से बलोच लिबरेशन आर्मी विश्वव्यापी तौर पर सुर्खियों में आ गई है और बलोच विद्रोही वस्तुतः यही चाहते थे। बलोच विद्रोही सारी दुनिया को यह पैगाम देना चाहते थे कि कड़े सुरक्षा इंतजामों के बावजूद वह अपनी आक्रामक रणनीति में कामयाब रहे। यह हमला ग्वादर इलाके के हाई सिक्युरिटी जोन में अंजाम दिया गया।

वैश्विक राजनीति के विशेषज्ञों के मुताबिक बलूचिस्तान में जंग-ए-आजादी की अग्नि इस कदर प्रज्वलित हो चुकी है कि बारूद के ढेर पर बैठे हुए पाकिस्तान का यह विद्रोही प्रांत कभी भी जबरदस्त विद्रोही विस्फोट कर सकता है। बलोच लिबरेशन आर्मी ने पाकिस्तान के आधिपत्य से बलूचिस्तान आजाद कराने का लौह संकल्प लिया है। इसी प्रबल संकल्प के तहत बलोच लिबरेशन आर्मी पाकिस्तानी सेना के विरुद्ध गोरिल्ला युद्ध विगत 15 वर्ष से निरंतर लड़ रही है। बलोच लिबरेशन आर्मी का सशस्त्र संघर्ष अधिकतर पहाड़ी इलाकों में रहा है, जबकि उसका आत्मघाती दस्ता मजीद ब्रिगेड शहरी इलाकों में भी हमले कर चीनी इंजीनियरों और पाकिस्तानी फौज को अपना निशाना बनाता रहा है। इसमें कराची और ग्वादर में अंजाम दिए गए आत्मघाती हमले भी शामिल हैं। बलूचिस्तान पाक का प्रांत है।

वर्ष 1973 में बलोच लिबरेशन फ्रंट की बुनियाद ईरान में रखी गई थी। बलोच कबीला पाकिस्तान, अफगानिस्तान और ईरान के इलाकों में सदियों से निवास करता है। बलूचिस्तान क्षेत्रफल की दृष्टि से पाकिस्तान का सबसे बड़ा प्रांत है जो कि पाकिस्तान के संपूर्ण क्षेत्रफल का तकरीबन 40 फ़ीसदी हिस्सा है।



बलूचिस्तान एक करोड़ आबादी वाला प्रांत है। पाक के बलूचिस्तान प्रांत की सरहद अफगानिस्तान और ईरान से मिलती है। बलूचिस्तान प्रांत तेल, कोयला, सोना, तांबा और गैस के भंडारों के साथ प्रचुर प्राकृतिक संसाधनों से परिपूर्ण है। लेकिन दुर्भाग्य से यह पाकिस्तान का सबसे गरीब व सबसे पिछड़ा हुआ प्रांत है।

बलोच लिबरेशन फ्रंट एक स्वाधीन बलूचिस्तान के निर्माण के लिए विगत 50 वर्षों से संघर्षरत है। ब्रिटिश शासन के साम्राज्यवादी दौर से ही नेपाल और भूटान की तरह से बलूचिस्तान स्वायत्तशासी और स्वाधीन इलाका था। जिसका शासक नवाब मीर खान था, जिसे कलात सरदार भी कहा जाता था। भारत के दुर्भाग्यपूर्ण विभाजन के तत्पश्चात निर्मित किए गए पाकिस्तान के प्रथम राष्ट्रपति मोहम्मद अली जिन्ना ने भी प्रारम्भ में बलूचिस्तान को एक स्वायत्तशासी और स्वाधीन इलाके के तौर पर स्वीकार किया था, किंतु बाद में वर्ष 1948 में मोहम्मद अली जिन्ना द्वारा पाक फौज भेज कर नवाब मीर खान को अगवा करा लिया गया और कराची में फौजी बंदूक के साए में मीर खान से जबरन बलूचिस्तान का पाक में विलय करने के दस्तावेज पर दस्तखत करा लिए गए। वस्तुतः बलूचिस्तान में सशस्त्र विद्रोह की शुरुआत 1948 से ही नवाब नौरोज खान के नेतृत्व में हो गई थी। यह बलोच बगावत तकरीबन एक दशक तक जारी रही और अंततः जनरल अयूब खान की फौज द्वारा इसे कुचल दिया गया। 1971 में बांग्लादेश की आजादी से प्रेरित होकर बलोच बागियों ने फिर से सरदार अकबर खान बुगती की कयादत में सशस्त्र संघर्ष शुरू किया। वर्ष 2006 में पाक फौज द्वारा सर्वोच्च बलोच लीडर अकबर खान बुगती की हत्या की गई थी। उसके पश्चात बलोच बगावत और अधिक तेज हो गई है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा बलोच के संघर्ष को लाल किला के प्राचीर से भारत का नैतिक समर्थन प्रदान किया गया।

चीन द्वारा पाक और चीन कॉरिडोर को लेकर 2018 में ग्वादर में निर्माण कार्य शुरू किया गया था। नवंबर 2018 में बलोच लिब्रेशन आर्मी ने कराची में चीनी दूतावास पर आक्रमण किया। 2019 में इस तंजीम ने ग्वादर के पीसी होटल पर आत्मघाती हमला किया था, जिसमें कि पांच चीनी इंजीनियर मारे गए थे। 13 अगस्त 2023 को अंजाम दिए गए हमले की जिम्मेदारी बलोच लिब्रेशन आर्मी ने ली थी। 2011 में बलोच लिबरेशन आर्मी के आत्मघाती दस्ते मजीद ब्रिगेड का गठन किया गया था। यह दस्ता बलोच योद्धा मजीद लांग के नाम पर गठित किया गया था। मजीद लांग की मौत के बाद उसके छोटे भाई का जन्म हुआ, जिसका नाम भी मजीद रखा गया था। वह भी प्रतिबंधित बलोच लिबरेशन आर्मी में शामिल हो गया। 2011 में क्वेटा के पास मजीद एक खूनी मुठभेड़ में मारा गया। उसकी मौत के दिन इस तंजीम के गठन का ऐलान किया गया। बलोच लिबरेशन आर्मी के कमांडर उस्ताद असलम ने दोनों भाइयों की बहादुरी को देखते हुए, इस आत्मघाती तंजीम का नाम मजीद ब्रिगेड रख दिया। आजकल बलोच विद्रोही व पाक तहरीक-ए-तालिबान के पश्तून बागी उस संपूर्ण इलाके को अपना निशाना बना रहे हैं, जहां से होकर पाक-चीन आर्थिक गलियारा गुजर रहा है। इस कॉरिडोर की हिफाजत के लिए चीन ने अपने सैनिक भेजने की पेशकश की, जिसको पाक ने ठुकरा दिया है, क्योंकि वह अमेरिका की नजर में चीन का सैन्य साझीदार देश नहीं बनना चाहता। अफगानिस्तान में तालिबान हुकूमत स्थापित हो जाने के बाद बलोच और पश्तून बागियों के संघर्ष में एक नई जान आ गई है। वे अफगानिस्तान में अपने गोरिल्ला कैंप बना लिए हैं। इन विद्रोहियों की भरपूर इमदाद अफगान तालिबान कर रहे हैं। विधि की विडंबना देखिए जिन अफगान तालिबान को पाकिस्तानी फौज ने पाला पोसा और परवान चढ़ाया था और फिर अफगानिस्तान में सत्तानशीन कराया था, वही आज पाकिस्तान के दुश्मन बनकर उभरे हैं।

(लेखक विदेश मामलों के जानकार हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)
लेख पर अपनी प्रतिक्रिया edit@haribhoomi.com पर दे सकते हैं।

मुद्दा
सुरेश हिंदुस्तानी



# अंसारी की मौत पर राजनीति क्यों

भारत के कुख्यात अपराधी मुख़्तार अंसारी की मौत के मामले को राजनीतिक रंग देने का प्रयास किया जा रहा है। इस प्रकार मौत के बहाने एक बार फिर से तुष्टिकरण की राजनीति की जा रही है। आतंकियों और अपराधियों को संप्रदाय से अलग देखने की क़वायद करने वाले कुछ राजनीतिक दल इस मौत को भी सांप्रदायिक चश्मे से देख रहे हैं। जबकि यह सत्य है कि किसी भी अपराधी को सजा उसके स्वयं के कर्म ही देते हैं। लेकिन राजनीतिक दलों को इसमें भी वोट की राजनीति करने का बहाना मिल जाता है। आज उत्तरप्रदेश अपराध मुक्त राजनीति की ओर कदम बढ़ा रहा है, जिसके कारण अपराध करने वाला अपने कर्म को करने से पहले उसकी होने वाली परिणति को भांप लेता है और संभल जाता है, लेकिन उत्तरप्रदेश के विपक्षी दलों की दिशाहीन राजनीति फिर से उसी मार्ग पर जाने का रास्ता बनाने वाली दिख रही है, जिस मार्ग पर चलकर उत्तर प्रदेश बहुत पीछे हो गया था। आज राजनीति को अपराध से मुक्त करने की आवश्यकता है। ऐसी ही नीति बनाकर राजनीतिक दलों को अपने कदम बढ़ाने चाहिए। लेकिन हम यह भी भलीभांति जानते हैं कि इस प्रकार की राजनीति के माध्यम से देश में जिस प्रकार का खेल खेला गया, उससे न तो देश का भला हुआ और न ही उस समाज का ही भला हुआ। आज इस बात से कोई भी व्यक्ति इंकार नहीं कर सकता कि बाहुबल का पर्याय बन चुकी उत्तर प्रदेश की राजनीति में अब पहले जैसी धमक नहीं है। सरकारों को अपने संकेतों पर चलाने वाले उत्तर प्रदेश में माफिया राज का अंत हो चुका है। उल्लेखनीय है कि लम्बे समय से उत्तरप्रदेश में माफिया राज हावी था, यह माफिया हो चाहता था, राजनीतिक संरक्षण में उसको अंजाम भी देता रहा है। जिसके कारण तमाम अपराधी रंगदारी, हत्या, हत्या के प्रयास और ज़मीन पर कब्ज़ा करने के लिए अपनी दबंगई दिखाते थे, अब वैसी दबंगई नहीं दिखती तो इसके पीछे शासन और प्रशासन की सकारात्मक सक्रियता ही है।


उत्तरप्रदेश में बाहुबली नेता के तौर पर स्थापित होकर राजनीति करने वाले मुख़्तार अंसारी की मौत पर जमकर राजनीतिक बयानबाजी की जा रही है, कोई मुख़्तार की मौत को हत्या बताने की राजनीति की जा रही है तो कोई इसे वोट कबाड़ने की सीढ़ी बनाने का प्रयास कर रहा है। ये सभी जानते हैं कि मुख़्तार अंसारी कोई सामान्य अपराधी नहीं था, उस पर 65 मामले दर्ज थे, जिनमें उसको आठ में सजा भी मिल चुकी थी, लेकिन इसके बाद भी इस कुख्यात अपराधी के साथ राजनीतिक दलों का खड़े होना कई प्रकार के प्रश्न पैदा कर रहा है। विपक्षी दल जो आरोप लगा रहे हैं, वे एक अपराधी को समर्थन देने जैसा हैं। इससे यह भी अर्थ निकाला जा सकता हैं कि विपक्ष की राजनीति का आधार भी माफिया ही हैं क्या?

आज ज़ब विपक्षी राजनीतिक दलों की ओर से मुख़्तार अंसारी की मौत के कारणों की जांच की मांग की जा रही है, तब इसे इसलिए न्यायसंगत कहा जा सकता है कि जांच की मांग करना पूरी तरह से न्यायोचित है, लोकतांत्रिक देश में यह अधिकार सभी को है, लेकिन किसी घटना के बारे में निर्णय कर देने की राजनीतिक परंपरा जनता को भ्रमित करने जैसी ही मानी जाएगी। ऐसे में यही कहा जा सकता है कि एक अपराधी को महिमामंडित करके उसके क्रियाकलापों का समर्थन करना राजनीति को अपराध से युक्त करना एक राजनीतिक प्रयास ही माना जाएगा। यहां एक सवाल यह भी उपस्थित हो रहा है कि मुख़्तार अंसारी के परिजनों ने यह स्पष्ट तौर पर कहा था कि उनकी तबियत बहुत ही खराब है। अब पोस्टमार्टम रिपोर्ट में साफ हो गया है कि , मुख़्तार की मौत हार्ट अटैक से हुई। ऐसे में मौत के कारणों को लेकर सवाल उठाना राजनीति के अलावा कुछ नहीं। एक समय अपराध की दुनिया के शातिर रह चुके मुख़्तार अंसारी की वह ज़मीन पूरी तरह से खिसक चुकी थी, जिसके सहारे लोगों में डर का माहौल बनता था।

उत्तरप्रदेश लम्बे समय तक अपराध युक्त राजनीति का केंद्र रहा है। तमाम अपराधी भी इसके सहारे राजनीतिक संरक्षण प्राप्त करते रहे हैं। इस संरक्षण के माध्यम से बाहुबली राजनीति के पर्याय बने नेताओं ने जहां एक ओर ज़मीनों पर अवैध कब्जा किए, वहीं कभी कभी निर्दोष लोगों को डराने के लिए हत्या जैसे कारनामों को भी अंजाम दिया। इसके बाद भी कई राजनेता उनके साथ खड़े दिखाई दिए। आज ज़ब राजनीति को अपराध से मुक्त करने की आवाज उठाई जाती है, तब उसका इशारा यह स्पष्ट संकेत देता है कि बाहुबल के सहारे जो खेल खेला जाता है, उस पर रोक लगना चाहिए, लेकिन कुछ राजनीतिक दल इस पर मौन साध लेते हैं। यही मौन उनको संरक्षण प्रदान करता है। उत्तरप्रदेश में निश्चित रूप से आज हालात बदले हुए हैं। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने बिना किसी भेदभाव के प्रदेश को अपराध से मुक्त करने का साहस दिखाया है, उसके परिणाम भी दिखाई देने लगे हैं।

(लेखक वरिष्ठ पत्रकार हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)


## हड़बड़ी न करें, क्योंकि धैर्य का फल हमेशा मीठा होता है!



संकलित
दर्शन

किसी गुरुकुल में गुरुदेव बालकों को बाण चलाना सिखा रहे थे। एक अतिउत्साही शिष्य ने धनुष को इतनी जोर से खींचा कि उसके दो टुकड़े हो गए। गुरुदेव ने शिष्य को ज्ञान दिया कि अधीरता से योग्यता अपव्यय हो जाती है। लक्ष्य को भेदने के लिए जितनी ऊर्जा की आवश्यकता है उससे अधिक या कम ऊर्जा का प्रयोग करने पर लक्ष्य को साधना असंभव है। हमारा जीवन भी एक धनुष के समान है। यदि धैर्यपूर्वक ऊर्जा को धीरे-धीरे संचित करने के बाद नियंत्रण के साथ इसे व्यय करने की कला सीख ली जाए तो लक्ष्य कितनी ही दूरी पर क्यों न हो उसे प्राप्त करना असंभव नहीं है। धैर्य का अर्थ मूक रहकर मात्र प्रतीक्षा करना नहीं है। धैर्य का अर्थ है उत्तेजनारहित होकर अपने कार्य में निरंतर संलग्न रहना। किसी कार्य के प्रति अतिउत्साह अथवा असंयम उक्त कार्य के फल को परिपक्व नहीं होने देता। चाक पर चढ़े कच्चे घड़े को यदि आतुरता में समय से पहले उतार लिया जाए तो उसका आकार विकृत हो जाता है। हमें ऐसा भ्रम हो सकता है कि जीवन में प्रगति इतनी धीमी गति से हो रही है कि कोई परिवर्तन दिखाई नहीं देता। हम परिवर्तन की चाह में धैर्य खो बैठते हैं और शीघ्र सफलता की आकांक्षा में हड़बड़ी में ऐसे निर्णय ले बैठते हैं, जिनसे हमारा भविष्य बिगड़ सकता है। युवाओं में ऊर्जा का अधिक भंडार होता है। यह ऊर्जा उन्हें कार्य को जल्द से जल्द संपादित करके फल प्राप्ति के लिए लालायित करती है। उन्हें इस ऊर्जा का सदुपयोग करना नहीं आता।

## श्रमरहित पराश्रित जीवन विकास के द्वार बंद करता है!



संकलित
प्रेरणा

महर्षि वेदव्यास ने एक कीड़े को तेजी से भागते हुए देखा। उन्होंने उससे पूछाः हे क्षुद्र जंतु, तुम इतनी तेजी से कहाँ जा रहे हो? उनके प्रश्न ने कीड़े को चोट पहुंचाई और वह बोलाः हे महर्षि, आप तो इतने ज्ञानी हैं। यहां क्षुद्र कौन है और महान कौन? क्या इस प्रश्न और उसके उत्तर की सही-सही परिभाषा संभव है? कीड़े की बात ने महर्षि को निरुत्तर कर दिया। फिर भी उन्होंने उससे पूछाः अच्छा यह बताओ कि तुम इतनी तेजी से कहाँ जा रहे हो? कीड़े ने कहाः मैं तो अपनी जान बचाने के लिए भाग रहा हूँ। देख नहीं रहे, पीछे से कितनी तेजी से बैलगाड़ी चली आ रही है। कीड़े के उत्तर ने महर्षि को चौंकाया। वे बोले, तुम तो इस कीट योनि में पड़े हो। यदि मर गए तो तुम्हें दूसरा और बेहतर शरीर मिलेगा। इस पर कीड़ा बोलाः महर्षि, मैं तो इस कीट योनि में रहकर कीड़े का आचरण कर रहा हूँ, परंतु ऐसे प्राणी असंख्य हैं, जिन्हें विधाता ने शरीर तो मनुष्य का दिया है, पर वे मुझसे भी गया-गुजरा आचरण कर रहे हैं। कीड़े की बातों में महर्षि को सत्यता नजर आई। वे सोचने लगे कि वाकई जो मानव जीवन पाकर भी देहासक्ति और अहंकार से बंधा है, जो ज्ञान पाने की क्षमता पाकर भी ज्ञान से विमुख है, वह कीड़े से भी बदतर है। महर्षि ने कीड़े से कहाः नन्हें जीव, चलो हम तुम्हारी सहायता कर देते हैं। कीड़ा बोलाः किंतु मुनिवर श्रमरहित पराश्रित जीवन विकास के द्वार बंद कर देता है। कीड़े के कथन ने महर्षि को ज्ञान का नया संदेश दिया।

## अंतर्मन




### आज की पाती


**इंडी गठबंधन के पाले बदल गए, चेहरे वही है**

इंडी के लिए राजनीति धालमेल है। कांग्रेस गठबंधन का चरित्र ही बदला नजर आ रहा है। इसके चलते चौतरफा विरोध के स्वर फुट रहे है। इंडी गठबंधन सत्ता के सपने बुन रहे उसके कार्यकर्ताओं ने ही झकझोर कर रख दिया है। केजरीवाल की 15 अप्रैल तक न्यायिक हिरासत बढ़ गई है। इनका सता का सपना सच नही हो सकता है। केजरीवाल का दामन कांटो भरा है। केजरीवाल अगर दूध के धुले होते तो कोर्ट हिरासत क्यो बढ़ाती? लोकसभा चुनाव में कांग्रेस से आए सैकड़ो बागियों को भाजपा में तरजीह मिली है। यह अपने अपने दल की विचारधारा है। - **कांतिलाल मांडोत**, सूरत

## करंट अफेयर

# गाजा के मुख्य अस्पताल से हटी इजराइली सेना


इजराइली सेना ने दो हफ्तों तक किए गए हमलों के बाद गाजा के मुख्य अस्पताल से अपने सैनिकों को हटा लिया और अपने पीछे तबाही के बड़े निशान छोड़ दिए हैं। फलस्तीनी निवासियों ने यह जानकारी दी। इजराइली सैनिकों को हटाए जाने के बाद सोमवार को सुबह सैकड़ों लोग शिफा अस्पताल और आसपास के इलाकों में लौटे जहां उन्हें अस्पताल के अंदर और बाहर शव पड़े मिले। इजराइली सेना ने इस हमले को करीब छह महीने से चल रहे युद्ध के सबसे सफल अभियान में से एक बताया और कहा कि उसने सैकड़ों हमास और अन्य आतंकवादियों को मार गिराया तथा कुछ अहम खुफिया दस्तावेज भी जब्त किए। इजराइली सेना हटाए जाने के बाद इलाके में लौटे मोहम्मद महदी ने घटनास्थल के दृश्य को ''पूरी तबाही'' बताया। उन्होंने कहा कि कई इमारतें जला दी गयीं। उन्होंने इलाके में छह शवों की गिनती की। इनमें से दो शव अस्पताल परिसर में पड़े थे। एक अन्य निवासी याहिया अबू औफ ने कहा कि अस्पताल में मरीज, चिकित्सा कर्मी तथा विस्थापित लोग मौजूद हैं। उन्होंने बताया कि कई मरीजों को नजदीकी अहली हॉस्पिटल ले जाया गया है। उन्होंने बताया कि सेना के बुलडोजर ने अस्पताल परिसर के भीतर एक अस्थायी कब्रिस्तान को ढहा दिया है।



## ऑफ बीट

# जल्द गहराने वाला है रचनात्मकता का संकट

जनरेटिव आर्टिफिशियल इंटेलीजेंस अपने स्रोत को श्रेय देना पसंद नहीं करती। कलाकारों के लिए यही समस्या है। कुछ ही सालों के भीतर जनरेटिव एआई अचानक से एक नए प्रकार के रचनात्मक उपकरण के तौर पर क्रांतिकारी रूप में सामने आयी है। केवल शब्दों के जरिए थोड़ी सी व्याख्या करने मात्र से अब कोई भी रचना तैयार की जा सकती है । अगर लोग इस क्रांति की तुलना फोटोग्राफी, फोनोग्राफ, सिंथेसाइजर या इंटरनेट से कर रहे हैं तो वे कहीं भी गलत नहीं हैं। पूर्व की रचनात्मक तकनीकों की तरह ही एआई मौजूदा रचनात्मक प्रक्रियाओं को बाधित कर रही है। लेकिन पारंपरिक रचनात्मक विधियों से मुकाबला करने से कहीं अधिक जनरेटिव एआई टूल्स उन पिछले रचनात्मक कार्यों, कलाकारों के श्रम और उनकी रचनात्मकता का भी शोषण कर रहे हैं जिनका इस्तेमाल कर जनरेटिव एआई को प्रशिक्षण प्रदान किया गया था। इसलिए इस मुद्दे पर तीखी बहस शुरू हो गई है कि जनरेटिव एआई को प्रशिक्षित करने के लिए इस्तेमाल की गई सामग्री से जुड़े अधिकारों से किस प्रकार निपटा जाना चाहिए। उभरते हुए एआई दिग्गज, ओपनएआई और स्टेबिलिटीएआई समेत एक खेमे का तर्क है कि जेनरेटिव एआई मॉडल को प्रशिक्षित करने के लिए दुनिया के रचनात्मक संग्रह का इस्तेमाल 'उचित उपयोग'' है।



## ट्रेंड

### प्राथमिकताएं स्पष्ट

बैंकिंग व्यवस्था को लेकर हमारे विजन में बड़ी-बड़ी कंपनियों से लेकर रेहड़ी-पटरी वाले भाई-बहनों की जरूरतों पर भी हमारा फोकस है। आज भारत की प्राथमिकताएं स्पष्ट हैं, इसलिए इसे प्रगति करने से कोई रोक नहीं सकता।
-नरेंद्र मोदी, प्रधानमंत्री



### भगवान राम के पास सत्य था

भगवान राम जब सत्य के लिए लड़े, उनके पास सत्ता नहीं थी, संसाधन नहीं थे, उनके रथ भी नहीं था। रथ रावण के पास था, संसाधन रावण के पास थे। भगवान राम के साथ आशा थी, आस्था थी, विनम्रता थी, धीरज था, साहस था और सत्य था।
- प्रियंका गांधी, कांग्रेस नेता



### बहुत उत्साहित हूं

डिज़्नी में मुख्य डीईआई अधिकारी के रूप में शामिल होने के लिए उत्साहित हूं। बॉब इगर और कैथलीन कैनेडी की सामग्री को और अधिक जीवंत बनाने के लिए उनके साथ काम करने का इंतजार नहीं कर सकता। यहां तक कि भाषाई भी।
-एलन मास्क, उद्योगपति



### मां को सुकून

मां को बच्चों के लिए स्वेटर बुनना बहुत अच्छा लगता है। एक बार जब स्वेटर बन जाये तो तब तक सुकून नहीं मिलता जब तक मैं या मेरा भाई राजू स्वेटसर्स को बच्चों को देने का सुबूत उनको ना दें।
-अनुपम खेर, अभिनेता



हमारा पता
हरिभूमि कार्यालय
रिंग रोड नं. 2, गौरवपथ, बिलासपुर
फोन: 401050,271016,फैक्स-271018
ई-मेल: haribhoomibsp@gmail.com
वेब-साइट: www.haribhoomi.com

MARUTI SUZUKI

NEXA

# INSPIRATION IS JUST A DRIVE AWAY.

Discover the NEXA range of cars.

CREATE. INSPIRE.




NEXA
8
INSPIRING EXPERIENCES

**"VISIT YOUR NEAREST NEXA DEALERSHIP TO AVAIL EXCITING BENEFITS"**

Scan to explore NEXA World

Scan to chat on WhatsApp

**BILASPUR: NEXA AUTOPARK** (SATYA AUTO PVT. LTD. PH: 7089888884), **RAIGARH: NEXA KOTRA ROAD** (M SQUARE MOTORS PH: 6269002140),
**AMBIKAPUR: NEXA MG ROAD AMBIKAPUR** (MAHAMAYA AUTOCARS PVT. LTD. PH: 7987898802),
**KORBA: NEXA KORBA CENTRAL** (SATYA AUTO PVT. LTD. PH: 9109134140).
Contact us at **1800-200-[6392], 1800-102-[NEXA]** and visit **www.nexaexperience.com** to book online.

*Terms & conditions apply. Features and accessories shown may not be part of standard fitment. Black glass shade on the vehicle is due to the lighting effect. Images used are for illustration purposes only. All offers are brought to you by NEXA dealers only. Offers may vary subject to the model and variant purchased. Maruti Suzuki reserves the right to withdraw offers at any point in time without any advance notice. All offers are applicable till 30th April'24 or till stocks last. Maruti Suzuki Smart Finance is now available pan-India. Maruti Suzuki Subscribe available only in selected cities.

01- APR- COR- MAIN- Pg- 6 SAHELI_Layout 1 4/1/2024 9:27 PM Page 1



कुछ लोग अपने रिश्ते को बहुत ज्यादा तरजीह देते हैं। रिश्ते जरा से कमजोर हुए नहीं कि ऐसे लोग बहुत विचलित हो जाते हैं। कभी-कभी तो इनके मन में रिश्तों को लेकर असुरक्षा की भावना गहरे तक बैठ जाती है। ये अपनों के प्रति हमेशा सशंकित रहते हैं कि हम इन्हें खो ना दें। लोगों के मन में इस तरह रिश्तों को लेकर असुरक्षा की भावना क्यों आती है? अपने रिश्ते कैसे हमेशा सहेजे रखें? बहुत जरूरी सलाह।




कवर स्टोरी
विचित्रा दर्गन आनंद
रिलेशनशिप एक्सपर्ट

# रिश्तों में क्यों आती है असुरक्षा की भावना

यह अजीब-सा विरोधाभास है कि व्यक्ति जिससे सबसे अधिक जुड़ाव महसूस करता है, उसके मन में उसी के लिए सबसे ज्यादा संशय और सवाल भी उठते हैं। यहां असली समस्या रिश्तों की नहीं, मन की उलझनों से जुड़ी होती है, जिन्हें सही वक्त पर सुलझाना बहुत जरूरी है, अन्यथा इनकी वजह से स्ट्रेस और एंग्जायटी जैसी मनोवैज्ञानिक समस्याएं पैदा हो जाती हैं। कोई व्यक्ति अपने रिश्तों में स्वयं को क्यों असुरक्षित महसूस करता है, ऐसी जटिल मनोदशा से बाहर निकलने के लिए क्या करना चाहिए, हम सभी को इसे जरूर जानना-समझना चाहिए। इस समस्या से कोई भी हमारा अपना या हम स्वयं भी घिर सकते हैं। देखा जाता है, महिलाएं इस तरह की समस्या से ज्यादा घिरती हैं, क्योंकि वे अधिक भावुक होती हैं, समाज में भी पुरुषों की तुलना में उनके अनुकूल परिस्थितियां कम होती हैं।







## दांपत्य जीवन की उलझनें

आमतौर पर ऐसा देखा जाता है कि बाहरी रंग-रूप और शैक्षणिक योग्यता आदि को लेकर अगर कोई व्यक्ति अपने जीवनसाथी की तुलना में खुद को कमतर महसूस करता है तो उसके मन में हमेशा इस बात की चिंता सताती रहती है कि कहीं मेरा पार्टनर मुझे नापसंद तो नहीं करता? ऐसे में पति या पत्नी दोनों में से किसी एक के मन में यह डर बना रहता है कि कहीं मेरा जीवनसाथी मुझे छोड़ तो नहीं देगा?

**क्या करें :** आप दोनों में से जिसके मन में रिजेक्शन का भय हो, उसे अपने साथी से खुलकर बात करनी चाहिए। दोनों की यह जिम्मेदारी बनती है कि आप अपने पार्टनर के मन में छिपे डर को दूर करने की कोशिश करें, उसकी कमजोरियों को नजरअंदाज करते हुए अच्छी आदतों की प्रशंसा करें और अपनी पॉजिटिव बातों से अपने जीवनसाथी का मनोबल बढ़ाएं।



## पैरेंटिंग से जुड़ी असुरक्षा

अधिकतर पैरेंट्स अपने टीनएजर बच्चों के व्यक्तित्व और व्यवहार के प्रति सशंकित रहते हैं। उन्हें हमेशा इस बात की चिंता सताती है कि पीयर प्रेशर के कारण कहीं हमारे बच्चे गलत आदतों के शिकार ना हो जाएं, फिर कुछ समय के बाद बच्चे जब करियर में सैटल हो जाते हैं, तो पैरेंट्स को यह चिंता सताती है कि हमारे बच्चे अगर जॉब की वजह से दूसरे शहरों में चले जाएंगे, तो बुढ़ापे में हमारी देखभाल कौन करेगा? युवा हो रही संतान के पैरेंट्स के मन में स्वाभाविक रूप से ऐसी बातें आती हैं।

**क्या करें :** ऐसी समस्या से बचने के लिए आप छोटी उम्र से ही अपने बच्चों के साथ नियमित रूप से बातचीत की आदत विकसित करें, उनके लिए अनुशासन के स्पष्ट नियम बनाएं, उनके साथ आपसी विश्वास और प्यार का रिश्ता कायम करें, ताकि वे आपसे अपनी समस्याओं पर खुलकर बातचीत कर सकें। आपके बच्चे आपको इनसिक्योर नहीं फील होने देंगे।

## प्रोफेशनल संबंधों से जुड़ी परेशानियां

कॉन्फिडेंस की कमी के कारण प्रोफेशनल जीवन में कई बार लोगों को रिजेक्शन की प्रॉब्लम झेलनी पड़ती है। इससे उनके मन में हीन भावना पनपने लगती है और ऑफिस में वे दूसरों की तुलना में स्वयं को इनसिक्योर महसूस करते हैं।

**क्या करें :** ऐसी स्थिति में अपनी कमजोरियों के बारे में सोचकर चिंतित होने के बजाय सचेत तरीके से उन्हें दूर करने की कोशिश करें और सकारात्मक सोच रखने वाले लोगों से निकटता बढ़ाएं।

## दोस्ती में बढ़ती दूरियां

कुछ लोग अपने दोस्तों पर भावनात्मक रूप से बहुत ज्यादा निर्भर होते हैं, वे अपने हर निर्णय उनसे पूछ कर लेते हैं, ऐसे में जब दोस्त उनके साथ नहीं होता तो उन्हें बहुत घबराहट होती है। कई बार दोस्त की नाराजगी के डर से वे उसकी हर बात मान लेते हैं और उससे भी ऐसी ही उम्मीद रखते हैं। ऐसे में जब कभी व्यस्तता की वजह से दोस्त उनके लिए समय नहीं निकाल पाते तो ऐसे लोग यह सोचकर चिंतित हो जाते हैं कि अब हमारी दोस्ती खतरे में पड़ गई है।

**क्या करें :** दोस्तों के प्रति ज्यादा पजेसिव होने की आदत से बचें, उन्हें थोड़ा पर्सनल स्पेस दें, खुद भी नए लोगों की तरफ दोस्ती का हाथ बढ़ाएं, खुश रहें और खुशियां बांटें।

प्रस्तुति : विनीता

आज लगभग हर कोई सोशल मीडिया पर एक्टिव है। महिलाएं भी एक्टिव हैं। इंटरनेट के माध्यम से उनके लोगों से रिश्ते बन जाते हैं। इस वर्चुअल रिलेशन में वे छली न जाएं, किसी मुसीबत में न फंसें, इसलिए बहुत जरूरी है, महिलाएं कुछ सावधानियां बरतें।





# वर्चुअल दिल्लगी से रहें सावधान

बी-अलर्ट / नम्रता नदीम

इन दिनों अधिकतर मध्यवर्गीय व्यक्ति दिन के अपने कई घंटे वर्चुअल एक्टिविटीज में गुजारता है, इसलिए वर्चुएलिटी का हमारी वास्तविक जिंदगी का हिस्सा होना स्वाभाविक है। किसी से इश्क या लगाव भी इसी गतिविधि का नतीजा है। लेकिन महिलाओं के लिए साइबर दुनिया अभी पूरी तरह सुरक्षित नहीं है। इसलिए कुछ बातें जाननी जरूरी हैं।

**खतरों से अनभिज्ञ:** यह सही है कि आज के दौर में वर्चुअल लाइफ महिलाओं की रोजमर्रा की जिंदगी का हिस्सा भले बन गई हो, लेकिन इसके लिए अकसर उनमें जरूरी समझदारी नहीं होती। इस दुनिया में रिश्तों को लेकर कैसी सावधानी बरतनी है, क्या-क्या खतरे हैं, इससे अधिकांश महिलाएं परिचित नहीं हैं।

**साइबर इश्क की कड़वी हकीकत:** हम आपको एक उदाहरण के जरिए साइबर दुनिया की वास्तविकता से परिचित करना चाहेंगे। मान लीजिए किसी अंजान शख्स से आप ऑनलाइन संपर्क में आती हैं। वह आपको प्रेमपत्र लिखता है। आपकी भी उसमें दिलचस्पी बढ़ती है। लेकिन एक मिनट बाद ही वह लापरवाही से ऑफलाइन होते हुए कहता है, 'जाना होगा, बाद में बात करेंगे।' आपकी प्रतिक्रिया जाने बगैर वह संपर्क तोड़ देता है। अब सारा दिन आप यही सोचती हैं कि वह ऑनलाइन कब आएगा? आप जानती हैं कि यह सब अतार्किक है, लेकिन वह व्यक्ति जो वर्चुअल वर्ल्ड के दूसरे छोर पर बैठा है, उसने आपके दिल-दिमाग में हलचल पैदा कर दी है। ...और अब वह संपर्क भी नहीं कर रहा। यह साइबर वर्ल्ड के इश्क की कड़वी हकीकत है। इसे समझने की जरूरत है।

**नेगेटिव-पॉजिटिव पहलुओं पर दें ध्यान:** आप जब भी वर्चुअली किसी से जुड़ें तो इसके नेगेटिव और पॉजिटिव दोनों ही पहलुओं पर ध्यान दें। मसलन, जो आप देख रही हैं, क्या वही आपको मिल रहा है? हमेशा नहीं मिलता। यह बात दोनों पर ही लागू होती है। आप पर भी और आपके चैटिंग साथी पर भी। जो कुछ आप ऑनलाइन पोस्ट करती हैं, वह सही या गलत दोनों किस्म के लोगों को आकर्षित कर सकता है। इसलिए जब आप कहती हैं, '26 वर्ष की हूं, डेटिंग पार्टनर्स की तलाश है', तो आप अच्छे दोस्त बनाने के विकल्प पर विराम लगा देती हैं। यह समझ लें कि सब चीजें डेट से शुरू होकर डेट पर खत्म नहीं होतीं। यह भी तय है कि आप प्रेम और दोस्ती दोनों की ही तलाश में होंगी, इसलिए व्यापक नोट के साथ शुरुआत करें। आपकी दिलचस्पियों में भी वैरायटी होनी चाहिए ताकि विभिन्न किस्म की दिलचस्पियों वाले लोग आपकी प्रोफाइल की ओर आकर्षित हों। लेकिन भूलकर भी कभी अपना एड्रेस और फोन नंबर न दें। ई-मेल आईडी ही पर्याप्त है, क्योंकि इससे आपको अपनी मर्जी के अनुसार लॉगआउट करने की आजादी रहती है। अगर आप गलत किस्म के लोगों से बचना चाहती हैं तो यह बात लाजिमी तौर से ध्यान में रखें।

**धीरे-धीरे बढ़ें आगे:** जब भी किसी के साथ ऑनलाइन 'हाय-हैलो' की शुरुआत करें, तो आरंभ में गति धीमी और बातचीत कैजुअल रखें। सीधे और साधारण संदेशों से जो बातें आगे बढ़ती हैं, वह ही सही ढंग से दोस्ती/डेटिंग में डेवलप हो सकती है। इस बात का ध्यान रहे, हल्की-फुल्की फ्लर्टिंग तो ठीक है, लेकिन जो लड़का द्विअर्थी संदेश भेजे, उसे अलविदा कह दे वरना आगे आप मुसीबत में फंस जाएंगी।

### पारिवारिक फोटो ना करें शेयर

**पर्सनल फोटोग्राफ** व्यक्तिगत संपत्ति होते हैं, इसलिए उन्हें परिवार के लिए ही सीमित रखें। इन फोटोग्राफ का वेब पर इस्तेमाल करना ठीक नहीं है। इसके अलावा आपकी पारिवारिक तस्वीरों में किसी की भी दिलचस्पी नहीं होती। भला कौन आपको जानने से पहले आपके परिवार की तस्वीरें देखना चाहेगा? इसलिए सब कुछ साधारण रखें और सिर्फ अपने अकेले की तस्वीर पोस्ट करें। हमेशा अपने अकाउंट को सिक्योर रखें ताकि कोई भी आपकी तस्वीर के साथ कुछ बदलाव न कर सके।




एडवाइस / शिखर चंद जैन

# ऐसे रहेंगी आप हमेशा पॉजिटिव

अकसर मोटिवेशनल स्पीकर, साइकोलॉजिस्ट और बिहेवियर एक्सपर्ट हमें पॉजिटिव रहने के लिए और मन को प्रफुल्लित रखने की सलाह देते हैं। इसके लिए हम क्या करें? आइए, जानते हैं कुछ आसान से उपाय।

**सुबह की शुरुआत हो एनर्जी के साथ:** जब आप सुबह उठती हैं, जिस सोच के साथ अपनी दिनचर्या शुरू करती हैं, यही सोच आपके पूरे दिन को अच्छा या बुरा बनने में बड़ी भूमिका निभाती है। सुबह हमेशा एक एनर्जी के साथ और शांत मन से जागें। अपने इष्ट देवों का स्मरण करें। प्रार्थना करें। प्राणायाम करें। आज क्या करेंगी, यह तय करें। देर तक बिस्तर पर न रहें। सुबह जल्दी उठ कर अपने तन-मन को जागृत और सक्रिय करें।



**लोगों के कमेंट्स को करें नजरअंदाज:** लोग क्या कहेंगे, क्या सोचेंगे। अमुक व्यक्ति ने मेरे बारे में ऐसा क्यों कहा? जरा सोचिए, इन बातों से आपको क्या फर्क पड़ने वाला है? कुछ भी नहीं। इन कमेंट्स पर अगर आप ध्यान देंगी तो आपका ध्यान अपने मूल लक्ष्य से भटक जाएगा। आप लोगों से कदम-कदम पर उलझेंगी। इससे आपके भीतर नेगेटिविटी भरेगी। मन उदास रहेगा और आपकी प्रोडक्टिविटी प्रभावित होगी। बेहतर होगा कि लोगों के कमेंट्स को हवा में उड़ाना सीखें और अपने काम पर ध्यान दें।

**अपनी सोच का दायरा बढ़ाएं:** आप अपनी सोच को जितना व्यापक करेंगी, नई तकनीक और नई बातों के प्रति जानकारी हासिल करने की प्रवृत्ति रखेंगी, उतना ही आप बेकार और नेगेटिव बातों से दूर रहेंगी, क्योंकि तब आपको फिजूल के लोगों और उनकी बेकार की बातों पर ध्यान देने के लिए वक्त ही नहीं मिलेगा। जब आपकी सोच और ज्ञान का दायरा बढ़ेगा तो आप किसी बात को कई आयामों से सोचने लगेंगी। नतीजतन नेगेटिविटी आपके दिमाग पर हावी नहीं हो सकेगी।

### खुद पर दें ध्यान

**अकसर हम** दूसरों को नियंत्रित करने में या उन चीजों को बदलने में अपनी एनर्जी नष्ट करते हैं, जो हमारे बस में नहीं हैं, इससे हमारा मूड खराब होता है। इसी प्रकार हम दूसरों को उनकी मुसीबत के समय उन्हें तरह-तरह की सलाह और उपदेश देते हैं, लेकिन जब अपने पर बीतती है तो घबरा जाते हैं। उदासी में डूबकर हार मानकर बैठते हैं। कहा भी गया है 'परोपदेशो पांडित्यम'। अच्छा होगा कि हम अपने आस-पास के लोगों की परिस्थितियों पर सवाल उठाने के बजाय उनसे सबक लें। दूसरों को सुधारने में वक्त बर्बाद न करें बल्कि खुद को उन्नत करने के लिए तत्पर रहें।



अप्रतिनिधित्व क्षेत्रों में डीलरशिप एवं ASM या SR हेतु संपर्क करें
Mobile: 92851 63700, Email: gdc.indore@gmail.com

01- APR- COR- MAIN- Pg- 7 SAHELI_Layout 1 4/1/2024 9:27 PM Page 1



सर्दी के मौसम में जहां ड्रेसअप स्टाइल मेंटेन करने के साथ ठंड से बचने का भी ध्यान रखना होता है। वहीं इन दिनों के बदलते मौसम में आप ऐसी कई तरह की ड्रेसेस कैरी कर सकती हैं, जो आपको अट्रैक्टिव ही नहीं स्टाइलिश भी दिखाएंगी। ऐसे ही कुछ बेहतरीन ड्रेस ऑप्शंस के बारे में बता रहे हैं आपको।

# बदल रहा है सीजन चेंज करें ड्रेसअप स्टाइल



फैशन / निधि गोयल

इन दिनों मौसम का मिजाज बदल रहा है। ऐसे में लाइफस्टाइल के साथ ड्रेसिंग स्टाइल में भी बदलाव आना स्वाभाविक ही है। इस सीजन के लिए ड्रेसेस के बहुत सारे ऑप्शंस आपको मिल जाएंगे। मार्केट में भी सीजन को देखते हुए ड्रेसेस की काफी वैरायटी दिखने लगी है। ऐसे में आप भी अपनी पसंद के अनुसार कुछ स्टाइलिश ड्रेसेस को वार्डरोब में शमिल कर सकती हैं।

**एवरग्रीन प्रिंटेड कुर्ती :** बदलते मौसम और गर्मियों में जो ड्रेस सबसे ज्यादा पसंद की जाती हैं, उनमें प्रिंटेड कुर्ती भी शामिल हैं। इसीलिए यह वर्षों से एवरग्रीन ड्रेस मानी जाती है। यंग और मिड एज की महिलाएं खासतौर पर प्रिंटेड कुर्ती पसंद करती हैं। इनका फैशन वर्षों से आउटडेटेड नहीं हुआ है। इस सीजन के लिए आप भी अपने वार्डरोब में प्रिंटेड कुर्ती को शामिल कर सकती हैं। इनमें आपको बहुत सारे प्रिंट्स डिजाइन मिल जाएंगे। इनमें भी फ्लोरल प्रिंट और चेक प्रिंटेड कुर्तियां सबसे ज्यादा पसंद की जाती हैं। इन कुर्तियों को आप जेगिंग या फिर लेगिंग किसी के साथ पहन सकती हैं, सभी पर यह बेहतरीन लुक देती है।

**कंफर्टेबल कॉटन स्कर्ट-टॉप :** बदलते मौसम और आने वाली गर्मियों को ध्यान में रखते हुए इन दिनों मार्केट में कॉटन स्कर्ट और टॉप की बहार नजर आ रही है। यह एक बहुत कंफर्टेबल ड्रेसअप है। इसे आप कैजुअल और फॉर्मल दोनों तरह से पहन सकती हैं। इस ड्रेसअप में आपको प्लीजेंट लुक मिलेगा। इनमें आप स्ट्रेट कट स्कर्ट ले सकती हैं या फिर घेरे वाली स्कर्ट, सभी स्टाइलिश नजर आती हैं। इनकी खासियत है कि आप इनके साथ किसी भी तरह का टॉप पहन सकती हैं।



जंप सूट



एंकल ड्रेस

**अट्रैक्टिव जंप सूट :** इस बदलते मौसम में आप कुछ अट्रैक्टिव फैशनेबल ड्रेस भी ट्राय कर सकती हैं। जंप सूट ऐसा ही ड्रेसअप है, जो पहनने पर मॉडर्न लुक देता है। इनमें आप चाहे कॉटन के जंप सूट कैरी करें या फिर जॉर्जट के। सभी तरह के जंप सूट स्टाइलिश नजर आते हैं। अपनी पसंद के अनुसार आप प्रिंटेड या फिर प्लेन किसी भी पैटर्न के जंप सूट खरीद सकती हैं। लेकिन इन्हें लेते समय अपने फिगर के अनुसार फिटिंग का ध्यान रखें।



प्लाजो-टॉप

**स्टाइलिश एंकल ड्रेस :** एंकल ड्रेस यानी ऐसी ड्रेसेस, जो ऊपर से लेकर नीचे तक एक पूरी ड्रेस या वन पीस ड्रेस होती है। इसमें आप लॉन्ग कुर्ती पहन सकती हैं, जो फ्रॉक स्टाइल या फिर ए लाइन स्टाइल में होती हैं। पहनने पर यह गाउन जैसी नजर आती है। एंकल लेंथ ड्रेस कॉटन की या फिर जॉर्जट की मिल जाती है। इस सीजन में इन्हें कैरी करना कंफर्टेबल होता है। इनमें आपको बहुत से प्रिंट और ढेरों कलर ऑप्शंस भी मिल जाएंगे।

**मॉडर्न प्लाजो-टॉप :** अगर इस सीजन में आपका मन मॉडर्न ड्रेस पहनने का है तो आप प्लाजो के साथ टॉप भी पहन सकती हैं। आप चाहे ऑफिस जा रही हैं या फिर अपनी सहेलियों के साथ पार्टी करने, प्लाजो-टॉप आप कैरी कर सकती हैं। समर सीजन के लिए भी यह ड्रेस कॉम्बिनेशन बहुत आरामदायक और स्टाइलिश नजर आता है। बेहतर यह होगा कि प्लाजो, कॉमन कलर वाला ही लें जैसे व्हाइट या ब्लैक। इन दोनों कलर के प्लाजो किसी भी टॉप के साथ मैच करेंगे।

**(फैशन डिजाइनर ममता आनंद से बातचीत पर आधारित)**



शहद या हनी ऐसा नेचुरल प्रोडक्ट है, जो स्किन केयर में बहुत यूजफुल होता है। हर तरह की स्किन के लिए परफेक्ट हनी को अगर सही तरीके से अप्लाई किया जाए तो कई तरह की स्किन प्रॉब्लम्स को दूर किया जा सकता है। साथ ही इससे स्किन सॉफ्ट और ग्लोइंग भी बनती है। आपके लिए कुछ यूजफुल टिप्स।

# ग्लोइंग स्किन के लिए रेग्युलर यूज करें हनी



स्किन केयर

शहनाज हुसैन

कॉस्मेटोलॉजिस्ट

शहद हेल्थ के लिए ही नहीं ब्यूटी के लिए भी फायदेमंद होता है। आपका स्किन टाइप कैसा भी हो, शहद की मालिश से उसमें सॉफ्टनेस आती है और इसकी ड्रायनेस कम होती है। शहद का इस्तेमाल मास्क से लेकर नेचुरल मॉयश्चराइजर के रूप में किया जा सकता है। इससे स्किन हाइड्रेट होती है और अट्रैक्टिव दिखती है।

## होते हैं कई उपयोगी गुण

शहद का इस्तेमाल ऑयली ही नहीं नॉर्मल स्किन पर भी किया जा सकता है। स्किन से जुड़ी कई समस्याओं के लिए शहद काफी फायदेमंद होता है। शहद में आयरन, कैल्शियम, पोटेशियम, सोडियम, अमीनो एसिड, कई एंजाइम्स, विटामिन बी, सी और मिनरल्स पाए जाते हैं। शहद एक शक्तिशाली एंटीऑक्सीडेंट भी है। इसे स्किन पर सही तरीके से रेग्युलर अप्लाई करने से एजिंग साइन की समस्या भी नहीं होती है। अगर आप चाहती हैं कि आपकी स्किन सॉफ्ट रहे तो शहद का उपयोग कर सकती हैं। यह स्किन को न्यूट्रिशन देता है। स्किन पर शहद लगाने से उसमें निखार आता है।



## ऐसे करें अप्लाई

- स्किन पर निखार लाने के लिए दो चम्मच शहद में चुटकी भर हल्दी पावडर मिलाकर बने फेस पैक को 20 मिनट चेहरे पर लगाने के बाद ताजे पानी से धो डालिए। इससे चेहरे की रंगत में निखार आएगा। इसे आप हफ्ते में दो बार लगा सकती हैं।
- कांच के बाउल में समान मात्रा में शहद और नीबू रस मिलाकर इसमें चुटकी भर हल्दी पावडर मिलाकर इस तरह मिश्रण बनाएं कि स्मूथ पेस्ट बन जाए। इस पेस्ट को चेहरे पर लगाकर आधे घंटे बाद ताजे पानी से धो डालिए। इसे आप रात में सोने से पहले रेग्युलर अप्लाई कर सकती हैं। इससे स्किन सॉफ्ट और अट्रैक्टिव बनती है।
- अगर आप चेहरे पर दाग-धब्बों से परेशान हैं तो शहद काफी मददगार साबित हो सकता है। इसके लिए एलोवेरा जैल, हल्दी पावडर और शहद को मिलाकर पेस्ट बना लें। इस पेस्ट को चेहरे पर लगाकर इसे प्राकृतिक रूप में सूखने दें और बाद में ताजे, सामान्य पानी से धो डालें।
- एक चुटकी घर में पीसी हुई हल्दी, एक चम्मच शहद और उसमें दो चम्मच कच्चे दूध को मिलाकर चेहरे पर लगा लीजिए और 10 मिनट बाद ताजे पानी से धो डालिए। आप दूध में केसर भी मिला सकती हैं। ध्यान रखें कि हल्दी घर की पीसी ही हो। इसके नियमित सेवन से फेस पर ग्लो आएगा और स्किन सॉफ्ट हो जाएगी।
- फेस के साथ बॉडी के अन्य स्किन पर ग्लो लाने के लिए दो-तीन चम्मच कच्चा दूध और इतनी ही मात्रा में शहद लेकर इसका मिश्रण बना लें। इस मिश्रण को अपने चेहरे, गर्दन के साथ शरीर के खुले भागों पर लगाएं और अपनी अंगुलियों से सर्कुलर मोशन में मालिश करें। आधे घंटे बाद पानी से धो डालें। आप इसे दिन में दो बार अप्लाई कर सकती हैं।
- अगर आपकी स्किन ड्राय है तो एक चम्मच ताजे दही में आधा चम्मच कच्चा शहद मिलाकर बने मिश्रण को अपने चेहरे और गर्दन पर लगाकर 10-15 मिनट तक मालिश करें। इसे थोड़ी देर बाद पानी से धो डालें। आप इसे दो-तीन दिनों तक नियमित रूप से लगा सकती हैं। यह आपकी त्वचा की रंगत में निखार लाने के साथ ही उसको बहुत कोमल भी बनाएगा।
- शहद से बना मास्क, स्किन को कई तरह से लाभ पहुंचाता है। आप घर पर ही हनी मास्क बना सकती हैं, जो सभी प्रकार की स्किन के लिए लाभदायक साबित होता है। इसके लिए चोकर में शहद और गुलाब जल डालकर मास्क बना लें। इस मास्क को अपने फेस पर अच्छे से लगाकर सूखने तक लगा रहने दें और बाद में ताजे साफ पानी से धो डालें।
- शहद ऑयली और मिक्स्ड स्किन दोनों के लिए फायदेमंद होता है। ऑयली स्किन के लिए शहद में अंडे का सफेद भाग मिला लें। इसे अपने चेहरे पर लगाकर 10-15 मिनट के बाद धो लें। अंडे के सफेद भाग में क्लींजिंग गुण होते हैं। साथ ही यह ऑयल को भी कम करने में मदद करता है। अगर आपकी स्किन मिक्स्ड नेचर की है तो आप केवल शहद का इस्तेमाल करें।
- अगर आपकी स्किन पर अकसर पिंपल हो जाते हैं तो आपको स्किन पर शहद लगाना चाहिए। इसके लिए एक चम्मच शहद में थोड़ी सी मुल्तानी मिट्टी डालें और इसे चेहरे पर लगा लें। शहद में दही डालकर भी इसका इस्तेमाल किया जा सकता है। इस पेस्ट को चेहरे पर 20 मिनट तक लगा रहने दें, फिर धो लें।

**प्रस्तुतिः हरिभूमि फीचर्स**

इंटीरियर / मधु सिंह


मास्टर बेडरूम या घर का मेन बेडरूम अगर वास्तु के अनुसार व्यवस्थित होगा तो इसका असर उसमें सोने वाले के स्वास्थ्य और घर की समृद्धि पर पड़ता है। कैसा हो आपके बेडरूम का इंटीरियर, यूजफुल सजेशंस।

# ऐसा हो आपका मास्टर बेडरूम

मास्टर बेडरूम का मतलब है परिवार के सबसे बड़े सदस्य या मुखिया का बेडरूम। किसी भी परिवार में घर के अर्निंग मेंबर के रहने और सोने का कमरा खास मायने रखता है। उसका शारीरिक और मानसिक स्वास्थ्य घर में सुख और समृद्धि लाता है। वास्तु के अनुसार घर के मास्टर बेडरूम का इंटीरियर कैसा होना चाहिए, बता रहे हैं आपको।

**दिशाएंः** वास्तुशास्त्र के अनुसार मास्टर बेडरूम ऐसी दिशा में होना चाहिए, जहां पर सूर्य की किरणों का सबसे ज्यादा असर रहता है ताकि वहां रहने वाले व्यक्ति को स्वस्थ रहने के लिए अनुकूल माहौल मिल सके। इस बेडरूम को दक्षिण पश्चिम दिशा में इस तरह बनाया जाना चाहिए कि सोते समय उसका सिर दक्षिण दिशा में और पैर उत्तर दिशा में हों, क्योंकि वैज्ञानिक रूप से उत्तर दिशा चुंबकत्व की दिशा है, ताकि यह चुंबकत्व व्यक्ति के शरीर से लगातार संबंध को साधे रहे। मास्टर बेडरूम के पलंग के सिरहाने की ओर ठोस दीवार होनी चाहिए। सिर के पीछे कोई भी खिड़की या दरवाजा नहीं होना चाहिए।

**प्रकाश व्यवस्थाः** मास्टर बेडरूम हो या घर के किसी दूसरे सदस्य का बेडरूम, इस कमरे में हल्का प्रकाश रहना चाहिए। घर के दूसरे कमरों की तुलना में यहां कम रोशनी हो। नाइट लैंप की रोशनी के लिए हल्के नीले, दूधिया, हरे रंग का बल्ब इस्तेमाल करें। कभी भी मास्टर बेडरूम में लाल रंग का बल्ब न लगाएं, क्योंकि वास्तुशास्त्र में माना जाता है कि लाल रंग शरीर में अग्नि तत्व की वृद्धि करता है।





**फर्नीचरः** मास्टर बेडरूम में वास्तु के अनुकूल ही फर्नीचर का चयन करना चाहिए। कमरे में भारी भरकम फर्नीचर नहीं होना चाहिए। बेड और साइड टेबल लकड़ी के होने चाहिए। रॉट आयरन या किसी दूसरी धातु के पलंग दिखने में भले अच्छे लगते हों, लेकिन इनके सिरहाने का डिजाइन ऐसा होता है कि इसका आधार ठोस नहीं होता, जिसके कारण पलंग पर बैठने के दौरान पीठ को कोई आधार नहीं मिलता। इसलिए पलंग लकड़ी का होना चाहिए। बेडरूम में रखे दूसरे फर्नीचर के कोने शार्प नहीं होने चाहिए ताकि कमरे में इनके आस-पास से चलते-फिरते समय किसी को चोट न लग जाए।

**रंगों का चयनः** मास्टर बेडरूम चूंकि परिवार के मुखिया के लिए होता है, जो परिवार की सुख, समृद्धि और पूरे परिवार का आधार होता है। उसके मानसिक शांति और दिली सुकून का होना जरूरी है ताकि घर में अच्छा माहौल रहे। इस बेडरूम में गहरे लाल, गहरे हरे या काले रंगों का इस्तेमाल किसी भी चीज में नहीं करना चाहिए। कमरे में हल्के, आकर्षक रंगों का चयन करें। छत सफेद रंग की होनी चाहिए। गहरे रंग भड़कीले लगते हैं। बेडरूम की सौम्यता के लिए हल्के रंग नींद में बाधा उत्पन्न नहीं करते।

**कम हो सामानः** बेडरूम में काम-काज से संबंधित चीजें, कागजात, ऑफिस की फाइलें जैसी चीजें शोकेस में सजाकर नहीं रखनी चाहिए। इस कमरे में किताबों से भरी अलमारियां, शेल्फ, स्लैब्स, कमरे के माहौल को भारी बनाते हैं। सोने के दौरान बार-बार इन्हीं चीजों पर ध्यान जाने के कारण नींद भी अच्छी तरह से नहीं आती। मास्टर बेडरूम ही नहीं घर के किसी भी बेडरूम में भले ही लोग सुविधा के लिए टीवी लगाकर रखते हैं। देखा जाए तो इससे नींद में बाधा उत्पन्न होती है, क्योंकि एक बार टीवी खोलने के बाद देर तक टीवी के प्रोग्राम देखने के कारण नींद पर बुरा असर पड़ता है। इसके अलावा टेलिविजन से निकलने वाली इलेक्ट्रोमैगनेटिक तरंगें भी वहां के पर्यावरण को प्रदूषित करती हैं। इसके अलावा बेडरूम में जलती अंगीठी या हीटर, वाटर बॉडीज नहीं होनी चाहिए। ज्यादा बड़ी खिड़कियां, दरवाजे या बड़े कूलर भी बेडरूम की शोभा और इसके वास्तुशास्त्र को बिगाड़ते हैं। यहां भूमि, अग्नि, वायु, जल और आकाश इनकी उपस्थिति संतुलित मात्रा में होनी चाहिए।

सुविधा के नजरिए से भले ही मास्टर बेडरूम में ड्रेसिंग टेबल या आदमकद आईना लगा दिया जाता है, लेकिन वास्तुशास्त्र के नजरिए से इसे उपयुक्त नहीं माना जाता। यदि आईना जरूरी ही हो तो रात को सोते समय इसे किसी कपड़े से ढंक देना चाहिए।

**साफ-सफाईः** मास्टर बेडरूम की नियमित साफ-सफाई करनी चाहिए। दिन के समय बेडरूम के दरवाजे, खिड़कियां खोल देने चाहिए ताकि कमरे में धूप और रोशनी आ सके और कमरा प्रदूषण मुक्त हो सके।

लघुकथा / प्रगति त्रिपाठी

# उम्मीद

रत्ना वर्षों बाद मायके आई थी। घर में खुशी का माहौल था, लेकिन चाचा के घर सभी के मन में बस यही सवाल कौंध रहा था, क्या रत्ना अपने चाचा के घर सबसे मिलने आएगी? क्योंकि अब दोनों घर बंट चुके थे। एक-दूसरे से बातचीत हुए महीने हो गए थे। रत्ना की चचेरी बहन मंजू को पूरा यकीन था, जीजी सबसे मिलने घर जरूर आएंगी, इसलिए वह दरवाजे पर



टकटकी लगाए हुई थी। दरवाजे पर थोड़ी-सी हलचल होती, उसे लगता कि रत्ना जीजी आ गईं। चाचा-चाची भी रत्ना को बहुत प्यार करते थे, लेकिन चाहकर भी उससे मिल नहीं पा रहे थे। रत्ना को आए काफी समय हो गया था। उन्होंने मान लिया कि रत्ना बेटी उनसे मिलने नहीं आएगी। मंजू के पिता जी बोले, 'बेटा, तेरी रत्ना जीजी हमारे घर नहीं आएंगी, तू इतनी उम्मीद मत लगा, तकलीफ होगी।'

तभी डोर बेल बजी। मंजू ने जाकर दरवाजा खोला, वह जोर से चिल्लाई, 'मां रत्ना जीजी आ गईं। मैंने कहा था ना वो जरूर आएंगी।' मंजू खुशी से फूले नहीं समा रही थी। 'घर बंटे हैं, लेकिन दिल नहीं।' मंजू को गले लगाते हुए रत्ना ने कहा। उधर चाचा-चाची भी बेटी रत्ना को अपने घर आया देखकर बहुत ही निहाल थे। उनकी आंखों में खुशी के आंसू छलक आए थे।



हाल ही में स्वास्थ्य मंत्रालय द्वारा किए गए एक सर्वे के अनुसार देश की 65 प्रतिशत महिलाएं एनीमिया से ग्रस्त हैं। इसकी क्या हैं वजहें, इसके प्रमुख लक्षण और इससे बचाव के तरीकों के बारे में जानिए।

# एनीमिया सजगता से संभव है बचाव



मेडिकल सजेशन / डॉ. राहुल भार्गव

डायरेक्टर-हेमेटोलॉजी, बीएमटी

फोर्टिस हॉस्पिटल, गुरुग्राम

जब भी आप डॉक्टर के पास मेडिकल चेकअप के लिए जाती हैं, तो अमूमन वे सबसे पहले आपके नाखून और आंखों को चेक करते हैं। इनकी गुलाबी रंगत देखकर ही वे इस बात का अंदाजा लगाते हैं कि शरीर में पर्याप्त मात्रा में खून है या नहीं? दरअसल, जब खून में रेड ब्लड सेल्स या हीमोग्लोबिन की मात्रा सामान्य से कम हो जाती है तो उस दशा को एनीमिया कहा जाता है। लाल रक्त कोशिकाएं पूरे शरीर के सभी हिस्सों में ऑक्सीजन पहुंचाने का काम करती हैं। ऑक्सीजन, शरीर की कोशिकाओं को काम करने की शक्ति देता है। अगर किसी महिला के शरीर में हीमोग्लोबिन का स्तर 12 से कम हो तो उसे एनीमिया का पेशेंट या एनीमिक माना जाता है।



**प्रमुख लक्षणः** एनीमिया के प्रमुख लक्षणों में शामिल हैं-अत्यधिक थकान और कमजोरी महसूस होना, सांस लेने में तकलीफ, थोड़ा सा भी परिश्रम करने पर सांसें फूलने लगना, चक्कर आना, आंखों के सामने अंधेरा छाना, दिल की धड़कन तेज होना, सफेद नाखून, निस्तेज त्वचा, आंखों में सफेदी दिखना या आंखों के नीचे काले घेरे, हाथ-पैर ठंडे होना, मुंह में छाले, ध्यान केंद्रित न कर पाना और सिरदर्द।

**रोग के कारणः** एनीमिया होने के कई कारण हो सकते हैं। जैसे-कुपोषण यानी भोजन में आयरन की कमी, आनुवांशिक वजह, पीरियड्स के दौरान हैवी ब्लीडिंग, किसी सर्जरी या दुर्घटना की वजह से होने वाला ब्लड लॉस आदि।

**प्रेग्नेंसी और एनीमियाः** प्रेग्नेंसी के दौरान एनीमिया होना, मां और गर्भस्थ शिशु दोनों के लिए जानलेवा साबित हो सकता है। इससे शिशु अविकसित और दिमागी रूप से कमजोर पैदा हो सकता है। जन्म के बाद भी वह हमउम्र बच्चों की तुलना में बोलने, खेलने, पढ़ाई और अन्य गतिविधियों में हमेशा पीछे रह सकता है। ऐसी समस्या से बचाव के लिए यह बहुत जरूरी है कि डॉक्टर की सलाह पर स्वस्थ खान-पान और आयरन सप्लीमेंट्स लेकर हीमोग्लोबिन का स्तर सुधारने के बाद ही पारिवारिक जीवन की शुरुआत के बारे में सोचें।

**बचाव-उपचारः** खून में हीमोग्लोबिन की मात्रा बढ़ाने के लिए पर्याप्त मात्रा में हरी पत्तेदार सब्जियां जैसे पालक, मेथी, चौलाई आदि का भरपूर मात्रा में सेवन करें। अनार, सेब, चुकंदर, गाजर, खजूर, गुड़, मूंगफली और चना में भी काफी आयरन होता है, इसलिए इन चीजों को अपने भोजन में प्रमुखता से शामिल करें। सब्जियों को लोहे की कड़ाही में पकाएं, इससे शरीर को आयरन का पोषण मिलता है। शरीर आयरन को अच्छी तरह अवशोषित कर सके, इसके लिए हरी सब्जियों के साथ संतरा, मौसंबी, अनानास, नीबू और अंगूर का भी सेवन करें। भोजन के तुरंत बाद दूध न लें, इससे शरीर को आयरन का पोषण नहीं मिल पाता। भोजन के दो घंटे पहले या बाद मे दूध का सेवन करना चाहिए। अगर थकान कमजोरी जैसे लक्षण महसूस हों तो सीआरबीसी की जांच के माध्यम से शरीर में हीमोग्लोबिन के स्तर का पता जरूर लगाएं। डॉक्टर की सलाह पर नियमित रूप से आयरन सप्लीमेंट्स का सेवन जरूर करें। पीरियड्स के दौरान होने वाली ज्यादा ब्लीडिंग के बारे में डॉक्टर को जरूर बताएं, क्योंकि यह भी एनीमिया का कारण बन सकता है। अगर आप हेल्दी डाइट और जीवनशैली अपनाएंगी तो आपके लिए एनीमिया से बचाव करना आसान होगा।

**प्रस्तुतिः विनीता**



01- APR- COR- MAIN- Pg- 8 RANBHOOMI_Layout 1 4/1/2024 10:07 PM Page 1





हरिभूमि रण भूमि लोकसभा

सत्ता संग्राम-2024



# मैंने सरस्वती शिशु मंदिर को पांच लाख दिए तो कांग्रेसी नाराज हो गए, तब लगा यह पार्टी ठीक नहीं

## सरगुजा लोकसभा के भाजपा प्रत्याशी चिंतामणि महाराज से डॉ. हिमांशु द्विवेदी का चुनावी संवाद

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर

सरगुजा लोकसभा के भाजपा प्रत्याशी चिंतामणि महाराज का कहना है कि जिस पार्टी में रहकर सनातन धर्म के लिए काम नहीं कर सकते उसमें रहने का क्या फायदा। मैंने कांग्रेस विधायक रहते हुए सरस्वती शिशु मंदिर को पांच लाख रुपए दिए। कांग्रेसी नाराज हो गए। तब लगा कि यह पार्टी ठीक नहीं। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की गारंटी पूरी होती है। इस पार्टी में रहकर सनातन धर्म के लिए काम हो सकता है इसलिए आज भाजपा में हूं। हरिभूमि और आईएनएच के प्रधान संपादक डा. हिमांशु द्विवेदी से चुनावी संवाद में हुई बातचीत प्रस्तुत है।

▶ जब भाजपा छोड़ी थी तब कैसी थी और आज जब फिर से वापस आए हैं तो भाजपा कैसी है?

▶▶ कई बार कुछ ऊंच नीच हो जाती है, उसके कारण ऐसा हुआ। परिस्थितियों के हिसाब से कब कुछ होता है। कांग्रेस में रुचि के मुताबिक काम नहीं हो पाता था। वैसे वहां भी मैं जनता के लिए काम कर रहा था। जब स्थिति अनुकूल नहीं लगी तो सोचा वापस आने के लिए और भाजपा में वापस आ गया। निश्चित ही आज की भाजपा अलग है। मैंने कांग्रेस को भी देखा है, पहले की कांग्रेस और अब कांग्रेस में भी बहुत अंतर है। भाजपा में आज यह देखने को मिल रहा है कि मोदी की गारंटी पूरी होती है। इसको देखते हुए लगा कि भाजपा में रहने से कम से कम अपने क्षेत्र के लोगों का काम कर पाएंगे और क्षेत्र का विकास भी हो पाएगा। अयोध्या में रामलला का मंदिर बना। सनातन संस्कृति को लोगों तक पहुंचाने के लिए यह जगह बिलकुल सही है।

▶ कांग्रेस ने जब आपको विधानसभा का टिकट नहीं दिया, तब आपने नाराज होकर कांग्रेस को अलविदा कहा ऐसा कहा जाता है? फिर कैसे मान लें आपने देश हित के लिए भाजपा में वापसी की है?

▶▶ नाराजगी तो थी, मैं विधायक था, तब कुछ काम ऐसे थे जिनको पसंद नहीं किया जा रहा था। मैंने विधायक रहते सरस्वती शिशु मंदिर में पांच लाख दे दिए थे तो इसको लेकर कांग्रेस के लोगों की नाराजगी सामने आई कि यह तो संघ का स्कूल है इसमें क्यों पैसा दिया गया है। जिस संस्कृति में हैं, उसके लिए काम न करे सके तो क्या मतलब। इसको लेकर भी मन में एक बात तो थी।





▶ किसकी नाराजगी आप तक पहुंची थी, भूपेश बघेल या फिर टीएस सिंहदेव की?

▶▶ इस विषय में मैं कुछ कहना नहीं चाहूंगा। मेरा मानना है कि किसी की लाइन को छोटा करने की बजाये हम अपनी लाइन को बड़ा करें।

▶ आप तो लगातार बयान दे रहे हैं कांग्रेस सनातन विरोधी है, इसको साफ कर देंगे, फिर नाम बताने से क्यों परहेज कर रहे हैं, मोदी जी तो सीधे बात करते हैं?

▶▶ हम मोदी जी की बराबरी तो नहीं कर सकते हैं।

▶ कांग्रेस के लोग कहते हैं ईडी से बचने के लिए आप वापस भाजपा में गए हैं?

▶▶ ईडी में क्या था, कैसे हुआ, क्या है मुझे जानकारी नहीं है। जिस विषय की मुझे जानकारी नहीं है, उसके बारे में बात करना उचित नहीं होगा।

▶ आपको टिकट मिलने के बाद भाजपा के जिन नेताओं के अरमानों पर पानी फिर गया है वो कैसा व्यवहार कर रहे हैं?

▶▶ सभी साथ में हैं, प्रदेश का नेतृत्व साथ में है, स्थानीय सभी नेता साथ में हैं। मैं सभी के व्यवहार और काम से संतुष्ट हूं।

▶ अपने समर्थकों को भाजपा में स्थान दिलाएंगे या नहीं?

▶▶ भाजपा का कोई भी फैसला मैं नहीं करता हूं। मैं अपनी बातें वहां तक पहुंचा देता हूं। भाजपा का राष्ट्रीय और प्रदेश नेतृत्व तय करेगा कि क्या करना है। अपने लोगों के लिए प्रयास किया जा रहा है।

▶ अपने भविष्य को लेकर कितने चिंतित हैं, सरगुजा से एक बार टिकट मिलने के बाद भाजपा दूसरी बार टिकट नहीं देती है?

▶▶ भविष्य नहीं, मैं काम पर भरोसा करता हूं। जो जिम्मेदारी दी जाती है, उसको पूरा करने का काम करता हूं। आगे जनता का जैसा आशीर्वाद होगा। काम अच्छा रहेगा तो जरूर फिर से काम करने का मौका मिलेगा।

▶ रेणुका सिंह का कार्यकाल आपको चुनाव में कितना भारी पड़ने वाला है?

▶▶ उन्होंने अपने काम अच्छी तरह से किए हैं। उनके कामों को हमें आगे बढ़ाने का काम करना है। हम अपने काम पर भरोसे करते हैं। उनको टिकट क्यों नहीं दिया गया, ये ऊपर का मामला है। ऊपर का नेतृत्व तय करता है किनको टिकट देना है किनको नहीं देना है।

▶ विधानसभा चुनाव में भाजपा सरगुजा में एकतरफा जीती है, लोकसभा चुनाव में कितना खतरा है, क्योंकि पिछली बार एकतरफा कांग्रेस के जीतने के बाद लोकसभा में परिणाम उल्टा आया था?

▶▶ विधानसभा और लोकसभा चुनाव में लोगों की अलग-अलग मानसिकता होती है। विधानसभा में लोग प्रदेश के स्तर पर देखते हैं लोकसभा में केंद्र के स्तर पर देखते हैं। लोग देखते हैं केंद्र में ऐसा कौन सा व्यक्ति है जिनको चुनना चाहिए। अभी मोदी जी का चेहरा है, उनको देखकर जनता भाजपा के प्रत्याशी के पक्ष में ही मतदान करेगी। जनता को समझ में आता है कि केंद्र में जिनकी सरकार बनने वाली है, उस पार्टी के प्रत्याशी को जीत दिलाने पर ही क्षेत्र का विकास होगा। इसलिए कहीं कोई परेशानी होने वाली नहीं है।

## आमने/सामने

### पांच गारंटियों से लोगों में आशा की किरण- बैज



प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज ने कहा, महंगाई, बेरोजगारी तथा निराशा के इस दौर में देश में कांग्रेस की पांचों न्याय की गारंटियों ने देश के लोगों में आशा की किरण पैदा कर दी है। जनता लोकसभा चुनाव में मोदी के कुशासन से मुक्ति पाकर अपने लिये विकास और समृद्धि के नये द्वार खोलेगी।

### कांग्रेस पार्टी की घोषणाएं फर्जी- मंत्री केदार कश्यप



दीपक बैज के बयान पर पलटवार करते हुए भाजपा नेता और मंत्री केदार कश्यप ने कहा, कांग्रेस की कई फर्जी घोषणाओं को छत्तीसगढ़ की जनता ने 2018 के चुनाव में भी सुना था, घोषणाएं पूरी नहीं हुईं। कांग्रेस पार्टी की तरह ही उनकी घोषणाएं भी फर्जी हैं, झूठ का पुलिंदा। जनता इसके कई प्रमाण देख चुकी है।

## नागपुर में गडकरी



नागपुर। केंद्रीय मंत्री और भाजपा उम्मीदवार नितिन गडकरी ने चुनावी अभियान का आगाज कर दिया है। सोमवार को वे अपनी संसदीय सीट नागपुर में पहुंचे, यहां रोड शो किया।

# 28 सालों से बिलासपुर जीत नहीं सकी कांग्रेस, इस बार भी राह आसान नहीं

भाजपा ने फिर से मुंगेली जिले के प्रत्याशी पर भरोसा जताया ▲ कांग्रेस ने भिलाई विधायक देवेन्द्र यादव को मैदान में उतारा

### जातिगत समीकरण के आधार पर मुकाबला होगा रोचक

छत्तीसगढ़ की 11 लोकसभा सीटों में सबसे हाईप्रोफाइल सीटों में से एक बिलासपुर है। पहले यह सीट अनुसूचित जाति के लिए आरक्षित थी, लेकिन परिसीमन के बाद से बिलासपुर सामान्य सीट हो गई है। तब से लेकर केवल एक चुनाव में दिलीप सिंह जूदेव को छोड़कर लगातार भाजपा ने मुंगेली जिले के प्रत्याशी पर भरोसा जताया है।

बिलासपुर लोकसभा

| कुल वोटर | पुरुष वोटर | महिला वोटर |
|---|---|---|
| 20 लाख 94 हजार 570 | 10 लाख 52 हजार 173 | 10 लाख 42 हजार 298 |

विकास चौबे ▶▶ बिलासपुर

अपनी रणनीति के तहत भाजपा भी पिछले तीन चुनाव से चेहरा बदल कर चुनाव जीतने में कामयाब होती रही है। ऐसे में इस बार भी भाजपा ने जातिगत समीकरण को ध्यान में रखते हुए नए प्रत्याशी और पूर्व विधायक तोखन साहू को उम्मीदवार बनाया है। इस स्थिति में कांग्रेस के लिए यह सीट किसी बड़ी चुनौती से कम नहीं है। कांग्रेस ने यहां से भिलाई के विधायक देवेन्द्र यादव पर भरोसा जताते हुए प्रत्याशी बनाया है। कांग्रेस ने जातिगत समीकरण पर दांव खेलते हुए उन्हें मैदान में उतारा है, लेकिन देवेंद्र यादव के लिए चुनौती आसान नहीं है। इस सीट पर कांग्रेस 1996 से नहीं जीत पाई है। पिछले चुनाव में भी कांग्रेस के अटल श्रीवास्तव को भाजपा के अरुण साव से एक लाख 41 हजार वोटों से हार का सामना करना पड़ा था।



तोखन साहू



देवेन्द्र यादव

### जातिगत समीकरण बना आधार

बिलासपुर लोकसभा सीट पर कांग्रेस ने भाजपा की तरह जातिगत समीकरण के आधार पर कैंडिडेट तय करने की रणनीति बनाई । भाजपा ने ओबीसी वर्ग से साहू समाज के नेता का नाम तय किया। ऐसे में कांग्रेस चाहकर भी इस समाज के नेता का चयन नहीं कर पाई। यही वजह है कि इसके विकल्प के तौर पर ओबीसी वर्ग के यादव समाज के नेता की तलाश शुरू हुई, क्योंकि लोकसभा में यादव समाज के दो लाख से अधिक वोटर्स हैं, जो अगर एकजुट हो गए, तो निर्णायक भूमिका निभा सकते हैं।

**कुल 20 लाख वोटर्स करेंगे फैसला :** बिलासपुर लोकसभा सीट पर करीब 21 लाख वोटर हैं। इसमें क्रमश: सतनामी, आदिवासी, साहू, कुर्मी समाज का वर्चस्व है। जानकारी के लिए बता दें, इस लोस सीट की 8 विधानसभा में से 6 पर भाजपा तो 2 पर कांग्रेस का कब्जा है।

### भाजपा का मजबूत गढ़ बन गया है बिलासपुर

साल 1996 के चुनाव से बिलासपुर लोकसभा भाजपा का गढ़ बन गया है। भाजपा के वरिष्ठ नेता पुन्नूलाल मोहले की जीत का रिकार्ड को कांग्रेस कभी नहीं तोड़ पाई। उन्होंने गोदिल प्रसाद अनुरागी की बेटी तान्या अनुरागी को 48 हजार 615 वोटों से हराया था।जिसके बाद से वो 1998, 1999 और 2004 में लगातार जीत दर्ज करते रहे। फिर 2009 में परिसीमन के बाद बिलासपुर सामान्य सीट घोषित हुआ। इस बार दिलीप सिंह जूदेव ने कांग्रेस प्रत्याशी डॉ. रेणु जोगी को हराया। फिर 2014 में भाजपा ने लखनलाल साहू को टिकट दिया। वहीं, कांग्रेस ने करूणा शुक्ला को उम्मीदवार बनाया। इस चुनाव में लखनलाल साहू 1 लाख 50 हजार से अधिक वोटों से चुनाव जीत गए। फिर 2019 में भाजपा ने अरूण साव को उम्मीदवार बनाया, जिनसे मुकाबला करने के लिए कांग्रेस ने अटल श्रीवास्तव को मैदान में उतारा और अटल श्रीवास्तव चुनाव हार गए।

### देवेंद्र यादव के आने से दिलचस्प होगा मुकाबला

देवेंद्र यादव को प्रत्याशी बनाए जाने के बाद इस बार चुनाव दिलचस्प होने के आसार है। क्योंकि ने छात्र राजनीति से कैरियर की शुरूआत की थी। एनएसयूआई अध्यक्ष और राष्ट्रीय महासचिव रहे हैं। 25 वर्ष की उम्र में देश के सबसे कम उम्र के महापौर बनने का रिकॉर्ड भी उनके नाम है। 2018 में पहली बार विधायक बनने वाले देवेंद्र यादव की युवाओं के बीच अच्छी पैठ है। उन्हें प्रत्याशी बनाए जाने के बाद चुनाव में कांग्रेस की गुटबाजी कम नजर आएगी, जिसका फायदा उन्हें और पार्टी को मिल सकता है। इसके साथ ही बिलासपुर में युवाओं की उनकी टीम है और युवक कांग्रेस के स्थानीय नेता व कार्यकर्ताओं से उनकी करीबी भी है। हालांकि देवेंद्र यादव को भाजपा बाहरी प्रत्याशी बताकर मुद्दा बना रही है। इसके साथ ही कोल स्कैम घोटाले में ईडी ने उन्हें आरोपी बनाया है। इसे भी भाजपा उछालकर चुनावी मुद्दा बनाने की कोशिश में है।

## 'असम से महाराष्ट्र तक भ्रष्टाचार की फ्रेंचाइजी बांट रहे पीएम मोदी'

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली



■ सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर राहुल गांधी ने किया पोस्ट

केरल के वायनाड से कांग्रेस के सांसद और पार्टी के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स परभ्रष्टाचार के मुद्दे को लेकर कहा कि पीएम मोदी नॉर्थ ईस्ट के असम से लेकर पश्चिम भारत के महाराष्ट्र तक भ्रष्टाचार की फ्रेंचाइजी बांट रहे हैं और बीजेपी भ्रष्टाचारी लोगों का अड्डा बन चुकीहै। उन्होंने जिसे जितना बड़ा भ्रष्टाचारी कहा, उसके लिए भाजपा कार्यालय में उतनी ही बड़ी रेड कार्पेट बिछा कर उसका स्वागत किया।

### मैच फिक्सिंग वाले बयान पर ईसी पहुंची भाजपा

राहुल गांधी ने इससे पहले रविवार (31 मार्च, 2024) को विपक्षी गठबंधन इंडियन नेशनल डेवलपमेंटल इन्क्लूसिव अलायंस (इंडिया) की रैली में आरोप लगाया था कि पीएम मोदी इस लोकसभा चुनाव में 'मैच फिक्सिंग' की कोशिश कर रहे हैं ताकि भारी बहुमत से चुनाव जीतकर संविधान खत्म किया जा सके. हालांकि, बीजेपी की ओर से राहुल गांधी के इस बयान के साथ कुछ और टिप्पणियों को लेकर निर्वाचन आयोग से शिकायत की गई और कार्रवाई की मांग की गई है।

## जांच एजेंसियों के दुरुपयोग का आरोप बेबुनियाद : मोदी

3 फीसदी से भी कम मामले राजनीति से जुड़े

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने विपक्ष द्वारा सरकार पर केंद्रीय जांच एजेंसियों के दुरुपयोग के आरोपों पर कहा कि



केंद्रीय जांच एजेंसियां स्वतंत्र तौर पर काम करती हैं। उन्होंने विपक्ष के उन आरोपों को भी खारिज कर दिया कि सरकार द्वारा केंद्रीय जांच एजेंसियों का गलत इस्तेमाल किया जा रहा है। प्रधानमंत्री ने ये भी कहा कि देश में मनी लॉन्ड्रिंग की रोकथाम के लिए कानून पहले से मौजूद है, लेकिन विपक्ष की सरकारों ने इसका इस्तेमाल ही नहीं किया। तमिलनाडु के एक मीडिया चैनल को दिए अपने इंटरव्यू में पीएम मोदी ने कहा कि जिन मामलों की जांच फिलहाल ईडी द्वारा की जा रही है, उनमें से 3 फीसदी से भी कम मामले राजनीति से जुड़े हैं।

### 'विपक्ष ने पीएमएलए कानून का इस्तेमाल ही नहीं किया'

विपक्ष के सरकार पर केंद्रीय जांच एजेंसियों का दुरुपयोग करने के आरोपों पर पीएम मोदी ने कहा कि 'जांच एजेंसियों के मामला दर्ज करने की प्रक्रिया पहले जैसी ही है और सत्ता में कौन है, इससे कोई फर्क नहीं पड़ता। विभिन्न विभाग पहले मामला दर्ज करते हैं और उसके बाद ही ईडी कार्रवाई करती है। पीएमएलए (प्रिवेंशन ऑफ मनी लॉन्ड्रिंग एक्ट) पहले से मौजूद है, लेकिन उन्होंने (विपक्ष) इसका इस्तेमाल ही नहीं किया।

## 'चुनाव के समय नेताओं को जेल, नोटिस सही नहीं'

तीन पूर्व मुख्य चुनाव आयुक्तों ने कहा- दखल दे चुनाव आयोग





एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

लोकसभा चुनाव 2024 के बीच विपक्षी दल और उनके नेता लगातार केंद्रीय जांच एजेंसियों के रडार में आ रहे हैं। कांग्रेस, आप समेत अन्य दलों का आरोप है कि मोदी सरकार केंद्रीय जांच एजेंसियों की मदद से चुनाव को प्रभावित करने की कोशिश कर रही है। विपक्षी पार्टियों के अलावा अब तीन पूर्व मुख्य चुनाव आयुक्तों ने कहा है कि हाल के दिनों में जिस तरह से आईटी और ईडी ने विपक्षी दलों और उनके नेताओं पर कार्रवाई की है, वह चुनाव में गैर-बराबरी पैदा कर रहा है। यानी, सभी पार्टियों के लिए चुनावी मैदान एक-सा सपाट नहीं है। तीन पूर्व मुख्य चुनाव आयुक्तों ने द इंडियन एक्सप्रेस की दामिनी नाथ से बात की है। एसवाई कुरैशी के अलावा दो मुख्य चुनाव आयुक्तों ने नाम न छापने का आग्रह किया है।

### जेल में हैं कई बड़े नेता

बता दें, प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) द्वारा गिरफ्तार किए गए अरविंद केजरीवाल को एक अप्रैल तक न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया है। यानी वह चुनाव प्रचार से दूर रहेंगे। उनकी तरह आम आदमी पार्टी और दूसरी पार्टियों के कई बड़े नेता भी इस समय जेल में हैं और चुनाव से दूर हैं।

## लालू को किडनी देने वाली बेटी रोहिणी भी लड़ने जा रहीं चुनाव!

सारण सीट से लड़ने की चर्चा



एजेंसी ▶▶ पटना

बिहार की सियासत में लालू यादव के परिवार से एक और सदस्य की एंट्री के लिए पिच तैयार है। लालू की बेटी डॉक्टर रोहिणी आचार्य के सियासी डेब्यू की चर्चा थी और अब इस पर मुहर भी लगती नजर आ रही है। रोहिणी आचार्य बिहार की सारण सीट से लोकसभा चुनाव लड़ने की तैयारी में हैं। रोहिणी ने 2 अप्रैल से अपने जनसंपर्क अभियान का आगाज करने का ऐलान कर दिया है। प्रचार अभियान शुरू करने से पहले रोहिणी अपने पिता लालू यादव, माता राबड़ी देवी और बहन मीसा भारती के साथ हरिहरनाथ मंदिर पहुंचीं और विधि-विधान से पूजा-अर्चना किया। रोहिणी, मीसा भारती के बाद सियासत में कदम रखने वाली लालू यादव की दूसरी बेटी हैं। लालू यादव की तबीयत बिगड़ने पर जब डॉक्टर्स ने उनको किड्नी ट्रांसप्लांट की सलाह दी थी, तब रोहिणी ने ही उन्हें अपनी किड्नी दी थी। रोहिणी आचार्य पेशे से डॉक्टर हैं। उन्होंने साल 2002 में अमेरिका बेस सॉफ्टवेयर इंजीनियर समरेश सिंह से शादी की थी। वह फिलहाल सिंगापुर में ही रहती हैं। एक चैनल से बातचीत में उन्होंने कहा कि सिंगापुर से ही हम सबके नाक में दम किए हुए थे।

### सारण सीट का बही-खाता

गौरतलब है कि लालू यादव साल 1977 में सारण (पहले छपरा) सीट से जीतकर ही पहली बार संसद पहुंचे थे। वह इस सीट से चार बार सांसद रहे हैं। लालू यादव 2009 में भी सारण सीट से सांसद निर्वाचित हुए थे। सारण सीट 2014 से भाजपा के के कब्जे में है। वर्तमान में बीजेपी के राजीव प्रताप रूडी इस सीट से सांसद और फिर से उम्मीदवार भी हैं।

## 1984 में गांधी बनाम गांधी से चरम पर था चुनावी रोमांच

# ...जब मेनका गांधी ने लड़ा था राजीव के विरुद्ध चुनाव

*नित नए समीकरण बन रहे थे, रोज नए नारे भी गढ़े जा रहे थे*

*राजीव हुए थे मेनका के खिलाफ लिखे नारों से नाराज*

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

विमान हादसे में पति संजय के निधन से सूनी मांग। गोद में मासूम वरुण। सास इंदिरा की हत्या। विकट हालात में पति की विरासत संभालने की उम्मीद लिए मेनका गांधी 1984 में राजीव के विरुद्ध अमेठी में उतरीं तो गांधी बनाम गांधी से चुनावी रोमांच चरम पर था। एक तरफ मेनका के प्रति सहानुभूति थी तो वहीं दूसरी ओर राजीव गांधी के पक्ष में मजबूत लहर। मेनका को सुनने और देखने सभाओं में भीड़ तो खूब उमड़ी, लेकिन इसे वोट में तब्दील राजीव ने किया। इंदिरा गांधी की हत्या के बाद लोकसभा चुनाव का मौका था। अमेठी में कांग्रेस से राजीव गांधी मैदान में थे।



उनके मुकाबिल मेनका गांधी चुनाव में डट गईं। इससे कांग्रेस के रणनीतिकारों की चिंता बढ़ गई। गांधी परिवार की बहू ने शुरुआत में जिस तरह से ताबड़तोड़ सभाएं और बैठकें करके माहौल बनाया उसे राजीव गांधी की जीत मुश्किल लगने लगी। ऐसे में पूरे देश की नजरें अमेठी चुनाव पर टिक गईं। स्थानीय नेता व कार्यकर्ता भी पशोपेश में पड़े। इंदिरा गांधी की हत्या के फौरन बाद हुए चुनाव से कांग्रेस के पक्ष में जबरदस्त लहर थी। पुराने कांग्रेसियों का झुकाव राजीव गांधी की ओर था। दूसरी तरफ मेनका और पति संजय के करीबी लोगों का साथ।

### मेनका के विरुद्ध लिखे नारे मिटवाए

वयोवृद्ध कांग्रेसी ईश्वर शरण बताते हैं कि मेनका गांधी के खिलाफ किसी ने दीवारों पर नारा लिख दिया था। पता चला तो राजीव गांधी नाराज हो गए। इसपर सोनिया गांधी ने अपने करीबी लोगों को भेजकर रात में टार्च की रोशनी में उन नारों को दीवारों से साफ कराया।

### बूथ कैप्चरिंग विवाद

मतदान के दौरान रामगढ़ में बूथ कैप्चरिंग की सूचना मिली। मेनका गांधी अपने करीबी जेएन मिश्र व अकबर अहमद डंपी के साथ मौके पर पहुंचीं। वहां विरोध दर्ज करते हुए धरने पर बैठ गईं। तब विपक्षियों ने उनसे अभद्रता कर दी। अकबर अहमद डंपी की रिवाल्वर तक छीन ली गई। बाद में किसी तरह मामला शांत हुआ।

### कुछ ने परिवार की तल्खी भी बढ़ाई

ईश्वर शरण बताते हैं कि चुनाव के बहाने गांधी परिवार की तकरार और रिश्तों की खाई को और चौड़ा करने के लिए कुछ लोगों ने अपनी राजनीतिक रोटियां भी सेंकी। मेनका गांधी के खिलाफ अभद्रटिप्पणी करते हुए मनगढ़ंत नारे बना कर रातों रात दीवारों पर लिखवा दिए गए,ताकि मेनका के मन में सोनिया व राजीव गांधी के लिए नफरत और बढ़ जाए। कुछ लोग मेनका गांधी के करीबी बन कर भी दोनों परिवारों में तल्खी बढ़ाने का काम कर रहे थे।

**क्या गया राजीव के पक्ष में** राजीव गांधी की जीत के पीछे उनकी शालीनता, जनसमर्थन, पार्टी और सहानुभूति थी।

**क्या गया मेनका के विरोध में** मेनका गांधी को परिवार व पार्टी से बगावत, नाराजगी व सख्त तेवर के कारण समर्थन नहीं मिल सका।

## आईपीएल पाइंट टेबल

| टीम | मैच | जीते | हारे | अंक |
|---|---|---|---|---|
| राजस्थान | 3 | 3 | 0 | 6 |
| कोलकाता | 2 | 2 | 0 | 4 |
| चेन्नई | 3 | 2 | 1 | 4 |
| गुजरात | 3 | 2 | 1 | 4 |
| हैदराबाद | 3 | 1 | 2 | 2 |
| लखनऊ | 2 | 1 | 1 | 2 |
| दिल्ली | 3 | 1 | 2 | 2 |
| पंजाब | 3 | 1 | 2 | 2 |
| बेंगलोर | 3 | 1 | 2 | 2 |
| मुंबई | 3 | 0 | 3 | 0 |

ऑरेंज कैप



विराट कोहली
181 रन
बेंगलोर

पर्पल कैप



मुस्तफिजुर रहमान
07 विकेट
चेन्नई

### बाउंड्री मीटर

363 चौके

242 छक्के

## खबर संक्षेप



### ऋषभ पंत पर लगा 12 लाख का जुर्माना

**विशाखापट्टनम।** दिल्ली कैपिटल्स के कप्तान ऋषभ पंत पर चेन्नई सुपर किंग्स के खिलाफ इंडियन प्रीमियर लीग मैच के दौरान धीमी ओवर गति के लिए 12 लाख रुपए का जुर्माना लगाया गया है। दिल्ली ने रविवार को खेले गए इस मैच में मौजूदा चैंपियन चेन्नई को 20 रन से हराया था। आईपीएल ने बयान में कहा, 'दिल्ली कैपिटल्स के कप्तान ऋषभ पंत पर चेन्नई सुपर किंग्स के खिलाफ आईपीएल मैच के दौरान धीमी ओवर गति रखने के लिए जुर्माना लगाया गया है।

### नागल ने करियर की सर्वोच्च एटीपी रैंकिंग 95 हासिल की

**लंदन।** शीर्ष भारतीय टेनिस खिलाड़ी सुमित नागल ने हाल के दिनों में प्रभावशाली प्रदर्शन के बूते सोमवार को जारी एटीपी एकल रैंकिंग में अपने करियर की सर्वश्रेष्ठ 95वीं रैंकिंग हासिल की। नागल की इससे पहले सर्वश्रेष्ठ रैंकिंग 97 थी। उन्होंने यह रैंकिंग फरवरी में एटीपी चैलेंजर स्तर की प्रतियोगिता चेन्नई ओपन जीतने के बाद हासिल की थी।



नागल ने जनवरी में ऑस्ट्रेलियाई ओपन के मुख्य ड्रॉ में जगह बना कर सुर्खियां बटोरी थी। वह इस प्रतियोगिता में वरीयता प्राप्त खिलाड़ी (कजाकिस्तान के अलेक्जेंडर बुब्लिक) को हराने वाले पहले भारतीय भी बने, लेकिन दूसरे दौर में चीन के शांग जुनचेंग से हारकर बाहर हो गए थे। चेन्नई ओपन जीत के बाद उन्होंने एटीपी 500 प्रतियोगिता (दुबई चैम्पियनशिप) और एटीपी 1000 मास्टर्स (इंडियन वेल्स और मियामी) के अलावा दो अन्य चैलेंजर टूर्नामेंट भी खेले। इस दौरान हालांकि उनका सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन बेंगलुरु चैलेंजर के सेमीफाइनल में पहुंचना रहा।

### अभ्यास के बाद भी राहुल की भूमिका पर संशय



**बेंगलुरु।** लोकेश राहुल ने रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु के खिलाफ मैच से पहले सोमवार को यहां नेट और फिटनेस अभ्यास में भाग लिया लेकिन लखनऊ सुपरजायंट्स ने मंगलवार को खेले जाने वाले मैच में उनकी भूमिका का खुलासा नहीं किया। पंजाब किंग्स के खिलाफ लखनऊ की टीम ने राहुल का इस्तेमाल इम्पैक्ट प्लेयर के तौर पर किया था, जिसके बाद उनकी फिटनेस को लेकर सवाल उठे थे। टीम इस मैच में निकोलस पूरन की अगुवाई में मैदान में उतरी थी और उसने मैच को 21 रन से अपने नाम किया था।

## मैनचेस्टर सिटी-आर्सेनल का मैच ड्रॉ



**मैनचेस्टर।** मैनचेस्टर सिटी और आर्सेनल का मैच गोल रहित ड्रा छूटने से लिवरपूल इंग्लिश प्रीमियर लीग फुटबॉल प्रतियोगिता में खिताब की दौड़ में सबसे आगे हो गया है। लिवरपूल ने एक अन्य मैच में शुरू में पिछड़ने के बाद शानदार वापसी करके ब्राइटन को 2-1 से हराया। इससे उसके 29 मैच में 67 अंक हो गए हैं तथा वह दूसरे नंबर पर काबिज आर्सेनल से दो अंक और तीसरे नंबर की टीम मैनचेस्टर सिटी से तीन अंक आगे है। इस प्रतियोगिता में अभी नौ दौर के मैच खेले जाने बाकी हैं।

## मैड्रिड की बार्सिलोना पर आठ अंक की बढ़त



**मैड्रिड।** विनीसियस जूनियर की अनुपस्थिति में रोड्रिगो ने शानदार खेल का नजारा पेश करते हुए दो गोल किए। इससे रियल मैड्रिड ने एथलेटिक बिलबाओ को 2-0 से हराकर स्पेनिश फुटबॉल लीग ला लिगा में अपने कट्टर प्रतिद्वंदी बार्सिलोना पर आठ अंक की बढ़त बरकरार रखी। वीनीसियस जूनियर पीले कार्ड मिलने के कारण एक मैच का निलंबन झेल रहे थे लेकिन रोड्रिगो ने उनकी कमी नहीं खलने दी। बार्सिलोना ने एक अन्य मैच में लास पामास को 1-0 से पराजित किया। रियल मैड्रिड की यह लगातार तीसरी जीत है, जिससे उसके 30 मैच में 75 अंक हो गए हैं। बार्सिलोना 30 मैच में 67 अंक लेकर दूसरे जबकि गिरोना 30 मैच में 65 अंक के साथ तीसरे स्थान पर है।

## आईपीएल: छह विकेट से जीती राजस्थान की टीम

# मुंबई की लगातार तीसरी हार रॉयल्स ने दर्ज की हैट्रिक जीत

एजेंसी ▶▶| मुंबई

आईपीएल के 17वें सीजन में पांच बार की चैंपियन मुंबई इंडियंस को लगातार तीसरी बार हार का सामना करना पड़ा। राजस्थान रॉयल्स ने सोमवार को यहां मुंबई इंडियंस को छह विकेट से हराकर लगातार तीसरी जीत दर्ज की।

मुंबई के 126 रन के लक्ष्य का पीछा करते हुए रॉयल्स ने रियान पराग (नाबाद 54 रन) के अर्धशतक से 15.3 ओवर में ही चार विकेट पर 127 रन बनाकर जीत दर्ज की। इससे पहले चहल (तीन विकेट) और बोल्ट (तीन विकेट) की उम्दा गेंदबाजी के सामने मुंबई की टीम नौ विकेट पर 125 रन ही बना सकी। तेज गेंदबाज नांद्रे बर्गर ने भी दो विकेट हासिल किए। मुंबई के लिए कप्तान हार्दिक पंड्या (34) और तिलक वर्मा (32) को छोड़कर मुंबई का कोई बल्लेबाज क्रीज पर पर्याप्त समय नहीं बिता पाया। इन दोनों के अलावा टिम डेविड (17) और सलामी बल्लेबाज इशान किशन (16) ही दोहरे अंक में पहुंच पाए। रॉयल्स के गेंदबाजों के दबदबे का अंदाजा इस बात से लगता है कि मुंबई के आउट होने वाले शुरुआती तीन बल्लेबाज पहली गेंद पर पवेलियन लौटे जबकि अंतिम चार ओवर में टीम 14 रन ही बना सकी।



### मुंबई ने बनाया सत्र का सबसे छोटा स्कोर

मुंबई इंडियंस अपने ही होम ग्राउंड पर 125 रन ही बना सकी। आईपीएल के 17वें सीजन में यह सबसे छोटा स्कोर रहा। इससे पहले गुजरात टाइटंस की टीम चेन्नई सुपर किंग्स के खिलाफ ने 143 रन बनाए थे। मुंबई से कोई भी बैटर फिफ्टी नहीं लगा सका। पूर्व कप्तान रोहित शर्मा के साथ नमन धीर और डेवाल्ड ब्रेविस ने गोल्डन डक बनाया। तीनों पहली-पहली बॉल पर ही कैच आउट हो गए। तीनों को बोल्ट ने पवेलियन भेजा।

### रोहित 17वीं बार जीरो

रोहित आईपीएल में 17वीं बार खाता खोले बिना पवेलियन लौटे। इस मामले में वह दिनेश कार्तिक के साथ शीर्ष पर पहुंच चुके हैं। कार्तिक भी 17 बार शून्य पर आउट हो चुके हैं। दूसरे स्थान पर संयुक्त रूप से चार बल्लेबाज हैं। ग्लेन मैक्सवेल, पीयूष चावला, मनदीप सिंह और सुनील नरेन 15-15 बार खाता खोले बिना आउट हुए हैं। रोहित को ट्रेंट बोल्ट ने मैच के पहले ही ओवर में विकेटकीपर सैमसन के हाथों कैच कराया। इसकी अगली ही गेंद पर बोल्ट ने नमन धीर को एल्बीडब्लू आउट किया। हालांकि, वह हैट्रिक से चूक गए।

### चहल ने 20वें बार लिए 3 विकेट

चहल ने तीन विकेट लेने के साथ ही बड़ा रिकॉर्ड अपने नाम किया। उन्होंने आईपीएल में सबसे ज्यादा बार थ्री विकेट हॉल (पारी में तीन विकेट) के मामले में जसप्रीत बुमराह की बराबरी की। दोनों ने ही 20-20 बार ऐसा किया है। वहीं, लसिथ मलिंगा ने 19 बार और अमित मिश्रा ने 17 बार ऐसा किया है।

### पंड्या को 'रोहित...रोहित...' के नारे से दर्शकों ने चिढ़ाया

दर्शकों ने सोमवार को वानखेड़े स्टेडियम पर 'रोहित...रोहित' के नारे लगाकर हार्दिक पंड्या को चिढ़ाया। टॉस से पहले जब पंड्या वार्म अप के लिए मैदान का चक्कर लगा रहे थे तो दर्शकों के एक वर्ग ने उनकी हूटिंग की। जब टॉस के समय उनके नाम की घोषणा की गई तो भी इस तेजतर्रार ऑलराउंडर की फिर से हूटिंग की गई जिसके जवाब में पंड्या केवल मुस्कुराए क्योंकि मुंबई के पूर्व कप्तान रोहित के समर्थन में जोर-जोर नारे लग रहे थे। टॉस हारने के बाद जब पंड्या ने बोलना शुरू किया तो भी हूटिंग जारी रही। जब पंड्या चौथे ओवर में टीम के 20 रन पर चार विकेट गंवाने के बाद मैदान पर उतरे तो उन्हें फिर हूटिंग शिकार होना पड़ा। पंड्या ने हालांकि 21 गेंद में जब छह चौकों की मदद से 34 रन की पारी खेली तो दर्शकों ने उनकी हौसलाअफजाई की। हैदराबाद और अहमदाबाद में टीम के पिछले दो मैचों में भी पंड्या की हूटिंग हुई थी।

खास खबर

### चानू ने ओलंपिक में सुनिश्चित की जगह



*फुकेट। टोक्यो ओलंपिक की रजत पदक विजेता भारतीय भारोत्तोलक मीराबाई चानू ने सोमवार को यहां आईडब्लूएफ विश्व कप में महिलाओं के 49 किग्रा भार वर्ग के ग्रुप बी में तीसरे स्थान पर रहकर पेरिस ओलंपिक में अपनी जगह सुनिश्चित की। चोटिल होने के कारण छह महीने बाद वापसी करने वाली मीराबाई ने कुल 184 किग्रा (81 किग्रा और 103 किग्रा) भार उठाया। यह पेरिस ओलंपिक के लिए अंतिम और अनिवार्य क्वालीफायर टूर्नामेंट है। अपनी स्पर्धा पूरी होने के साथ ही मीराबाई ने पेरिस ओलंपिक के लिए तय मानदंड पूरे कर लिए हैं जिनमें दो अनिवार्य टूर्नामेंट और तीन अन्य क्वालीफायर में भाग लेना शामिल हैं। भारत की 2017 विश्व चैंपियन मीराबाई वर्तमान में महिलाओं की 49 किग्रा ओलंपिक क्वालिफिकेशन रैंकिंग (ओक्यूआर) में चीन की जियान हुईहुआ के बाद दूसरे स्थान पर है।*

### हॉकी शिविर के लिए चुनी 60 सदस्यीय टीम

**बेंगलुरु।** गोलकीपर सविता पूनिया और फारवर्ड वंदना कटारिया जैसी अनुभवी खिलाड़ियों सहित 60 खिलाड़ी सोमवार से यहां शुरू हुए सात दिन के मूल्यांकन शिविर में भाग ले रहे हैं। इस शिविर के बाद ट्रायल्स होंगे जिसके आधार पर राष्ट्रीय टीम के लिए 33 संभावित खिलाड़ियों का चयन किया जाएगा। इस मूल्यांकन शिविर का आयोजन भारतीय खेल प्राधिकरण परिसर में किया जा रहा है। भविष्य के कोचिंग शिविर और अंतरराष्ट्रीय दौरों के लिए संभावित खिलाड़ियों की संख्या 33 करने के लिए 6 और 7 अप्रैल को ट्रायल्स का आयोजन किया जाएगा।

### राष्ट्रीय ईस्पोर्ट्स चैंपियनशिप 18 से

**नई दिल्ली।** राष्ट्रीय ईस्पोर्ट्स चैंपियनशिप 18 अप्रैल से शुरू होगी। भारतीय ईस्पोर्ट्स महासंघ ने सोमवार को यहां इसकी घोषणा की। एनईएससी भारत के खिलाड़ियों को डीओटीए 2 (ओपन), ई फुटबॉल (ओपन) और काउंटर-स्ट्राइक 2 में ओपन और महिला श्रेणियों में अपना कौशल प्रदर्शित करने के लिए एक मंच प्रदान करेगा। ऑनलाइन क्वालीफायर 18 अप्रैल से शुरू होंगे जो डबल-एलिमिनेशन प्रारूप में खेले जाएंगे। टूर्नामेंट में पहली बार प्रत्येक गेम और श्रेणी में शीर्ष आठ टीमों के बीच 10 लाख अमेरिकी डॉलर की कुल पुरस्कार राशि बांटी जाएगी।

## 17 अप्रैल को रॉयल्स-केकेआर के मैच का बदल सकता है कार्यक्रम

एजेंसी ▶▶| कोलकाता



कोलकाता नाइट राइडर्स के 17 अप्रैल को राजस्थान रॉयल्स के खिलाफ घरेलू आईपीएल मैच के कार्यक्रम में बदलाव लगभग तय है। स्थानीय पुलिस ने उस दिन रामनवमी समारोह के कारण पर्याप्त सुरक्षा मुहैया कराने में असमर्थता जताई है। बंगाल क्रिकेट संघ ने भारतीय क्रिकेट बोर्ड को यह जानकारी दी है।

सात चरण के आम चुनाव के पहले चरण में 19 अप्रैल को बंगाल में भी मतदान होना है। कोलकाता में मतदान एक जून को होगा। कोलकाता पुलिस ने कैब अध्यक्ष स्नेहाशीष गांगुली को लिखे पत्र में कहा, 'मैच रामनवमी के दिन पड़ रहा है और चुनाव के लिए भी सुरक्षाकर्मियों को तैनात किया गया है। इसलिए 17 अप्रैल को मैच के लिए पर्याप्त सुरक्षा प्रदान करना हमारे लिए संभव नहीं होगा।' कैब ने सुझाव दिया है कि मैच को या तो एक दिन पहले कर दिया जाए या 24 घंटे आगे बढ़ाकर 18 अप्रैल को किया जाए।

### पंकज आडवाणी ने जीता सीसीसी बिलियर्ड खिताब

**मुंबई।** विश्व चैंपियन पंकज आडवाणी ने अपना शानदार प्रदर्शन जारी रखते हुए सोमवार को यहां एकतरफा फाइनल में इंग्लैंड के डेविड कौजियर को 1836-743 से हराकर अखिल भारतीय सीसीआई बिलियर्ड्स क्लासिक खिताब का बचाव किया। सीसीआई के विल्सन जोन्स बिलियर्ड्स हॉल में खेले गए चार घंटे के फाइनल मुकाबले में शानदार लय में चल रहे आडवाणी ने 10 बार के पूर्व विश्व चैंपियन कौजियर के खिलाफ 801 और 460 के दो बड़े ब्रेक बनाए। मुकाबले के शुरुआती दो घंटे के सत्र के बाद आडवाणी के पास 593-570 की मामूली बढ़त थी। वह इस समय 204 के ब्रेक पर थे जिसे उन्होंने 460 में बदल कर अपनी बढ़त मजबूत की और फिर प्रतिद्वंद्वी खिलाड़ी को वापसी का मौका नहीं दिया। आडवाणी को विजेता ट्रॉफी के साथ पुरस्कार के तौर पर ढाई लाख रुपए मिले जबकि कौजियर को 1.25 लाख रुपए का ईनाम मिला।

### अस्थाना बनीं राष्ट्रीय इवेंटिंग चैंपियन



**नई दिल्ली।** स्थवी अस्थाना ने घुड़सवारी राष्ट्रीय इवेंटिंग चैंपियनशिप में सोमवार को यहां व्यक्तिगत वर्ग में शीर्ष स्थान हासिल किया। स्थवी का यह दो चरण वाले राष्ट्रीय चैंपियनशिप में दूसरा पोडियम (शीर्ष तीन रहना) स्थान है। वह इसके शुरुआती चरण में तीसरे स्थान पर रही थी। स्थवी को 'जंप' और 'शो जंपिंग' वर्ग में चार-चार पेनल्टी अंक मिले जबकि ड्रेसेज और क्रास कंट्री में उन्होंने कोई अंक नहीं गंवाया। वह कुल 36.9 अंक के साथ विजेता बनी।

अभी तक प्रदर्शन में निरंतरता रखने में नाकाम रही रॉयल चैलेंजर्स

# लखनऊ के खिलाफ आरसीबी का मुकाबला आज

एजेंसी ▶▶| बेंगलुरु

अभी तक अपने प्रदर्शन में निरंतरता रखने में नाकाम रही है रॉयल चैलेंजर्स बेंगलोर की टीम। लखनऊ सुपर जॉइंट्स के खिलाफ मंगलवार को यहां होने वाले इंडियन प्रीमियर लीग के मैच में बेहतर खेल दिखाकर अपना अभियान पटरी पर लाने की कोशिश करेगी। आरसीबी की टीम अभी तीन मैच में दो अंक लेकर अंक तालिका में आठवें स्थान पर है।

पिछले मैच में कोलकाता नाइट राइडर्स के हाथों करारी हार के कारण उसका नेट रन रेट भी गड़बड़ा गया है। फाफ डु प्लेसी की अगुवाई वाली आरसीबी की टीम को कम करके नहीं आंका जा सकता है लेकिन उसके खिलाड़ियों को अपने प्रदर्शन में निरंतरता लानी होगी। उसके पास कई स्टार बल्लेबाज हैं लेकिन विराट कोहली को छोड़कर कोई भी अन्य नहीं चल पा रहा है। आरसीबी को अगर अपना अभियान पटरी पर लाना है तो कोहली के अलावा डु प्लेसी, ग्लेन मैक्सवेल, रजत पाटीदार और कैमरन ग्रीन को भी अच्छा प्रदर्शन करना होगा। शीर्ष और मध्यक्रम के इन बल्लेबाजों की असफलता के कारण आरसीबी को अभी तक निचले मध्यक्रम के बल्लेबाजों दिनेश कार्तिक, अनुज रावत और महिपाल लोमरोर पर निर्भर रहना पड़ा है। पाटीदार की खराब फॉर्म जारी है और आरसीबी उनको विश्राम देकर सुयस प्रभुदेसाई जैसे खिलाड़ियों को मौका दे सकता है।



### राहुल की फिटनेस पर नजर

लखनऊ की अपने कप्तान केएल राहुल की फिटनेस को लेकर चिंता बनी हुई है जिनका उपयोग अभी वह इंपैक्ट सब्सीट्यूट के रूप में कर रहा है। उनकी अनुपस्थिति में निकोलस पूरन कप्तानी का जिम्मा संभाल रहे हैं। यह देखना होगा कि लखनऊ राहुल का उपयोग इंपैक्ट खिलाड़ी के रूप में ही करता है या फिर वह कप्तान, विकेटकीपर और बल्लेबाज की तीनों भूमिकाओं में वापसी करेंगे। यह लखनऊ ही नहीं बल्कि भारतीय क्रिकेट के लिए भी अच्छी खबर है कि तेज गेंदबाज मयंक यादव 150 किमी की रफ्तार से गेंदबाजी कर रहे हैं। वह चिन्नास्वामी स्टेडियम में भी अपनी रफ्तार का जादू दिखाने के लिए तैयार होंगे।

## बीसीसीआई ने आईपीएल फ्रेंचाइजी मालिकों की 16 को बुलाई बैठक

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

भारतीय क्रिकेट बोर्ड ने 16 अप्रैल को अहमदाबाद में अनौपचारिक बैठक के लिए 10 आईपीएल टीमों के मालिकों को आमंत्रित किया है जिसमें फ्रेंचाइजी के लिए नीलामी राशि में संभावित बढ़ोतरी और खिलाड़ियों को टीम में बनाए रखने पर चर्चा हो सकती है। यह बैठक नरेंद्र मोदी स्टेडियम में दिल्ली कैपिटल्स और गुजरात टाइटंस के बीच मैच से इतर होगी।

बीसीसीआई के अधिकारी ने कहा, 'आईपीएल टीम मालिकों को अनौपचारिक बैठक के लिए आमंत्रित किया गया है। इस बैठक का कोई निर्धारित एजेंडा नहीं है। आईपीएल अपने दूसरे महीने में होगा, इसलिए यह सभी हितधारकों के लिए एक साथ आने का अच्छा समय होगा।' इस दौरान इस साल के अंत में होने वाली बड़ी नीलामी को लेकर संभावित चर्चा हो सकती है। इसमें खिलाड़ियों को अपनी टीम के साथ जोड़े रखने और नीलामी रकम में संभावित वृद्धि के मुद्दे पर बातचीत हो सकती है। फिलहाल टीमें खिलाड़ियों पर 100 करोड़ रुपये खर्च कर सकती हैं। बैठक में बीसीसीआई सचिव जय शाह, अध्यक्ष रोजर बिन्नी और आईपीएल चेयरमैन शामिल होंगे।



01- APR- COR- MAIN- Pg- 12 RAJDHANI_Layout 1 4/1/2024 10:02 PM Page 1






# वैज्ञानिकों ने खोजा नदी डॉल्फिन का 1.6 करोड़ साल पुराना जीवाश्म

लीमा। वैज्ञानिकों ने पेरू में एक विशाल डॉल्फिन की खोपड़ी का जीवाश्म खोजा है। माना जाता है कि यह प्रजाति 1.6 करोड़ साल पुरानी है। पेरू की अमेजोनियन नदियों में इसने शरण ली थी। इस विलुप्त प्रजाति की लंबाई 3.5 मीटर तक होती, जिससे यह अब तक पाई गई सबसे बड़ी नदी डॉल्फिन बन जाती है। वैज्ञानिकों ने कहा कि यह जीवाश्म अपने आकार और नदी डॉल्फिन दोनों के लिए उल्लेखनीय है क्योंकि इसका उस नदी डॉल्फिन से कोई संबंध नहीं है जो आज स्थानीय इलाके में रहती हैं। साइंस एडवांसेज में इससे जुड़ा एक शोध प्रकाशित हुआ है। शोध के मुख्य लेखक के मुताबिक इस नई प्रजाति का नाम पेबनिस्टा याकुरुना है।



पेरू में मिली एक विशाल डॉल्फिन की खोपड़ी

## प्लैटैनिस्टोइडिया परिवार से संबंध

यह दुनिया भर में नदी डॉल्फिन के लिए बढ़ते खतरों को दिखाती है। इस शोध में कहा गया है कि डॉल्फिन के अगले 20 से 40 वर्षों में इसी तरह विलुप्त होने का खतरा है। लीड लेखक एल्डो बेनिट्स-पालोमिनो ने कहा कि यह डॉल्फिन के प्लैटैनिस्टोइडिया परिवार से संबंधित है। यह 2.4 करोड़ से 1.6 करोड़ साल पहले महासागरों में पाई जाती थीं।



यह प्रजाति 1.6 करोड़ साल पुरानी

## घूमते हुए मिला डॉल्फिन का जीवाश्म


एल्डो बेनिट्स-पालोमिनो ने कहा कि अपने एक सहकर्मी के साथ चलते हुए उन्हें जीवाश्म के जबड़े का हिस्सा देखा। उन्होंने कहा, 'मैंने दांतों को जैसे ही देखा तो मैं समझ गया कि यह एक डॉल्फिन है। हमें इस पर विश्वास नहीं हुआ।' उन्होंने कहा, 'हमें बाद में पता चला कि अमेजन नदी की गुलाबी डॉल्फिन से इसका कोई संबंध नहीं।

## भोजन की तलाश में छोड़ा महासागर

शोधकर्ताओं ने कहा, 'माना जाता है कि ऐसी मछलियों ने नए भोजन की तलाश में महासागर छोड़ दिया था। इस प्रजाति की डॉल्फिन ने पेरू की अमेजोनियन नदियों में इसने शरण ली थी। वैज्ञानिकों ने माना कि नदियां एक सुरक्षित पनाह देती हैं।' इस डॉल्फिन का जीवाश्म 2018 में खोजा गया है।

## गंगा की डॉल्फिन से है संबंध

शोधकर्ताओं के मुताबिक हमें एक ऐसा जानवर मिला जिसका सबसे करीबी रिश्तेदार 16900 किमी दूर दक्षिण-पूर्वी एशिया में है। बेनिट्स-पालोमिनो ने कहा इसकी सबसे करीबी रिश्तेदार गंगा और सिंधु नदियों में तैरती हैं। हालांकि आज के समय यह विलुप्त होने के कगार पर पहुंच चुकी हैं।



# ऐसी अजीबोगरीब पहाड़ी, जहां बने हैं 900 से भी ज्यादा रहस्यमयी मंदिर

भारत दुनिया का इकलौता ऐसा देश है, जो अपनी अनोखी विविधताओं से हर किसी को हैरान कर देता है। कहीं किसी इमारत के बनने की अजब-गजब कहानी सुनाई दे जाती है, तो कोई जगह अपने इतिहास को लेकर दुविधा में डाल देती है। क्या आप जानते थे भारत में एक ऐसी पहाड़ी भी है, जिस पर एक-दो नहीं बल्कि 900 मंदिर बने हुए हैं। ये सभी मंदिर भव्य तो हैं ही साथ ही साथ बेहतरीन नक्काशियों से भरे हुए हैं। संगमरमर से बने 900 मंदिरों का निर्माण 11वीं सदी में किया गया था।


## गुजरात का शत्रुंजय पर्वत आस्था का केंद्र

यह पर्वत गुजरात के भावनगर जिले के पालीताना इलाके में स्थित है। जितना खूबसूरत ये स्थान है, उतना ही बढ़िया यहां का नाम है। 'शत्रुंजय पर्वत' से प्रसिद्ध इस जगह का नाम यहां से गुजरने वाली शत्रुंजय नदी की वजह से रखा गया है। भावनगर से इस पर्वत की दूरी करीबन 50 किमी है। आज के समय में ये पर्वत हजारों-लाखों श्रद्धालुओं की आस्था का एक बड़ा केंद्र बन चुका है। बता दें, हर साल यहां काफी बड़ी संख्या में श्रद्धालु आते हैं।



## मंदिरों तक पहुंचने चढ़नी पड़ती हैं 3000 सीढ़ियों

माना जाता है कि इस पर्वत पर जैन तीर्थंकर भगवान ऋषभदेव ने ध्यान किया था। साथ ही अपना पहला उपदेश भी उन्होंने इसी जगह पर दिया था। हजारों रोचक बातों के बीच दिलचस्प चीज यहां के 900 मंदिर हैं, जो पर्वत पर बने हुए हैं। यहां तक पहुंचने के लिए करीबन 3000 सीढ़ियां चढ़नी पड़ती हैं। कहते हैं, जैनियों के 24 में से 23 तीर्थंकर इस पर्वत पर ध्यान लगाने आए थे।



## कैसे पहुंचे पालीताना

**सड़क द्वारा:** पलिताना भावनगर से 51 किमी/2 घंटे की दूरी पर स्थित है। राजकोट से 4 घंटे, अहमदाबाद (5 घंटे) और वडोदरा (6 घंटे) से दूर है।
**ट्रेन से:** पलिताना भावनगर रेलवे स्टेशन से 51 किमी/2 घंटे की दूरी पर स्थित है। यहां से आप फिर पर्वत के लिए टैक्सी ले सकते हैं।
**हवाईजहाज से:** पलिताना भावनगर हवाई अड्डे से 51 किमी/2 घंटे की दूरी पर स्थित है। यहां से भी आपको मंदिर के लिए टैक्सी मिल जाएगी।

## सुबह सोने की तरह चमक उठते हैं मंदिर

संगमरमर से बने 900 मंदिरों का निर्माण 11वीं सदी में किया गया था। जानकारी के अनुसार, मंदिरों की नक्काशियां इतनी खूबसूरत हैं कि देखने वाला मोहित हो उठता है। वहीं, सुबह का नजारा तो और भी ज्यादा हसीन है। जब सूर्य की किरणें यहां पड़ती हैं, तब मंदिर सोने की तरह चमक उठते हैं। वहीं रात में चंद्रमा की रोशनी इन्हें मोतियों की तरह दिखा देती हैं।

## मुस्लिम धर्म के लोगों के लिए भी है ये जगह खास

इसकी मान्यता इतनी है, लोग कार्तिक पूर्णिमा के दिन पर्वत पर हजारों की संख्या में इकट्ठा होते हैं। बता दें, मंदिर परिसर में मुस्लिम संत अंगार पीर की मजार भी बनी हुई है। ऐसा कहते हैं, इन्होंने मुगलों से शंत्रुजय पहाड़ी की रक्षा की थी। इसलिए संत अंगार पीर को मानने वाले मुस्लिम भी इस पर्वत पर आते हैं और मजार पर मत्था टेककर जाते हैं।

# दुनिया का सबसे महंगा फल कीमत जानकर उड़ जाएंगे होश

गर्मियों में फलों का सेवन करना बहुत फायदेमंद माना जाता है लेकिन आज हम आपको ऐसे फल के बारे में बताने वाले है जिसकी कीमत सुनकर आपके होश उड़ जाएंगे। फल की कीमत इतनी उंची है कि आप उसकी जगह एक बड़ी गाड़ी खरीद सकते हैं। हाँ, हम बात कर रहे हैं दुनिया के सबसे महंगे फल युबारी खरबूजे की। दरअसल युबारी खरबूजे के सेवन से भी कई फायदे होते हैं। इसका सेवन वजन कम करने में मदद कर सकता है और इसमें विटामिन सी, बीटा-कैरोटीन, और पोटेशियम जैसे पोषक तत्व पाए जाते हैं।



## जापान में पैदा होता है युबारी खरबूजा

दरअसल युबारी खरबूजा जापान के होक्काइडो द्वीप पर पैदा होता है और इसकी खासियत यह है कि यह सामान्य खरबूजों से बहुत मीठा होता है। इसका नाम युबारी में एक ग्रीनहाउस के नाम पर रखा गया था। हालांकि भारत में इसकी पैदावार अभी नहीं होती है लेकिन यह एक ऐसा फल है जिसकी कीमत सुनकर अब ज्यादातर लोग इसके बारे में जानना चाहते हैं।


## दो खरबूजों की कीमत 18 से 20 लाख रुपए

जानकारी के अनुसार इस खास फल की कीमत भी बेहद उच्च होती है। साल 2008 में दो युबारी खरबूजे 30,000 डॉलर के बेचे गए थे। लेकिन वर्तमान में इसकी कीमत लगभग 18 से 20 लाख रुपए है। इससे यह दुनिया का सबसे महंगा फल बन जाता है। दरअसल युबारी खरबूजे के सेवन से भी कई फायदे होते हैं। इसका सेवन वजन कम करने में मदद कर सकता है और इसमें विटामिन सी, बीटा-कैरोटीन, और पोटेशियम जैसे पोषक तत्व पाए जाते हैं।




## जापानी से अंग्रेज़ी भाषा में अनुवाद

# दुनिया की सबसे पुरानी उपन्यास में लिखी है जापानी राजकुमार जेनजी की कहानी




**नई दिल्ली।** कई लोगों को बुक्स पढ़ने या उपन्यास पढ़ने का शौक होता है। वहीं कुछ उपन्यास उन्हें बहुत पसंद आते है। दरअसल कई लोग उपन्यास के बारे में कई बहुत सी बातें जानना चाहते है। आज हम आपको जानकारी दे रहे हैं कि दुनिया का पहला उपन्यास कौन सा था और इसे किसने लिखा था? वहीं इसके साथ इसे क्यों लिखा गया था और इसमें आखिर लिखा क्या है। हालांकि लोगों को अब अपने पसंदीदा उपन्यास पढ़ने के लिए कई तरीके उपलब्ध हो गए हैं। वे अब इसे लाइब्रेरी में जाकर पढ़ सकते हैं या अब तो इसे ऑनलाइन पर आर्डर भी कर सकते हैं।

## 'द टेल ऑफ़ जेनजी' सबसे पुराना उपन्यास

दरअसल आपको बता दें कि दुनिया का सबसे पुराना व पहला उपन्यास, 'द टेल ऑफ़ जेनजी' उपन्यास है। 'द टेल ऑफ़ जेनजी' को अंग्रेजी में द टेल ऑफ़ जेनगी कहा जाता है। यह दुनिया का पहला उपन्यास भी माना जाता है। जानकारी के अनुसार इसे जापान के एक महिला लेखिका मुरासाकी शिकिबू द्वारा लिखा गया था जो सन 1000 और 1012 के बीच में लिखा गया था।







हरिभूमि कम्यूनिकेशन्स प्राईवेट लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक प्रियंक सिंह परिहार द्वारा हरिभूमि पब्लिकेशन्स, रिंग रोड नं. 2, गौरवपथ, बिलासपुर (छत्तीसगढ़)-495001 से मुद्रित एवं हरिभूमि कार्यालय, रिंग रोड नं. 2, गौरव पथ, बिलासपुर (छत्तीसगढ़)-495001 से प्रकाशित। प्रधान संपादक : डॉ. हिमांशु द्विवेदी, स्थानीय संपादक: प्रवीण शुक्ला। RNI No. CHHHIN/2001/03764, फोन : 07752-401050, फैक्स : 07752-401052. e-mail : bilaspur@haribhoomi.com